सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 19 अक्टूबर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 101, पेज 12, 3.50 रुपये


www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## 10 कंपनियों की पूंजी 3.65 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3.65 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 12

## शाह ने ग्वालियर मंदिर हादसे पर दुख जताया, घायलों से मिले

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को ग्वालियर जिले में शीतला माता मंदिर के पास हुए हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि घायलों को हरसंभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। } 12



**नवम-सिद्धिदात्री**




सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमसुरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।
नवरात्र के नौवें दिन दुगार्जी के नौवें स्वरूप मां सिद्धदात्री की पूजा और अर्चना का विधान है। जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट हो रहा है कि सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली देवी हैं मां सिद्धदात्री। ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इनके चार हाथ हैं और ये कमल पुष्प पर विराजमान हैं। वैसे इनका वाहन भी सिंह ही है। इनके दाहिनी ओर के नीचे वाले हाथ में चक्र है और ऊपर वाले हाथ में गदा है। बाईं ओर के नीचे वाले हाथ में कमल का फूल है और ऊपर वाले हाथ में शंख है।, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं।

## टाइगर श्रॉफ पर जुहू में अंधाधुंध फायरिंग

### बाल-बाल बचे, बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर गोलीबारी हुई है। हालांकि, अभिनेता सुरक्षित हैं। उन्हें चोट नहीं लगी है। मुंबई पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें तैनात की गई हैं। हमलावरों की पहचान करने और उनके फरार होने का रास्ता पता लगाने के लिए अधिकारियों ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मुंबई पुलिस के मुताबिक, टाइगर श्रॉफ सुरक्षित हैं और गोलीबारी के पीछे का सटीक मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है।

डीसीपी मोहित गर्ग ने कहा, 'यह घटना उस समय हुई, जब टाइगर श्रॉफ अपनी कार से लौट रहे थे। उन्हें कोई गोली नहीं लगी है। वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुंबई पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने शुरूआती जांच शुरू कर दी है। फिलहाल करीब 15 टीमें इस मामले पर काम कर रही हैं। जैसे-जैसे और जानकारी सामने




आएगी, उसे साझा किया जाएगा। जैसा कि मैंने बताया, फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। इस समय कितनी राउंड गोलियां चलाई गईं, इस बारे में विशेष जानकारी देना उचित नहीं होगा'। टाइगर श्रॉफ के पिता और एक्टर जैकी श्रॉफ की टीम ने कन्फर्म किया कि शूटिंग की घटना के बाद टाइगर श्रॉफ ठीक हैं और सुरक्षित हैं। रविवार को मुंबई के जुहू इलाके में टाइगर श्रॉफ के साथ हुई शूटिंग की घटना की खबरों के बाद जैकी श्रॉफ की टीम एक्टर का हालचाल जानने पहुंची। पूछताछ के जवाब में जैकी की टीम ने भरोसा ...शेष पृष्ठ 10 पर




**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

*आप सभी को शक्ति से सृजन के महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमी की हृदय से बधाई एवं विजयादशमी की अनंत शुभकामनाएं। मां दुर्गा का प्रबल पराक्रम और प्रभु श्रीराम का धर्मनिष्ठ जीवन हमें अन्याय के प्रतिकार, नारी-सम्मान तथा कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है। **अन्यायी एवं अधर्मी चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। विजयादशमी इसी शाश्वत सत्य का प्रतीक है।***

*सनातन संस्कृति विजय के उल्लास में विनम्रता और ज्ञान के प्रति सम्मान का भाव भी सिखाती है। लंका विजय के पश्चात प्रभु श्रीराम ने अपने अनुज लक्ष्मण जी को मृत्यु शय्या पर पड़े रावण से ज्ञान प्राप्त करने के लिए भेजा। **प्रभु श्रीराम ने स्वर्णमयी लंका के वैभव के बजाय जन्मभूमि अयोध्या को वरीयता दी और लंका का राजपाट उसके उत्तराधिकारी को सौंपा। उनके श्रीमुख से निकले शब्द, "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी", मां और मातृभूमि के प्रति प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं।***

*विजयादशमी के व्यापक संदेश में आत्मसंयम, समता, शौर्य और कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्य हमारी विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में अलग-अलग रूपों में अभिव्यक्त होते हैं। **प्रभु श्रीराम का जीवन समरसता और सामाजिक एकात्मता का प्रतीक है।** रामलीला का मंचन हो या इसे देखने के लिए आने वाले दर्शक, सब बिना किसी भेदभाव के उत्साह के साथ इन उत्सवों में हिस्सा लेते हैं। प्रभु श्रीराम कथा के आदर्श भारतवर्ष तक ही सीमित नहीं हैं, अपितु विश्व के अनेक देशों की सांस्कृतिक परंपराओं में घुलमिल गए हैं। इन आदर्शों की सार्थकता तभी है, जब वे हमारे आचरण और शासन-व्यवस्था में भी प्रतिबिंबित हों।*

***मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों के अनुरूप हमारी सरकार ने प्रदेश में कानून के शासन और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। माफिया और संगठित अपराध के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर भयमुक्त वातावरण बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए हैं।** माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए हैं। मुझे संतोष है कि इसी क्रम में **प्रयागराज के कसारी-मसारी में माफिया के कब्जे से मुक्त भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनेंगे। यह क्षेत्र 'श्रीकृष्णपुरी' के रूप में विकसित होगा।** अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति ने कानून के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने और निवेश, उद्योग एवं विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में योगदान दिया है।*

*सुरक्षित एवं समरस समाज के निर्माण के लिए शासन के प्रयासों के साथ जनभागीदारी भी आवश्यक है। **मेरा आपसे विशेष आग्रह है कि इस विजयादशमी पर अहंकार, अन्याय, भेदभाव और नकारात्मकता रूपी रावण के दहन के साथ नशे की लत, पारिवारिक कलह, जातीय भेदभाव और दहेज-प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति का संकल्प भी लें।** यदि हमारे आसपास कोई व्यक्ति किसी व्यसन से पीड़ित है, तो उसे तिरस्कार नहीं, सहयोग और संवेदना देते हुए स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें। सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी से ही स्वस्थ परिवार, सशक्त समाज और समृद्ध उत्तर प्रदेश का स्वप्न साकार होगा।*

आपका
योगी आदित्यनाथ



शक्ति से सृजन

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

## दुर्गा पंडालों की कड़ी हो सुरक्षा व्यवस्था: योगी

### बंगाल में दुर्गापूजा में हुई जनहानि पर शोक जताया



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में लगाए गए दुर्गा पंडालों और आमजन की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। बस्ती दौरे पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री ने शासन व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक सुझाव भी दिए।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल में दुगापूर्जा में हुई जनहानि पर शोक जताते हुए शासन, प्रशासन, पुलिस व ऊर्जा विभाग आदि के अधिकारियों को समुचित सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दुर्गा पंडालों में सुरक्षा के संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी, आईजी, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान को निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं पंडालों में अग्नि सुरक्षा की अवश्य जांच कराएं। डीएम, कप्तान पंडालों का निरीक्षण कर एंट्री व एग्जिट पॉइंट की जांच भी सुनिश्चित करें। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में इमरजेंसी एग्जिट के लिए पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप ...शेष पृष्ठ 10 पर

## महानिशा पूजन कर योगी ने की जगत कल्याण की प्रार्थना

विशेष संवाददाता

गोरखपुर। शारदीय नवरात्र की पावन महाष्टमी तिथि पर रविवार रात गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरक्षपीठ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से महानिशा पूजन व हवन किया। महानिशा पूजन अनुष्ठान से पूर्व उन्होंने जगतजननी मां आदिशक्ति के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की आराधना की। दो घंटे से अधिक समय तक चले अनुष्ठान में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। रविवार को गोरखपुर आगमन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे गोरखनाथ मंदिर पहुंचे।

परंपरा का निर्वहन करते हुए उन्होंने सबसे पहले शिवावतार बाबा गोरखनाथ के मुख्य मंदिर में जाकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। इसके बाद उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाकर उनका आशीर्वाद लिया। देर शाम से रात तक वह महानिशा पूजा में लीन रहे। गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में महानिशा पूजा का अनुष्ठान गोरक्षपीठाधीश्वर के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। उनके गर्भगृह में प्रवेश करते ही शक्तिपीठ वैदिक मंत्रोच्चार और मां भगवती के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। दो घंटे से अधिक चले अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने गौरी गणेश पूजन, वरुण पूजन, पीठ पूजन, यंत्र पूजन, मां दुर्गा का विधिवत पूजन, भगवान राम-माता सीता-लक्ष्मण जी का षोडशोपचार पूजन, भगवान कृष्ण एवं गोमाता का पूजन, नवग्रह पूजन, विल्व पूजन, अधिष्ठात्री देवता पूजन, शस्त्र पूजन, द्वादश ज्योर्तिलिंग-अर्धनारीश्वर एवं शिव-शक्ति पूजन, बटुक भैरव, काल भैरव तथा त्रिशूल पर्वत पूजन किया। साथ ही हवन की वेदी पर ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और अग्नि देवता का आह्वान कर पूजन किया और शक्तिपीठ में स्थापित वेदी पर उगे जौ के पौधों को काटकर आदिशक्ति मां दुर्गा से समस्त नागरिकों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। गोरक्षपीठाधीश्वर ने हवन के साथ महानिशा पूजा का अनुष्ठान पूर्ण किया। सम्पूर्ण अनुष्ठान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सुरक्षा व समृद्धि से आलोकित हो रही है नारीशक्ति : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मां महागौरी के स्वरूप की पूजा की। उन्होंने मां महागौरी को शांति, पवित्रता और करुणा की प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि मां महागौरी की आराधना हमें स्मरण कराती है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब हर मां स्वस्थ और सुरक्षित हो, हर बेटी को पोषण एवं बेहतर भविष्य मिले तथा प्रत्येक नारी सम्मान के साथ आत्मनिर्भर होकर जीवन यापन कर सके। अब सुरक्षा, सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि से नारीशक्ति का जीवन आलोकित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने नारीशक्ति को प्रदेश की प्रगति का सक्रिय भागीदार बनाते हुए सुरक्षा, सम्मान, पोषण, शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के अवसरों का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले सरकार की नाकामी पर भी प्रहार किया। कहा कि उस समय जहां प्रदेश में बच्चों के पोषण से जुड़ी व्यवस्था माफिया के शिकंजे में दम तोड़ रही थी, वहीं प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद हमने टेक होम राशन के उत्पादन और वितरण की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपकर व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ग्वालियर ट्रक हादसे में 15 मरे, नौ पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

एजेंसी

ग्वालियर/भोपाल। मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में शनिवार देर रात नवरात्र की पूजा के लिए मंदिर के बाहर एकत्र हुए श्रद्धालुओं की भीड़ को तेज रफ्तार एक ट्रक ने कुचल दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई और 25 से अधिक अन्य शर हो गए।

पुलिस के अनुसार, धान से लदा ट्रक शनिवार देरा रात करीब डेढ़ बजे चिनौर रोड पर प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया और मंदिर में दर्शन के इंतजार में खड़े श्रद्धालुओं और सड़क किनारे स्थित दुकानों को टक्कर मारने के बाद शीतला माता मंदिर के प्रवेश द्वार से जा टकराया। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि मंदिर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया और कई लोग मलबे में दब गए। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने



बताया कि ट्रक के ब्रेक फेल होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने के प्रयास में वाहन को बाईं ओर मोड़ दिया लेकिन अगर ट्रक सीधे आगे बढ़ता तो 600 से 700 श्रद्धालु इसकी चपेट में आ सकते थे। यह हादसा ग्वालियर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित लगभग 125 साल पुराने शीतला माता मंदिर के बाहर हुआ। नवरात्र की पूजा के लिए वहां हजारों श्रद्धालु एकत्र हुए थे। पुलिस के कार्यवाहक महानिरीक्षक असीत यादव ने बताया कि ट्रक की टक्कर से मंदिर की बाईं ओर की दीवार ढह गई। जिलाधिकारी रुचिका चौहान ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में मंदिर की ओर बढ़ते हुए पुलिस के अवरोधकों को तोड़कर आगे निकल गया। उन्होंने बताया कि ट्रक की जांच के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को निर्देश दिए गए हैं और वाहन को रोकने की कोशिश में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायलों के इलाज का ..शेष पृष्ठ 10 पर

## श्रद्धा दुबे मामले में इंस्पेक्टर लाइन हाजिर

लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकाण्ड में आरपियों की गिरफ्तार को लेकर हीलाहवाली को लेकर रविवार को पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह को लाइनहाजिर कर दिया है। सुगबुगाहट है कि वह कुछ ऊंचे पदों पर बैठे विभागीय लोगों सिफारिशपर आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन व अन्य आरोपियों को किसी न किसी बहाने मदद कररहे थे। इधर, श्रद्धा दुबे की लोकेशन बार-बार मिलने के बाद भी पुलिस की टीम जब-जब उसके करीब पहुंचती वह अपना स्थान बदल देती थी, जिसके चलते पुलिस टीम खाली हाथ लौट जाती थी। इस गिरफ्तारी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चम्पावत को आदर्श जनपद बना रही सरकार: धामी

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य केवल निर्माण कार्यों को पूरा करना नहीं, बल्कि आमजन के जीवन को सुविधाजनक बनाना और उन्हें बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी दृष्टिकोण के साथ जनपद में आगामी 25 से 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री चम्पावत में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों से संबंधित सुझाव प्राप्त किए।




इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा भी इस मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत की भौगोलिक परिस्थितियां, प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक पहचान इसे विशिष्ट बनाती हैं। सरकार का प्रयास है कि सड़क, परिवहन, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसी सुविधाओं को मजबूत बनाने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिले तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के नए अवसर विकसित हों। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद में विकास कार्यों को गति ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**
अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- खाद्यपदार्थों में रोडामाइन-बी समेत प्रतिबंधित रंगों के इस्तेमाल पर रोक (पृष्ठ-02)
- ईपीएफ नियमों का पालन नहीं कर रहे एलडीए के ठेकेदार (पृष्ठ-02)
- इमरान खान को प्रदर्शन में शामिल नहीं होना चाहिए था (पृष्ठ-10)
- ममता तृणमूल ने बंगाल के सीएम पर साधा निशाना (पृष्ठ-10)
- राहुल गोवा में कांग्रेस की गोय रखण यात्रा में शामिल हुए (पृष्ठ-10)


**विशेष ख़बर** आईआईटीएम पुणे के सहयोग से आकाशीय बिजली गिरने से पहले सतर्क करने की तैयारी

## यूपी के पांच जिलों में लगेंगे आकाशीय विद्युत चेतावनी सेंसर

आशीष मौर्य

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जनहानि को कम करने के लिए तकनीक आधारित व्यवस्था मजबूत की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे के सहयोग से प्रदेश के 5 जिलों में आकाशीय बिजली का पता लगाने वाले सेंसर स्थापित किए जा रहे हैं।

एटा, मेरठ, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी और सोनभद्र में लग रहे ये सेंसर बिजली गिरने की गतिविधियों का तेजी से पता लगाने और समय रहते चेतावनी जारी करने में मदद करेंगे। इससे लोगों को सतर्क करने और संभावित हादसों से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने का समय मिल सकेगा। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक इस पहल का प्रमुख उद्देश्य आकाशीय बिजली से होने



वाली जनहानि को कम करना और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को अधिक प्रभावी बनाना है। बारिश के मौसम में खेतों में काम करने वाले किसानों, खुले स्थानों पर काम करने वाले मजदूरों, ग्रामीणों और पशुपालकों को आकाशीय बिजली का सबसे अधिक खतरा रहता है। ऐसे में समय पर चेतावनी मिलने से लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच सकते हैं। साथ ही स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों को भी आवश्यक सावधानियां बरतने में मदद मिलेगी। आकाशीय बिजली से बचाव के लिए सोनभद्र जिले में भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। दुद्धी ब्लॉक के 32 गांवों में 1.33 करोड़ रुपये से आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी के लिए लाईटनिंग डिटेक्शन एवं अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जोखिम वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक समय रहते सूचना पहुंचाना है, ताकि वे बिजली गिरने की आशंका के दौरान सुरक्षित रहने के लिए जरूरी कदम उठा सकें। राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक प्रदेश में आपदा प्रबंधन की रणनीति के तहत केवल घटना के बाद राहत पहुंचाने पर ही नहीं, बल्कि संभावित खतरे का पहले पता लगाने और नुकसान रोकने पर भी जोर दिया जा रहा है। बिजली चेतावनी सेंसर जैसी तकनीक मौसम की निगरानी को बेहतर बनाने में सहायक होगी।

## किसानों के बच्चों के लिए कृषि छात्रवृत्ति की सीटें हुईं दोगुनी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों को उच्च कृषि शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना का विस्तार किया है।

योजना के तहत छात्रवृत्ति की निर्धारित सीटें दोगुनी करने के साथ ही आर्थिक सहायता राशि भी बढ़ा दी गई है। अब पात्र विद्यार्थियों को सालाना 36 हजार रुपये के बजाय 60 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की इस योजना में प्रत्येक कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि संस्थान में छात्रवृत्ति की निर्धारित संख्या 45 से बढ़ाकर 90 और प्रत्येक कृषि महाविद्यालय में 15 से बढ़ाकर 30 कर दी गई है। इस तरह कुल निर्धारित सीटें 1,410 से बढ़कर 2,820 हो गई हैं। सरकार के इस कदम से किसान परिवारों के अधिक विद्यार्थियों को कृषि शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद है। पात्र विद्यार्थियों को अब सालाना 60 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। सरकार की इस पहल से आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उच्च शिक्षा में चुनौतियों का सामना करने वाले किसान और खेतिहर मजदूर परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को सहारा मिलेगा। साथ ही कृषि, उद्यान, वानिकी और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित कर प्रदेश में कृषि आधारित ज्ञान, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# खाद्य पदार्थों में रोडामाइन-बी समेत प्रतिबंधित रंगों के इस्तेमाल पर रोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मिठाई, चटनी, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों को आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबंधित रासायनिक रंगों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने खाद्य कारोबारियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेर्शों में स्पष्ट किया गया है कि खाद्य पदार्थों में केवल अनुमन्य रंगों का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा और उनकी मात्रा निर्धारित सीमा के भीतर रखनी होगी।

एफएसडीए ने हलवाई, होटल-रेस्टोरेंट संचालक, बेकरी कारोबारी, ढाबा संचालक और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग ने खाद्य रंगों की खरीद के बिल, इनवॉइस और बैच नंबर सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए हैं। निर्देशों के तहत कॉटन कैंडी यानी बुढ़िया के बाल और बर्फ के गोलों में रोडामाइन-बी जैसे गैर-खाद्य रंगों के इस्तेमाल पर रोक लगाने पर विशेष जोर दिया गया है। चाट, समोसे, मोमोज और रोल के साथ परोसी जाने वाली चटनी में भी गैर-अनुमन्य रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इसके विकल्प के तौर पर



- कॉटन कैंडी, चटनी, मिठाई और तंदूरी व्यंजनों पर विशेष निगरानी
- मात्रा मापने के लिए डिजिटल तराजू जरूरी, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

टमाटर, चुकंदर, धनिया और पुदीना जैसी खाद्य सामग्री के इस्तेमाल की सलाह दी गई है।

चिकन टिक्का, कबाब, चाप और तली हुई मछली जैसे व्यंजनों को रंगने के लिए औद्योगिक डाई या प्रतिबंधित रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इनके स्थान पर कश्मीरी लाल मिर्च और देगी मिर्च जैसी उपयुक्त खाद्य सामग्री का उपयोग किया जा सकता है। खाद्य कारोबारियों को रंगों की मात्रा का अनुमान लगाकर इस्तेमाल करने से बचने को कहा गया है। रंगों को चम्मच या चुटकी से सीधे कड़ाही में डालने के बजाय डिजिटल वेइंग स्केल से मापने के निर्देश दिए गए हैं। यदि रंग की निर्धारित मात्रा को सटीक रूप से मापने की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो उसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। खाद्य रंग केवल अधिकृत स्रोतों से खरीदने होंगे।

कारोबारियों को पैकेजिंग, लेबल और निमार्ता या आपूर्तिकर्ता के विवरण की जांच करनी होगी। बिना लेबल वाले रासायनिक रंगों के इस्तेमाल से बचने तथा खरीद के बिल और बैच नंबर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड प्रस्तुत किया जा सके। रोडामाइन-बी, मेटानिल येलो, बटर येलो, मैलाकाइट ग्रीन, ऑरामाइन और सूडान डाइज जैसे गैर-अनुमन्य रंगों का खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल प्रतिबंधित है। ऐसे रंगों का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। खाद्य पदार्थों में गैर-अनुमन्य रंगों का इस्तेमाल करने या निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा डालने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने खाद्य कारोबारियों से नियमों का पालन करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की अपील की है।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में यूजर चार्ज का रिकॉर्ड नहीं

**लखनऊ।** नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था पर ऑडिट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) के माध्यम से कराए जा रहे कार्यों में यूजर चार्ज की वसूली, कूड़े के वजन और अनुबंध की शर्तों के पालन से संबंधित अभिलेखों में कमियां सामने आई हैं। ऑडिट टीम ने संबंधित अधिकारियों से दस्तावेजों के साथ स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, पैकेज-1 के तहत जोन-1, चार और सात में अगस्त से नवंबर 2025 तक किए गए भुगतानों की जांच में यूजर चार्ज वसूली का पर्याप्त रिकॉर्ड नहीं मिला। कितने आवासीय और व्यावसायिक भवनों से शुल्क लिया गया, जानकारी देने वाला डिमांड-कलेक्शन रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं कराया गया। ऐसे में वसूली के प्रतिशत और कूड़ा कलेक्शन के कवरेज का आकलन किस आधार पर किया गया, यह स्पष्ट नहीं हो सका। अनुबंध की शर्तों के मुताबिक कूड़ा कलेक्शन के दौरान जीपीएस फोटोग्राफ उपलब्ध कराना और घरों से कूड़ा उठाने की निगरानी के लिए टैगिंग करना जरूरी था।

## हरीश द्विवेदी के गांव पहुंचे मुख्यमंत्री, दिवंगत माता को दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बस्ती के सदर तहसील के तेलियाजोत गांव पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी की माता के निधन पर शोक जताया। श्री द्विवेदी की मां यशोदा देवी का विगत दिनों निधन हो गया था। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहीं थीं। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह 11:15 बजे नगर थाना क्षेत्र के कुड़ी गांव में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद वह कार से तेलियाजोत गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्री द्विवेदी के घर पहुंचकर स्मृतिशेष यशोदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि दी। उन्होंने हरीश द्विवेदी व परिवार के सदस्यों से बातचीत की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा, परिवार के लिए यह अत्यंत कठिन समय है। किसी भी संतान के लिए मां का निधन सबसे दुखद क्षण होता है। प्रभु श्रीराम समस्त परिवार को यह दुख सहन करने का संबल प्रदान करें। इस दौरान भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के अध्यक्ष विनोद राय, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, हरैया विधायक अजय सिंह आदि ने भी दिवंगत यशोदा देवी के चित्र पर पुष्पार्चन कर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना प्रदान की।

## जिला जेल में कैदी की तबीयत बिगड़ने से मौत

**लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित जिला जेल लखनऊ में सजायाफ्ता कैदी की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण बलरामपुर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

जेल से प्राप्त सूचना के अनुसार सजायाफ्ता कैदी बसंत कुमार गुप्ता (57) मोहल्ला खटीकान अकबरपुर का रहने वाला था। 13 अगस्त 2022 को लखनऊ की हसनगंज पुलिस ने हत्या के आरोप में उसे जेल भेजा गया था। 24 जुलाई 2025 को हत्या के आरोप में सजा हो गई थी। शनिवार की शाम आचानक तबियत खराब होने के बाद जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार सुबह तक सुधार न होने पर बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां दोपहर के वक्त इलाज के दौरान मौत हो गई। जेल अधिकारियों ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई है।

## डोमिनगढ़ स्टेशन पर महात्मा बुद्ध की प्रतिमा स्थापित



**लखनऊ।** गोरखपुर क्षेत्र के डोमिनगढ़ स्टेशन पर महात्मा बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गई। शांतिमय बुद्ध की प्रतिमा, जिस पर सुंदर फव्वारा और रंगीन रोशनी है, स्टेशन की सुंदरता बढ़ाती है और यात्रियों को शांति, करुणा और दोस्ती का संदेश देती है। यात्रियों ने इस काम की खूब सराहना की है। पूर्वोत्तर रेलवे का डोमिनगढ़ स्टेशन अब पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा चलाया जाता है। स्टेशन के अधीक्षक से लेकर टिकट, उद्घोषणा, सुरक्षा और संचालन तक की सभी जिम्मेदारियाँ महिला रेलकर्मियों ने कुशलता से निभाई हैं। यह उदाहरण दिखाता है कि कैसे पूर्वोत्तर रेलवे में नारी शक्ति और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिला कर्मचारियों के नेतृत्व में स्टेशन साफ, सुरक्षित और सेवा-उन्मुख हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रबंधक ने कहा कि डोमिनगढ़ स्टेशन पर बुद्ध की प्रतिमा और महिला संचालन, दोनों ही पूर्वोत्तर रेलवे की दो प्रमुख प्रतिबद्धताओं विरासत का सम्मान और नारी शक्ति को प्रणाम को दिखाते हैं।

## महर्षि वाल्मीकि प्राकट्योत्सव आध्यात्मिक चेतना का अवसर : पंकज चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के प्राकट्योत्सव पर 26 अक्टूबर को राजधानी में होने वाले समारोह के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया। इस



अवसर पर उन्होंने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के विचारों, ज्ञान और आदर्शों के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से समारोह की तैयारियों में जुटिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण के माध्यम से मर्यादा, धर्म, कर्तव्य, करुणा और आदर्श जीवन के शाश्वत संदेशों को समाज तक पहुंचाया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. राहुल कुमार वाल्मीकि, मुख्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला, मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह एवं प्रदेश मीडिया सह संयोजक हिमांशु दुबे उपस्थित रहे।

## हरि श्चंद्र वर्मा का जीवन सामाजिक सरोकारों के प्रति रहा समर्पित: श्रवण कुमार

**लखनऊ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता - सह- उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी



श्रवण कुमार ने वाराणसी के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राम रायपुर ग्राम निवासी हरिश्चंद्र वर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्रवण कुमार ने कहा कि हरिश्चंद्र वर्मा का जीवन सामाजिक सरोकारों, जनसेवा और वैचारिक प्रतिबद्धता के प्रति समर्पित रहा। वर्ष 1990 में युवा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होना उनके सामाजिक योगदान और सक्रियता का परिचायक है। वे अमर शहीद जगदेव बाबू एवं रामस्वरूप वर्मा जी की विचारधारा से काफी प्रभावित थे और उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। हरिश्चंद्र वर्मा के निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

## लापता युवक का मिला शव

**लखनऊ।** नगराम इलाके से गुजरी इंदिरा नहर में अचली खेड़ा बैराज के पास रविवार के दिन बीबीडी थाना क्षेत्र से दो दिन से लापता 20 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस द्वारा शव नहर के पानी से बाहर निकलवाकर पहचान कराई गई तो युवक की पहचान बी बी डी क्षेत्र निवासी अनुराग यादव के रूप में हुई। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है आगे की कार्यवाही थाना बी बी डी द्वारा की जाएगी।

## 'विंध्य त्रिकोण' से यूपी में शक्तिपीठ पर्यटन को मिल रही रफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/मीरजापुर।** विंध्याचल में धार्मिक पर्यटन का दायरा मां विंध्यवासिनी मंदिर से आगे बढ़कर संपूर्ण 'विंध्य त्रिकोण' तक विस्तारित हो रहा है। मां विंध्यवासिनी, मां काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिरों में वर्ष 2025 के दौरान कुल करीब 1.84 करोड़ दर्शनार्थी पहुंचे। वर्ष 2023 में यह संख्या लगभग 1.15 करोड़ थी। इस तरह दो वर्षों में तीनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सदियों पुरानी विंध्य त्रिकोण परिक्रमा अब धार्मिक पर्यटन की नई पहचान बन रही है। योगी सरकार भी शक्तिपीठ सर्किट विकसित कर इस आस्था पथ को विस्तार देने की दिशा में काम कर रही है।

विंध्य त्रिकोण अंतर्गत मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शनार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2023 में जहां करीब 73 लाख श्रद्धालु मां के दरबार पहुंचे थे, वहीं 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 78.15 लाख और साल 2025 में करीब 1.20 करोड़ तक पहुंच गया। यानी दो साल में श्रद्धालुओं की संख्या में करीब 64 फीसदी का उछाल आया। आस्था का यह सिलसिला 2026 में भी तेजी से बढ़ रहा है। जनवरी से अगस्त तक ही करीब 90 लाख श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी के दर्शन कर चुके थे। यह संख्या पिछले पूरे साल के कुल दर्शनार्थियों की करीब 75 फीसदी है। खास बात यह है कि यह आंकड़ा शारदीय नवरात्र के पहले का है।

- 2025 में 1.84 करोड़ दर्शनार्थी पहुंचे, दो वर्षों में करीब 60 प्रतिशत की वृद्धि
- विंध्याचल बनेगा यूपी के शक्तिपीठ सर्किट का प्रमुख केंद्र

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आमद बढ़ने के साथ धाम में दर्शनार्थियों की संख्या नया रिकॉर्ड बना सकती है। मां विंध्यवासिनी धाम के साथ मां काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ी है। विंध्याचल में धार्मिक पर्यटन के विस्तार का असर भी दिख रहा है। वर्ष 2023 में मां काली खोह और मां अष्टभुजा मंदिरों में कुल करीब 42.36 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 64 लाख हो गया। यानी दो साल में श्रद्धालुओं की संख्या में 51 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।

आंकड़े बताते हैं कि विंध्याचल आने वाले श्रद्धालु अब मां विंध्यवासिनी के दर्शन के साथ मां काली खोह और मां अष्टभुजा के दरबार में भी हाजिरी लगा रहे हैं। इससे विंध्य त्रिकोण की परिक्रमा धार्मिक पर्यटन के रूप में उभर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विंध्याचल धाम को संपूर्ण शक्ति पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। विंध्याचल प्रदेश के विस्तारित शक्तिपीठ सर्किट का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे देश-विदेश के श्रद्धालुओं को शक्ति उपासना परंपरा से जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।' सुविधाओं और धार्मिक स्थलों के कायाकल्प पर 208.09 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सरकार का जोर पूरे विंध्य त्रिकोण को सुविधायुक्त धार्मिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने पर है।

## ज्ञान-संस्कार व समावेशन से विद्यालयों का संवारेगा भविष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विद्यालयी शिक्षा को ज्ञान, संस्कार, सहभागिता और समावेशन के व्यापक आयामों से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। सरकार की मंशा विद्यालयों को ऐसा सशक्त शिक्षण परिवेश बनाने की है, जहां प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढ़ने के अवसर मिलें और उसकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग उपलब्ध हो। इसी दृष्टि से विद्यांजलि, नशामुक्त विद्यालय और प्रशस्त 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा और इनके प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने के लिए 22 अक्टूबर को लखनऊ में राज्यस्तरीय अभिमुखीकरण एवं समीक्षा कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यालयों के विकास में जनसहभागिता, नशामुक्त वातावरण के प्रति जागरूकता और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। कार्यशाला के माध्यम से विभागीय समन्वय मजबूत करने और राज्य एवं जनपद स्तर पर आवश्यक सहयोग के बिंदुओं को स्पष्ट करने पर जोर रहेगा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा मोनिका रानी की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

## सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जे की शिकायत, एलडीए ने शुरू की जांच

- खसरा नंबर बदलकर प्लॉटिंग और भूखंड बेचने का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के पूरन नगर जोधा खेड़ा में सरकारी तालाब की जमीन पर कथित कब्जे और खसरा नंबर बदलकर प्लॉटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी की शिकायत पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने जांच शुरू कर दी है। प्राधिकरण के जोन-2 के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायत के अनुसार, पूरन नगर जोधा खेड़ा में खसरा संख्या-01एस राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इस जमीन पर पिछले करीब 11 वर्षों से अवैध कब्जे की गतिविधियां चल रही हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि तालाब की जमीन को खसरा संख्या-3एस बताकर वहां प्लॉटिंग की जा रही है और भूखंडों की बिक्री भी की जा रही है। प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने इस संबंध में छह अक्टूबर 2026 को प्रशासनिक स्तर पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने मामले की जांच कराकर सरकारी जमीन को कथित कब्जे से मुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन-2 के जोनल अधिकारी (प्रवर्तन) देवांश त्रिवेदी ने मामले की जांच सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार सोलंकी और अवर अभियंता विपिन बिहारी राय को सौंपी है।

दोनों अभियंताओं को तत्काल मौके का निरीक्षण करने और तीन दिन के भीतर विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में तालाब के रूप में दर्ज जमीन की वास्तविक स्थिति, खसरा संख्या से संबंधित अभिलेखों और कथित प्लॉटिंग की पड़ताल की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि जमीन पर कब्जे और भूखंडों की बिक्री के आरोपों में कितनी सच्चाई है। फिलहाल प्राधिकरण की जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

## सरोजनीनगर में 188 सप्ताह से जारी सेवा का संकल्प

- डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल से सरोजनीनगर में जनकल्याण और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर में जनसमस्याओं के समाधान और जनकल्याणकारी गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाते हुए, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आपका विधायक, आपके द्वार अभियान के अंतर्गत लगातार 188वें सप्ताह जनसुनवाई एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। रहीमनगर पड़ियाना के मजरा गोडवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया।

जनसुनवाई के दौरान रोड एवं नाली, विकलांग पेंशन, सोलर/स्ट्रीट लाइट, साइकिल, आर्थिक सहायता, लैपटॉप, बिजली विभाग, हैंडपंप, वृद्धावस्था पेंशन, आवास, ओपन जिम, विधवा पेंशन, बारात घर, बाल सेवा योजना और खाटू श्याम जी के दर्शन हेतु कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें आगे की कार्रवाई हेतु भेज दिया गया।

जनप्रतिनिधित्व सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, जनता के विश्वास को निभाने का संकल्प है। आंखों की रोशनी बनी रहे, जिंदगी की राह आसान हो—इसी उद्देश्य के साथ, स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए श्री साईं ऑप्टिकल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 105 लोगों की आंखों की जांच की गई, जबकि 92 जरूरतमंद लोगों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से चश्मे प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य लोगों को बेहतर दृष्टि उपलब्ध कराने के साथ उनके दैनिक जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाना है।

बच्चों की ऊर्जा को सही दिशा और युवाओं की प्रतिभा को बेहतर मंच देने की पहल भी जारी है। बच्चों और युवाओं में खेल भावना विकसित करने तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 194वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लब के बच्चों को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल की किट प्रदान की गईं। वहीं, बालिकाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए 135वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लब की बच्चियों को कैरम, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल की किट उपलब्ध कराई गईं। खेल सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। इन क्लबों के माध्यम से बच्चों को खेल गतिविधियों में भागीदारी के अवसर उपलब्ध कराने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। मेधावियों के सम्मान और पढ़ाई में आगे बढ़ने वालों को प्रोत्साहन देने के वास्ते।

शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने की पहल के अंतर्गत, मेधावी छात्राओं मांशी, नैन्शी एवं अंकिता तथा छात्र अंकुश को साइकिलें प्रदान की गईं। मांशी के पिता श्री कौशल, नैन्शी के पिता श्री कैलाश, अंकिता के पिता श्री लाला और अंकुश के पिता श्री वीरेंद्र हैं।

## सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जे की शिकायत, एलडीए ने शुरू की जांच

- खसरा नंबर बदलकर प्लॉटिंग और भूखंड बेचने का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के पूरन नगर जोधा खेड़ा में सरकारी तालाब की जमीन पर कथित कब्जे और खसरा नंबर बदलकर प्लॉटिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी की शिकायत पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने जांच शुरू कर दी है। प्राधिकरण के जोन-2 के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकायत के अनुसार, पूरन नगर जोधा खेड़ा में खसरा संख्या-01एस राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इस जमीन पर पिछले करीब 11 वर्षों से अवैध कब्जे की गतिविधियां चल रही हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि तालाब की जमीन को खसरा संख्या-3एस बताकर वहां प्लॉटिंग की जा रही है और भूखंडों की बिक्री भी की जा रही है। प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने इस संबंध में छह अक्टूबर 2026 को प्रशासनिक स्तर पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने मामले की जांच कराकर सरकारी जमीन को कथित कब्जे से मुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन-2 के जोनल अधिकारी (प्रवर्तन) देवांश त्रिवेदी ने मामले की जांच सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार सोलंकी और अवर अभियंता विपिन बिहारी राय को सौंपी है।

दोनों अभियंताओं को तत्काल मौके का निरीक्षण करने और तीन दिन के भीतर विस्तृत जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में तालाब के रूप में दर्ज जमीन की वास्तविक स्थिति, खसरा संख्या से संबंधित अभिलेखों और कथित प्लॉटिंग की पड़ताल की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट होगा कि जमीन पर कब्जे और भूखंडों की बिक्री के आरोपों में कितनी सच्चाई है। फिलहाल प्राधिकरण की जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

## ईपीएफ नियमों का पालन नहीं कर रहे एलडीए के ठेकेदार

- ईपीएफओ ने एलडीए सचिव को भेजा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से जुड़े 542 ठेकेदारों और प्रतिष्ठानों के यहां काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) का लाभ दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की समीक्षा में सामने आया है कि सूची में शामिल अधिकतर ठेकेदार और प्रतिष्ठान ईपीएफ संबंधी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए ईपीएफओ ने एलडीए सचिव को पत्र भेजकर अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए जागरूकता शिविर और संगोष्ठी आयोजित करने को कहा है।

ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ की ओर से नौ अक्टूबर 2026 को भेजे गए पत्र में एलडीए से जुड़े ठेकेदारों के यहां कार्यरत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने पर जोर दिया गया है। ईपीएफओ ने प्राधिकरण से ठेकेदारों और प्रतिष्ठानों की सूची मांगी थी। इसके जवाब में एलडीए ने 542 ठेकेदारों और प्रतिष्ठानों का विवरण उपलब्ध कराया। सूची के विश्लेषण के दौरान अधिकतर के स्तर पर ईपीएफ नियमों के अनुपालन में कमी सामने आई। ईपीएफओ ने एलडीए से संबंधित ठेकेदारों और प्रतिष्ठानों को वैधानिक प्रावधानों की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर और संगोष्ठियां आयोजित करने को कहा है। इसका उद्देश्य नियोक्ताओं को ईपीएफ संबंधी जिम्मेदारियों से अवगत कराना और पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है।

ईपीएफ के दायरे में आने वाले कर्मचारियों को नियमानुसार भविष्य निधि का लाभ मिलने से उन्हें भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा मिल सकती है। खासकर निर्माण और अन्य कार्यों में लगे मजदूरों के लिए यह सुविधा महत्वपूर्ण है। ईपीएफओ के पत्र में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का भी उल्लेख किया गया है। इस पहल का उद्देश्य रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और कार्यबल को औपचारिक रोजगार व्यवस्था से जोड़ने को प्रोत्साहित करना है। अब एलडीए और ईपीएफओ के स्तर पर होने वाली कार्रवाई से यह स्पष्ट होगा कि संबंधित ठेकेदारों के यहां कार्यरत पात्र कर्मचारियों को भविष्य निधि का लाभ दिलाने के लिए अनुपालन किस तरह सुनिश्चित कराया जाता है।

## मध्यांचल में बिजली बिल वसूली की व्यवस्था कमजोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में बिजली बिल वसूली के लिए लागू वर्टिकल सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नई व्यवस्था में बिलिंग और राजस्व वसूली की जिम्मेदारी वाणिज्यिक इकाई को सौंपी गई है, लेकिन बकाया वसूली में अपेक्षित सुधार नहीं दिखने से व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अमौसी जोन में बिजली राहत बिल योजना के तहत वसूली में लापरवाही के आरोप में 25 संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त किए जाने का मामला भी सामने आया है। इनमें आठ लाइनमैन और 17 हेल्पर शामिल थे। निगम प्रबंधन के स्तर पर हुई इस कार्रवाई से वसूली व्यवस्था में निगरानी की कमी उजागर हुई है।

लखनऊ में वर्टिकल सिस्टम 15 नवंबर 2025 से लागू किया गया था। इसके तहत तकनीकी और वाणिज्यिक कार्यों को अलग-अलग किया गया। वाणिज्यिक इकाई को नए कनेक्शन, बिल संशोधन और राजस्व वसूली की जिम्मेदारी दी गई, जबकि तकनीकी इकाई को बिजली आपूर्ति और लाइन संबंधी कार्य सौंपे गए। व्यवस्था लागू करते समय अधिकारियों ने कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाने का दावा किया था।

**बकाया वसूली बनी बड़ी चुनौती :** मध्यांचल निगम के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों में बिजली बिलों की वसूली बड़ी चुनौती बनी हुई है। जनवरी 2026 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एकमुश्त समाधान योजना के दो चरणों में 60 दिनों के दौरान 17,900 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 12,862 उपभोक्ताओं ने पूरा राजस्व जमा किया और कुल 26.21 करोड़ रुपये की वसूली हुई। यह आंकड़ा योजना के तहत दर्ज वसूली का है, संपूर्ण निगम की कुल राजस्व वसूली का नहीं।

**अमौसी जोन में कार्रवाई :** वर्टिकल सिस्टम के तहत बिल वसूली की नियमित समीक्षा, बकायेदारों से संपर्क और फील्ड कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। अमौसी जोन में हुई कार्रवाई के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वसूली के लक्ष्य पूरे करने के लिए व्यवस्था कितनी प्रभावी होती है।

**मासिक वसूली लक्ष्य**

अक्टूबर 2026 में निर्धारित लक्ष्य (करोड़ रुपये में)

वास्तविक वसूली

लक्ष्य के मुकाबले अब तक कितनी वसूली हुई

पिछले वर्ष से तुलना

अक्टूबर 2025 और अक्टूबर 2026 की समान अवधि की वसूली

कुल बकाया

मध्यांचल के 19 जिलों में घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर कुल बकाया

**ये सवाल भी जरूरी हैं**

- वर्टिकल सिस्टम लागू होने के बाद राजस्व वसूली में कितने प्रतिशत सुधार या गिरावट आई?
- किन बिजली वितरण खंडों में वसूली लक्ष्य से पीछे है?
- बिलिंग, बिल संशोधन और बकाया वसूली की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों की जवाबदेही कैसे तय हो रही है।
- वसूली में पिछड़ने पर कितने अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई।

## फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी उतरा, अभी राहत का इंतजार

- घरों और प्लॉटों में जलभराव पानी निकाल रहे 64 पंप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फैजुल्लागंज में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतर रहा है, लेकिन लोगों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। कई घरों और खाली प्लॉटों में अब भी पानी भरा हुआ है। नगर निगम ने जल निकासी के लिए 64 पंप लगाए हैं और अपने संसाधनों के जरिए पानी निकालने का प्रयास कर रहा है। इसके बावजूद कई इलाकों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। रविवार को स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण उन्हें अब तक पर्याप्त राहत नहीं मिल सकी है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव से परेशान लोग राहत के लिए अधि

# शिवा काण्ड में इंस्पेक्टर हजरतगंज लाइन हाजिर, इनाम की राशि बढ़ायी

## श्रद्धा, बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश पर इनाम की राशि हुई 50-50 हजार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में लापरवाही और विभाग की किरकिरी करने वाले हजरतगंज इंस्पेक्टर व जांच अधिकारी विक्रम सिंह को लाइनहाजिर कर दिया गया है। पुलिस ने फरार आरोपी श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी है। इससे पहले आरोपियों पर 25-25 हजार इनाम घोषित था। दानिश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण के लिए अर्जी दाखिल की थी। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

वहीं, 10 दिन से श्रद्धा को पुलिस तलाश कर रही है लेकिन रविवार को मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा कि वह बेकसूर है। उसने शिवा की हत्या नहीं की है। वह खुद चौथी मंजिल की बालकनी से कूदा था। वहीं, डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने इनाम की राशि बढ़ाए जाने की पुष्टि की है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

मामला हजरतगंज क्षेत्र के बालू अड्डा स्थित अवध ग्रीन अपार्टमेंट का है। यहां नौ अक्टूबर की रात चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से अलीगंज के कपूरथला निवासी कारोबारी शिवा शर्मा की मौत हो गई थी। शिवा चिकन कारोबारी होने के साथ ही कैफे का संचालन भी करते थे। घटना के बाद उनकी मौत को लेकर कई सवाल उठे थे।

**पुलिस तलाश करती रही, पहली बार मीडिया के सामने आई:** श्रद्धा दुबे रविवार को पहली बार मीडिया के सामने आई। उसने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। उसने कहा कि शिवा की हत्या नहीं की है। उसने चौथी मंजिल से कूदकर जान दी है। श्रद्धा ने बिल्डिंग में लगे सीसी फुटेज को सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही दूसरों जगहों के भी सीसी फुटेज देखने के लिए कहा। उसने कहा कि सीसी फुटेज सामने आने से सबकुछ साफ हो जाएगा। श्रद्धा ने पुलिस और न्यायपालिका से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी को हत्यारोपी बताकर अपराधी की तरह पेश करना उचित नहीं है। वह शिवा शर्मा को पिछले चार माह से जानती थी। दोनों के बीच करीब ढाई माह दोस्ती रही। शिव पिछले दो माह से उनके घर आने लगा था।

**मां ने श्रद्धा समेत कई लोगों पर दर्ज करायी थी एफआईआर:** शिवा शर्मा की मां रंजना ने मॉडल श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि, चालक दानिश, आदिल और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद से ही नामजद आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

**फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बढ़ाया इनाम :** पुलिस ने श्रद्धा और दानिश पर घोषित इनाम की राशि 25-25 हजार रुपये से बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। दानिश की ओर से अदालत में सरेंडर के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किए जाने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शिवा शर्मा की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर अब सभी की नजरें टिकी हैं।

हिस्ट्शीटर श्रृषभ राय जिलाबदर घोषित : शिवा शर्मा हत्याकाण्ड की मुख्य आरोपी श्रृद्धा दुबे और हिस्ट्शीटर श्रृषभ राय के बीच नजदीकिया किसी से छिपी नहीं हैं। मृतक शिवा शर्मा की मां ने अलीगंज थाने में उइके खिलाफ एक लाख रुपए रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। कहते हैं कि शिवा को श्रृषम राय बार-बार फोन कर धमकी देता था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने हिस्ट्शीटर श्रृषभ राय को छह माह के लिए जिलाबदर घोषित किया है।

## टारगेट ट्रैप हो जाने पर करती थी हलाल, खर्चों का कराती थी भुगतान

**लखनऊ।** कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकाण्ड में नामजद आरोपी श्रृद्धा दुबे हनी ट्रैपर है। इस कार्य में वह अपनी बहन की भी मदद लेती थी। उसने रायबरेली से लखनऊ आकर ऐसा रूप बदला कि लोग दंग रह गए। वो देर रात तैयार होकर पार्टी के लिए निकलती थी और मंहगे कैफे व क्लबों में जाकर रईसजादों से दोस्ती कर उनको ट्रैप में फंसाती और फिर उन्हें हलाल करती थी। यह राज उसकी स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने खोला है। सूत्रोंका कहना है कि वह जल्द ही कोर्ट में सरेंडर कर सकती है। उसका प्रार्थना पत्र दो दिन पहले कोर्ट में पेश किया जा चुका है।

ड्राइवर का कहना है कि मॉडल के रूप में विख्यात श्रृद्धा दुबे स्कॉर्पियो में शीशे नीचे कर राह चलते लड़कों को फंसाती थी। छह-सात दिन में किसी को भी सेट कर लेती थी। टारगेट ट्रैप हो जाने के बाद पेट्रोल से लेकर मेकअप तक के खर्चे उसी से वसूलती थी। श्रृद्धा दुबे की स्कॉर्पियो चलाने वाले ड्राइवर ने बताया है कि श्रद्धा देर रात तैयार होकर पार्टी के लिए निकलती थी। मंहगे कैफे और क्लबों में जाकर रईसजादों से दोस्ती करती थी। ड्राइवर ने बताया कि एक दिन मैडम को ब्यूटी पार्लर जाना था। मैं उनके हजरतगंज वाले फ्लैट पर पहुंचा फिर वहां से उन्हें एक सैलून में ले गया। रात करीब 10:30 ब्यूटी पार्लर से निकलने के बाद उन्हें वापस अपार्टमेंट ले गया। अपार्टमेंट पहुंचकर गाड़ी से उतरी और बोली नीचे रुको, पांच मिनट में आ रही हूं। इसके बाद लौटी तो शादी के बजाय विभूतिखंड में किसान बाजार में कैफे और लॉउंज के पास गई। वहां पर बोली कि गाड़ी धीरे करके म्यूजिक बढ़ा दो। वह चाहती थी कि वहां से गुजरने वालों का इधर गाड़ी के अंदर ध्यान खिंचे। वह गाड़ी का शीशा हल्का नीच करके गाड़ी से बाहर देखती रहती और वहीं गाड़ी रुकवाती, जहां रईस लोग खड़े रहते। वहां पर रोज मुझे लेकर जाने लगी और ऐसा ही करती।

उसके पास देर रात एक आमिर नाम का व्यक्ति आता। इसके बाद रात 2:30 से तीन बजे के बीच मुझे हजरतगंज में छोड़कर वे दोनों चले जाते। ड्राइवर के मुताबिक, श्रद्धा तो ब्यूटी पार्लर किसी के रिफरेंस से गई थी। वहां से निकलते समय पार्लर का ऑनर आया। पार्लर से निकलकर गाड़ी में बैठी। किसी को कॉल करके बोली कि वहां पर एक भी रुपया नहीं लगा। पार्लर का मालिक काफी पैसे वाला है, इसको फंसाते हैं। इसके बाद पार्लर के मालिक की जानकारी जुटाने लगी और सात दिन में श्रद्धा ने सैलून के मालिक को फंसा लिया।

ड्राइवर ने बताया कि एक रात वह हजरतगंज में मोती महल की तरफ ले गई। वहां पर दो ट्रांसजेंडर पहुंचे और गाड़ी में बैठ गए। वो दोनों भी कहीं से पार्टी करके आ रहे थे। इसके बाद तीनों आपस में काफी गंदी भाषा में बातचीत करने लगे। वो लड़कों को फंसाने और पैसे न देने पर मारने की बातचीत कर रही थी।

उसने बताया कि स्कॉर्पियो में जब डीजल कम होने लगता तो उनको जानकारी देता। इस पर श्रद्धा किसी को कॉल करके गाली देती। गंदी भाषा का इस्तेमाल करती और बताती कि टंकी पर खड़ी हूं, अगर फुल नहीं हुई तो अंजाम बुरा होगा। टंकी पर तमाशा बना रहे हो। कुछ ही देर में पैसा आ जाता और गाड़ी की टंकी फुल हो जाती। श्रद्धा दुबे के नाम रजिस्टर्ड गाड़ी (नंबर 0111) बहराइच के रुपईडीहा में नेपाल बार्डर पर एक पार्किंग में खड़ी है। जहां से वो बहन और अन्य के साथ नेपाल में दाखिल हो गयी है।

## आईटीआई में रिक्त सीटों पर वॉक-इन प्रवेश आज

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) प्रवेश सत्र 2026 के अंतर्गत पंचम चरण में प्रवेश की प्रक्रिया गतिमान है। इसके तहत जनपद स्थित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के विभिन्न व्यवसायों (ट्रेड्स) के अंतिम चरण में रिक्त रह गई सीटों पर 'वॉक-इन' माध्यम से सीधे प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रवेश के इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी 19 अक्टूबर को मध्यान्ह 12:00 बजे तक उपस्थित होकर सीधे दाखिला ले सकते हैं। राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने सत्र 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है तथा ऐसे अभ्यर्थी जिनका अब तक किसी भी चरण में प्रवेश नहीं हो सका है, अथवा पूर्व में चयनित होने के बावजूद किसी कारणवश निर्धारित समय में प्रवेश नहीं ले सके थे, वे सभी अभ्यर्थी इस वॉक-इन प्रक्रिया के तहत रिक्त सीटों पर प्रवेश पाने के पात्र हैं।

## संकोच के कारण महिलाएं अपनी समस्याएं छिपाती है : डा. हिमांगी

**लखनऊ।** मीनोपॉज यानी माहवारी बंद होने के बाद महिलाओं में अचानक गर्मी लगना, नींद न आना, मनोदशा बदलना और हड्डियां कमजोर होने जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। ऐसे में लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर डॉक्टर से परामर्श और नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। यह जानकारी डॉ. हिमांगी दुबे ने रविवार को आलमबाग की संयुक्त पहल पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी और सामाजिक संकोच के कारण महिलाएं अपनी समस्याएं छिपाती हैं। संतुलित जीवनशैली, नियमित जांच और विशेषज्ञ की सलाह से बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखा जा सकता है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. गीता खन्ना ने कहा कि माहवारी बंद होने के बाद डॉक्टर की सलाह जरूरी लेनी चाहिए। शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं। जरा सी चूक से सेहत दांव पर लग सकती है। समय पर इलाज से समस्याओं से आसानी से निपटा जा सकता है। शिविर में स्त्री रोग, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी और निःसंतानता पर भी परामर्श दिया गया।

## बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज के लक्षणों की अनदेखी न करें : डा. आके धीमान

**लखनऊ।** जब बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज हो, तो बार-बार पेशाब आने, बहुत प्यास लगने और जल्दी वजन घटने जैसे लक्षण दिखते हैं। समय पर बीमारी की पहचान और इंसुलिन से इलाज करना जरूरी है। यह बात पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान ने रविवार को पीजीआई के टेलीमेडिसिन ऑडिटोरियम में पीडियाट्रिक एंडो क्लीनिक्स में दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में बच्चों और किशोरों की संख्या लगभग 10 करोड़ है, इसलिए बाल चिकित्सा सेवाओं का विस्तार जरूरी है। पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी विभाग में टाइप-1 डायबिटीज वाले बच्चों के लिए एक विशेष क्लिनिक है। वहाँ बच्चों और उनके परिवार को बीमारी से निपटने, इंसुलिन के इस्तेमाल और नियमित देखभाल की बात बताई जाती है। संतुलित दिनचर्या, नियमित ब्लड शुगर जाँच और डॉक्टर की सलाह से इलाज जारी रखना जरूरी है। समय पर जांच और इलाज से जटिलता का खतरा कम किया जा सकता है। हार्मोन से जुड़ी अन्य समस्याओं में लंबाई का सही गति से न बढ़ना, यौवन का जल्दी या देर से होना और थायरॉयड की समस्या शामिल हैं। पीजीआई में राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के तहत ग्रोथ हार्मोन थेरेपी भी मुफ्त में मिलती है।

## ईएमटी की पिटाई के मामले में लोहिया संस्थान हुआ सख्त

**`लखनऊ।** ईएमटी के साथ हुई पिटाई के मामले में संस्थान के प्रशासन ने अब गंभीरता से कदम उठाना शुरू कर दिया है। एम्बुलेंस के ईएमटी को दलालों ने मारा गया था। घटना के वक्त के सीसीटीवी फुटेज को निकालकर पुलिस को दे दिया गया है। दलालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं लेकिन अब तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। घटना ने बीमारी के इलाज के लिए दलालों के जरिए जाने वाले लोगों की सुरक्षा के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। एक लड़के को दिल की बीमारी हो गयी थी। उसके लिए डाक्टरों ने केजीएमयू लारी कॉर्डियोलॉजी जाने की सलाह दी थी। सुबह छह बजे 108 एम्बुलेंस से परिवार ले गया। वहां बेड नहीं मिला। एम्बुलेंस चालक ने देखा कि मरीज की हालत खराब है। उसे लोहिया संस्थान की इमरजेंसी ले गए। परिवार के लोग मरीज को भर्ती कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। उसी दौरान एम्बुलेंस के ईएमटी के पास एक फोन आया। उन्होंने फोन उठाया। दूसरी तरफ से कहा गया कि आओ और मरीज की जानकारी दो।

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

- मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत काकोरी पुलिस द्वारा शातला माता मन्दिर कस्बा काकोरी में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर लखनऊ तरुण गाबा के निर्देश के अनुपालन में रविवार को मिशन शक्ति अभियान के छठवें चरण के अंतर्गत शीतला माता मन्दिर कस्बा काकोरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) धनन्जय कुशवाहा तथा सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद प्रभारी निरीक्षक काकोरी सतीश चन्द्र राठौर मिशन शक्ति प्रभारी काकोरी उ0नि0 दिनेश कुमारी थाना काकोरी के समस्त उपनिरीक्षकगण तथा पश्चिमी जोन की समस्त मिशन शक्ति प्रभारी तथा चैयरमेन नगर पंचायत काकोरी रोहित शाहू व नगर पंचायत काकोरी के सभासदगण व थाना क्षेत्र के प्रधान तथा थाना क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिक उपस्थित हुए। मिशन शक्ति कार्यक्रम में थाना क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं ने हजारों की संख्या में बढ चढ़कर भाग लिया।

शीतला माता मन्दिर कस्बा काकोरी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं तथा छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें अपने कानूनी अधिकारों, महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए प्रचलित विधिक प्रावधानों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लघु फिल्म दिखाकर जागरूक किया।

महिलाओं तथा छात्राओं को बताया गया कि प्रत्येक महिला एवं बालिका को सुरक्षित वातावरण में रहने, शिक्षा प्राप्त करने, सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने तथा अपने अधिकारों का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने का अधिकार है। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार, छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा हिंसा को नजर अंदाज न करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों एवं उपलब्ध पुलिस सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को समझाया गया कि किसी भी आपातकालीन अथवा संकटपूर्ण परिस्थिति में घबराने के बजाय 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181- महिला हेल्पलाइन तथा1098 चाइल्ड हेल्पलाइन का उपयोग करें। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल 1930 पर संपर्क करें। उपस्थित पुलिस अधिकारीगण व मिशन शक्ति टीम द्वारा यह भी बताया कि किसी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, पीछा किए जाने, छेड़छाड़ अथवा अन्य अपराध का सामना करने पर चुप रहने या भयभीत होने के बजाय समय रहते सहायता प्राप्त करना आवश्यक है। पुलिस द्वारा पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार प्रभावी विधिक कार्रवाई किए जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास के लिए प्रेरित किया गया।

## बढ़ रहा डेंगू, 13 नये मरीजों में पुष्टि

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। रविवार को अलग-अलग क्षेत्रों में 13 नये मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा अलीगंज और चन्दरनगर इलाके के लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। यहां चार-चार लोग डेंगू की चपेट में आ गए हैं। इंदिरानगर में दो लोगों को डेंगू का डंक चुभा है। टुड़ियागंज, एनके रोड और रेडक्रास इलाके में एक-एक व्यक्ति में डेंगू की पुष्टि हुई है।

इस वर्ष जनवरी से अब तक 511 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं, जबकि अकेले अक्तूबर में लगभग 207 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। इन मरीजों में प्लेटलेट्स काउंट सामान्य से कम है। हालांकि, ज्यादातर डेंगू मरीज घर पर आराम कर रहे हैं। अभी तक किसी भी डेंगू पीड़ित की मृत्यु नहीं हुई है। सीएमओ डा. एनबी सिंह के अनुसार मौसमी बीमारियों से जुड़ी जानकारी, सहयोग और सहायता के लिए सीएमओ कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 0522-2622080 पर संपर्क कर सकते हैं।

**उपाय :** सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी बांह वाले कपड़े पहनें, मच्छर रोधी क्रीम लगाएं, बच्चों को घर से बाहर न निकलने दें, दिन के समय मच्छरों के काटने से बचने के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनें

## आलमबाग में 67वें शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन



**लखनऊ।** आलमबाग स्थित कल्याण मंडप, आनंद नगर, जेल रोड पर रविवार को नवीन शारदीय उत्सव समिति की ओर से 67वें शारदीय दुर्गा पूजा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू समेत कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

इस अवसर पर नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा और राजेश कंधारी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। समिति के प्रमुख संरक्षक एच.पी. दत्ता ने बताया कि वर्ष 1959 में स्थापित नवीन शारदीय उत्सव समिति राजधानी के प्राचीन बंगाली दुर्गा पूजा आयोजनों में शामिल है। समिति की ओर से इस वर्ष श्रीश्री शारदीय दुर्गा पूजा-2026 का 67वां आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 16 अक्टूबर को महाषष्ठी पूजा के साथ हुआ। शाम को देवी का बोधन, आमंत्रण और प्राण प्रतिष्ठा की गई। धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-अर्चना के बाद 21 अक्टूबर को दर्पण विसर्जन, पुष्पांजलि, शोभायात्रा और प्रतिमा विसर्जन यात्रा के साथ उत्सव का समापन होगा। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अमिताभ चक्रवर्ती, महामंत्री तापस कांत घोष और कोषाध्यक्ष रंजय तालुकदार सहित अन्य पदाधिकारी एवं अतिथि उपस्थित रहे।

## कपड़ा गोदाम में आग लगी, दो दमकलों ने पाया काबू

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित गीतापुरी कॉलोनी के द्वारिका टावर में रविवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। दूसरी मंजिल पर बने कपड़ा गोदाम में लगी आग से इमारत में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय पहली मंजिल पर संचालित लाइब्रेरी में कई छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे थे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शुरूआती जांच में इमारत से बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरा रास्ता होने की बात सामने आई है। इससे व्यावसायिक इमारत में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन अब यहां संचालित व्यावसायिक गतिविधियों और सुरक्षा मानकों की जांच कर रहा है।

द्वारिका टावर में ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें संचालित हो रही हैं। पहली मंजिल पर लाइब्रेरी है, जबकि दूसरी मंजिल पर ऑनलाइन कपड़ों का गोदाम बनाया गया है। रविवार दोपहर करीब 4 बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

### फायर सर्विस ने पण्डालों में जाकर किया जागरुक

**लखनऊ।** रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक, अग्नि शमन तथा आपत सेवा, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में व मुख्य अग्निशमन अधिकारी अधिकारी लखनऊ अंकुश मित्तल के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पी.जी.आई /गोसाईगंज अपने क्षेत्र अंतर्गत थाना मोहनलालगंज तथा थाना निगोहां, अग्निशमन अधिकारी गोमती नगर अपने क्षेत्र अंतर्गत थाना चिनहट, गोमती नगर विस्तार,गोमती नगर विराम खण्ड, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बीकेटी द्वारा, सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव पंडाल से0 ई कमर्शियल पॉकेट पार्क नियर इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा थाना मडियांव , प्रभारी अग्निशमन अधिकारी चौक द्वारा मौसम गंज रामलीला नाट्य समित डालीगंज, खून खून जी डिग्री कॉलेज थाना चौक, अधिकारी इंदिरा नगर, अपने क्षेत्र अंतर्गत, अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज द्वारा थाना कैसरबाग क्षेत्र अन्तर्गत दुर्गा पूजा पंडाल अग्निशमन केंद्र आलमबाग द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा पूजा/जागरण हेतु निर्मित अस्थायी पंडालों का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान आयोजकों को पंडाल में सुलभ निकास मार्ग उपलब्ध रखने, कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्था रखने व उसके संचालन की जानकारी तथा विद्युत ओवरलोडिंग/ओवरहीटिंग आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा वहां उपस्थित जन समूह को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई व पेंपलेट वितरण किए गए।

**लाइब्रेरी में मौजूद थे छात्र-छात्राएं**

आग लगने के समय पहली मंजिल पर स्थित लाइब्रेरी में कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने लाइब्रेरी में मौजूद सभी छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया।

शुरूआती जांच में इमारत से बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरा रास्ता होने की बात सामने आई है। आग जैसी आपात स्थिति में यह व्यवस्था लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकती थी। आग फैलने की स्थिति में इमारत में मौजूद लोगों को बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण हो सकता था।

### फ्लैट में लगी आग

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित लवनेस्ट अपार्टमेंट के 11वें फ्लोर पर रविवार शाम आग लग, गयी चिसपर दमकूकर्मियों ने काबू पाया।

फायर स्टेशन पीजीआई के वॉचरूम की एमडीटी पर शाम करीब 06:26 पर सूचना प्राप्त हुई कि इमरान खान ने बताया कि लवनेस्ट अपार्टमेंट, सेक्टर 11ए, वृंदावन योजना पीजीआई की 11वीं मंजिल के फ्लैट नंबर 1109 में आग लग गई है। इस पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, पीजीआई के निर्देशन में एक फायर टेंडर घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। मौके पर पहुंचकर देखा कि आग वहां उपस्थित जनसमूह द्वारा फायर सर्विस यूनिट के पहुंचने के पूर्व ही बुझा ली गई थी। ज्ञात हुआ कि फ्लैट मालिक द्वारा पूजा करने के बाद हवन को बालकनी की साइड रखकर फ्लैट बंद कर कहीं बाहर चले गए थे, जिस कारण यह आग लगी, जिससे फर्नीचर, बुक्स आदि जलकरनष्य हो गए।

## परिवहन निगम में अब अनुबंधित बसों का भी बदल सकता है रंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में बसों की पहचान और उनके बाहरी स्वरूप को लेकर एक बार फिर बदलाव की तैयारी है। निगम में समय-समय पर रोडवेज बसों का रंग बदला जाता रहा है। अब अनुबंधित बसों का रंग भी बदलने की तैयारी की जा रही है। इससे सड़क पर चलने वाली निगम की बसों और अनुबंध पर संचालित बसों की पहचान को एकरूप बनाने की दिशा में कदम उठाया जा सकता है।

\परिवहन निगम की बसों के रंग में पहले भी कई बार बदलाव हो चुका है। समय और जरूरत के हिसाब से बसों के बाहरी रंग-रूप में परिवर्तन किया जाता रहा है। अब अनुबंधित बसों को भी नए रंग में रंगने की योजना चर्चा में है। हालांकि, नए रंग का स्वरूप कैसा होगा और इसे लागू करने की प्रक्रिया कब शुरू होगी, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। अनुबंधित बसें परिवहन निगम की सेवाओं का अहम हिस्सा हैं। इनका संचालन निर्धारित शर्तों के तहत किया जाता है। ऐसे में बसों के रंग में बदलाव होने पर यात्रियों को बसों की पहचान करने में आसानी हो सकती है। साथ ही, बसों के बाहरी स्वरूप में एकरूपता लाने में भी मदद मिल सकती है। रंग बदलने की योजना लागू होने पर अनुबंधित बस संचालकों को भी नई व्यवस्था के अनुसार बसों का रंग बदलवाना पड़ सकता है।

हालांकि, इस पर आने वाला खर्च कौन वहन करेगा और बसों को नया रंग देने के लिए कितना समय मिलेगा, इस बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। परिवहन निगम की ओर से इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी होने के बाद ही नई व्यवस्था की समय सीमा और अन्य शर्तों का पता चल सकेगा। फिलहाल, अनुबंधित बसों के रंग में संभावित बदलाव को लेकर परिवहन क्षेत्र में चर्चा तेज है।

## पुराने विवाद में युवक पर धारदार वस्तु से हमला

बचाने पहुंची मां संग भी आरोपित की मारपीट, अभद्रता व छेड़छाड़



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के बेटे पर रविवार सुबह मोहल्ले के ही एक युवक ने पुराने विवाद को लेकर धारदार वस्तु से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पीड़ित युवक की मां के साथ भी युवक ने अभद्रता और छेड़छाड़ की। पीड़ित महिला ने मामले की लिखित शिकायत स्थानीय थाने में दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता का आरोप है कि रविवार सुबह करीब 9 बजे उनका बेटा कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी 1 के शक्ति चौराहे के निकट स्थित अरशद ऑटो मोबाइल पर दोस्त संग अपनी बाइक बनवा रहा था। इसी दौरान एलडीए कॉलोनी सेक्टर - जी में रहने वाले आरोपित युवक अंकित कुमार पुत्र बबलू दुकान पर आया और पुराने विवाद को लेकर उनके बेटे के संग गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसके हांथ और कंधे पर धारदार वस्तु से कई वार कर दिया। मामले की जानकारी होने पर बीच-बचाव के लिए पहुंची पीड़ित की मां के साथ भी आरोपित युवक ने छेड़छाड़ कर अभद्रता करते हुए जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए स्कूटी से फरार हो गया। पीड़िता ने चोटिल बेटे को नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिलाकर स्थानीय कृष्णानगर थाने में पहुंचकर लिखित नामजद शिकायत दी। प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** गोसाईगंज के बरकत नगर भट्ठी गांव में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले मूलचन्द्र (38) ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में दुपट्टे के सहारे लटककर जान दे दी। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मूलचन्द्र ने घर की पहली मंजिल पर लगी रेलिंग से दुपट्टे के सहारे लटककर जान दे दी। परिजनों ने जब उन्हें देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक की पत्नी का नाम शन्नो है, उनके तीन बेटे और एक बेटी है।पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## यूपी की जेल बनीं अभेद्य, एआई आधारित सीसीटीवी व इलेक्ट्रिक फेंसिंग से मजबूत हुई घेराबंदी

- 7 हजार सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, 750 कैमरे मुख्यालय से जुड़े
- समयपूर्व रिहाई में पारदर्शिता, ई-प्रिसंस मॉड्यूल लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना यूपी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश की जेलों को अधिक सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक से लैस करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत कारागारों में बंदियों की निगरानी मजबूत करने से लेकर परिधीय सुरक्षा, प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और बंदियों के शैक्षिक विकास समेत कई स्तरों पर बदलाव किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की जेलों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाकर 7,000 से अधिक कर दी गयी है। वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित निगरानी प्रणाली और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल से कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है।

डीजी, कारागार एवं सुधार सेवाएं पीसी मीना ने बताया कि योगी सरकार जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दे रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप तकनीक का इस्तेमाल लगातार बढ़ाया जा रहा है, ताकि बंदियों की निगरानी, न्यायालयों में पेशी और समयपूर्व रिहाई से जुड़े कार्यों को अधिक व्यवस्थित ढंग से पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कारागारों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों का दायरा लगातार बढ़ाया गया है। जून 2025 में प्रदेश की जेलों में करी

# ढाक की थाप और धुनुचि आरती से भक्तिमय हो गये दुर्गा पूजा पंडाल

## ढाक की धुन पर विधि-विधान से हुई संधि पूजा, बिखरी दीपकों की छटा, श्रद्धालुओं में बंटा माता का भोग







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोबान के धुएं से मां की आरती-पूजन के बीच ढाकियों की थाप ने रविवार को शहर में कोलकाता की झलक से रूबरू कराया। दिन में हुई विशेष महाअष्टमी पूजन ने उल्लास दोगुना किया। मां की स्तुति के लिये पंडाल दोपहर से ही खचाखच भरे रहे। चंडी स्वरूपा मां दुर्गा की विशेष पूजा-अराधना संधि पूजा पंडालों में की गई। बुराईयों के नाश के लिये मां दुर्गा का ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी, दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तु ते।। मंत्र पढ़ा गया। यहां कोलकाता से आए पंडित जी ने विशेष पूजा कराई। विशेष आयोजन रामकृष्ण मठ में हुआ।

पूजा पंडालों में 108 दी, जलाकर ऊं के रुप में सजाये गये और 108 कमल के फूलों से मां की पूजा की गई। सुबह छह साल की बालिका को मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने बैठाकर देवी रूप में उनका पूजन किया गया। उनको उपहार स्वरूप विशेष परिधान भी भेंट किए गए। शहर की लगभग सभी दुर्गा पूजाओं में संधि पूजा की गई। पूजा के बाद ढाक के धुनें बजना शुरू हुई और शाम को धुनिचि नृत्य ने माहौल बना दिया। पंडालों में पूजा करने वाले पंडितों ने भक्तों को बताया कि संधि पूजा हमारे हृदय में विराजमान आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश का प्रतीक है और हमें दिव्य रूप में बदलने का सूचक है। सामूहिक रूप से भक्तों ने श्री दूर्गा मां को पुष्पांजलि अर्पित की और बाद में पका हुआ प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। विद्यांत दुर्गा पूजा, सुंदरबाग, मॉडल हाउस, जानकीपुरम सहारा स्टेट, भूतनाथ इंदिरानगर, रवीन्द्रपल्ली, रामनगर आलमबाग, सेवाग्राम कालोनी चारबाग समेत सभी मुख्य पूजा पंडालों में संधि पूजा में बड़ी संख्या में बंगाली परिधान पहने महिलाएं उपस्थित रहीं। बादशाह नगर दुर्गा पूजा कमेटी की प्रिया सिन्हा ने बताया कि दोपहर 3:36 बजे से पूजा शुरू हुई और शाम 4:24 बजे तक चली। पूजा में 108 दीपक, 108 कमल पुष्प, 108 गुड़हल के पुष्प और 108 बेलपत्रों के साथ ही धुनुचि आरती हुई। इसके बाद भोग का वितरण किया गया। सुबह ढाक की धुन पर धुनुचि आरती के साथ आलमबाग के सिंधी स्कूल में सुबह विशेष पाठ किया गया तो कानपुर रोड एलडीए कालोनी के खजाना में बी घोष के संयोजन में पूजा हुई।

**108 दीपकों के साथ हुई संधि पूजा:** ट्रांसगोमती नगर दुर्गा पूजा एवं दशहरा कमेटी के संयोजक ने बताया कि अलीगंज के चंद्रशेखर पार्क के सामने 108 दीपकों के साथ संधि पूजा हुई और प्रसाद वितरण किया गया। गोमती नगर के विकल्प खंड स्थित शिव मंदिर में नीरा सिन्हा और निराला नगर के श्रीराम कृष्ण मठ में अध्यक्ष के सानिध्य में मां का आह्वान किया गया।

**भक्तों ने ग्रहण किया भोग का प्रसाद:** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों पर भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। शहर के सुन्दरबाग, विट्री इलेवन, विघांत पूजा समिति, शशिभूषण पूजा समिति सहित अन्य पूजा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना हुई, जहां सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं।

**ढाक के डंके से गूंज रहा शहर:** शहर के सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। खास तौर से बंगीय पूजा पंडालों में मूर्तियों के पहुंचने के साथ ही पुरोहितों ने घट स्थापन और बोधन, आमंत्रण व अधिवास आदि अनुष्ठान कराए। गली.मोहल्लों में दिन भर ढाक के डंके की गूंज सुनाई देती रही। शाम ढलते ही शहर में साज-सज्जा के रूप में त्योहार के इंद्रधनुषी रंग बिखर गए। देर रात तक दुर्गा माई की जयघोष से मोहल्ले गूंजते रहे।

**दोपहर से ही पहुंचने लगे भक्त:** जानकीपुरम स्टेट में तैयार पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इन दोनों जगहों के अलावा ट्रांसगोमती दशहरा एंड दुर्गा पूजा कमेटी अलीगंज, गोमती नगर सार्वजनिक पूजा समिति, बंगाली क्लब, रवींद्रपल्ली, जानकीपुरम, लाटूश रोड, रेलवे कॉलोनी आदि समितियों द्वारा किए जा रहे आयोजनों में रविवार की दोपहर से ही लोगों के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया।

**बंगाल से बुलाए गए कलाकार:** दुर्गा पंडालों में आकर्षण का केंद्र ढाक-धुनुचि की प्रस्तुति रहती है। राजधानी में ढाक बजाने के लिए बंगाल से कलाकार बुलाए जाते हैं। वहीं, धुनुचि संग आरती पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देती है। रविवार शाम को राजधानी के दुर्गा पंडालों में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला।

**100 से अधिक पंडाल:** राजधानी लखनऊ में इस साल दुर्गा पूजा के लिए 100 से अधिक पंडाल बनाए गए हैं। बुधवार शाम को शस्त्र सज्जा और पूजन के साथ मां की प्रतिमा की विधिवत स्थापना के साथ पूजन शुरू हो गया। बंगाली क्लब में मां की प्रतिमा की स्थापना के साथ कोलकाता कांड को लेकर भी वी वान्ट जस्टिस थीम पर एक कार्नर भी तैयार किया गया है। यहां इस स्लोगन पर कंप्टीशन भी चलाया जाएगा।

**आधार खेड़ा में सजे दुर्गा पूजा पंडाल में जुटी भक्तों की भीड़:** लक्ष्मण नगरी में जगह जगह सजे दुर्गा पूजा पंडालों में भक्ति की अदभुत झलक देखने को मिल रही है। गुडंबा इलाके के आधार खेड़ा में भी स्थानीय निवासियों द्वारा 11 दिवसीय दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। से चल रहे कार्यक्रम में भक्तों ने मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान भक्तों की भीड़ रही और पंडाल मां के जयकारों से गूंज उठा। पंडाल में विराजमान मां दुर्गा की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं देर शाम मां भगवती जागरण आयोजित किया गया। 2 अक्टूबर को प्रातः मूर्ति विसर्जन के पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**रामकृष्ण मठ में श्री श्री दुर्गोत्सव महोत्सव की धूम:** पूजा सुबह 6:15 बजे से रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम, सिकरा, कुलिंगग्राम के ब्रह्मचारी हीमाद्री द्वारा शास्त्रीय परम्परा के अनुसार शहनाई की धुन के साथ शुरू हुई तथा वृंदावन से आए स्वामी प्रतिभानन्द ने श्रीदुर्गासप्तशती की आवृति (चंडी पाठ) का पाठ किया। इस पूजनोत्सव से जुडे समस्त कार्यक्रम हमारे आधिकारिक यूट्यूब चैनेल : रामकृष्ण मठ, लखनऊ के माध्यम से प्रसारित भी किया जा रहा है।

## आज होगी मां सिद्धिदात्री की पूजा



**लखनऊ।** मां दुर्गाजी की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र-पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफके नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है।



## शारदीय नवरात्र : माता के जयकारों से दिन भर गूंजते रहे मंदिर





**लखनऊ।** शारदीय नवरात्र पर्व देवी मंदिरों में पूरी श्रद्धा व भक्ति के साथ पूजन-अर्चन का दौर जारी है। रविवार को माता रानी के महागौरी स्वरूप की आराधना हुई। नौ दिन का व्रत रखने वाले भक्तों के अलावा अंतिम दिन का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। कई जगह बाद में हवन और कन्या पूजन किया।

रविवार को नौ दिन का व्रत रखने वाले श्रद्धालु हवन-पूजन कर अपने व्रत की पूणार्हुति करेंगे। मंदिरों में गत दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ दिखी। सुबह से ही घंटे व देवी गीतों की धुनें गूंजने लगी। चौक के बड़ी कालीजी मन्दिर, छोटी कालीजी मन्दिर, राजाजीपुरम के माता शीतला देवी मन्दिर, रानी कटरा चैपटिया के संकटा देवी मन्दिर, सीतापुर रोड के मां विध्यांचल देवी मन्दिर, बक्शी तालाब के चन्द्रिका देवी मन्दिर समेत अन्य मन्दिरों में विधि-विधान से पूजन. अर्चन के बाद मां गौरी से अपने परिवार में अमन, चैन, सुख व समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी मन्दिर में महागौरी स्वरुप की आराधना हुई।

**इक्यावन शक्ति पीठ में महा अष्टमी पर हुआ हवन:** बख्शी तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ तीर्थ स्थल पर नवरात्रि की अष्टमी पर माता महागौरी की आराधना भक्तों ने की। नवरात्र की महाअष्टमी पर मां का परंपरागत वर्णांबर श्रृंगार किया गया। मां महागौरी के पिंडी पूजन का सौभाग्य 51 शक्तिपीठ संस्थापक मां को प्राप्त हुआ। बाद में हवन प्रारंभ हुआ और पूणार्हुति हुई।

**मां महागौरी को भक्तों ने किया अभिषेक:** नवरात्रि के आठवें दिन चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में माता का भव्य श्रृंगार किया गया। महंत श्री विवेकानंद गिरी जी ने बताया आज शारदीय नवरात्रि का दिन मां महागौरी को समर्पित है। मां महागौरी का यह स्वरूप एवं वर्ण पूर्णतया गौर है। इनकी आयु 8 वर्ष की मानी जाती है। इनके समस्त वस्त्र और आभूषण आदि भी सफेद हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। इनका वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। इनकी शक्ति अमोघ और असाध्य फलदाई है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं व उसके पूर्व संचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया आज मां का अनोखा विग्रह अर्धनारीश्वर जिसका लगभग दो हजार वर्ष से भी अधिक का इतिहास माना जाता है जो की अष्टधातु द्वारा निर्मित विग्रह है। इस मूर्ति का अभिषेक दूध घी शहद पंचमेवा शक्कर गाने अनार संतरे के रस से बनारस के आए पुरोहितों द्वारा विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। विग्रह का अभिषेक मंदिर के महंत बाबा विवेकानंद गिरी जी की उपस्थिति में विधायक नीरज बोरा पत्नी बिंदु बोरा एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव एवं द्वारा किया गया। इसके बाद मूर्ति को नगर भ्रमण के लिए मंदिर के आसपास शंख ढोल घड़ियाल ताशे के साथ सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में भ्रमण कराकर मंदिर गर्भ ग्रह में भक्तों के दर्शन के लिए नवमी तक स्थापित किया गया। अर्धनारीश्वर देवी के विग्रह का दर्शन भक्तों के लिए कल भी रहेगा। आज देर रात्रि मंदिर प्रांगण में हवन संपन्न किया गया जिसमें विश्व कल्याण एवं शांति की कामना के लिए आहुति डाली गई।

# हनुमान ने सीता की खोज कर फूंक दी रावण की लंका



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार को ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला मे भास्कर नृत्य कला केंद्र कोलकाता के कलाकारों नें रामोत्सव 2026 के मंच पर चल रही रामलीला के मंचन में अशोक वाटिका में सीता और रावण संवाद, त्रिजटा सीता संवाद, किष्किंधा पर्वत पर राम लक्ष्मण संवाद, लक्ष्मण जी का सुग्रीव पर क्रोध करना, सीता जी की खोज पर वानर दल का निकलना, स्वयंप्रभा जी का मिलना, सम्पाती मिलन, हनुमान जी का लंका प्रस्थान करना समुद्र लांघ कर लंका में प्रवेश करना, विभीषण हनुमान संवाद, हनुमान जी का माता सीता से संवाद, अशोक वाटिका विध्वंस, अक्षयकुमार वध, हनुमान जी का मेघनाथ द्वारा ब्रह्मपास बंधन, रावण दरबार में हनुमान जी का संवाद व एआई के माध्यम से किए गए लंका दहन के दृश्यों को देख कर दर्शकों के चेहरों पर दिखे प्रसन्नता के भाव, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के मध्यम से मंचित किए गए सजीव दृश्यों को देख कर दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोता सियावर रामचंद्र की जय, पवनसुत हनुमान की जय का उद्घोष करने लगे। रामोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर विख्यात नृत्य गुरु एवं नृत्य निर्देशक डॉ० राघवेंद्र सिंह ने अपने साथियों के साथ देवी गीत, राम रमैया व देवी डांडिया के संगीत पर नृत्य प्रस्तुतियों को अपनी कला के माध्यम से मंच पर सजाया।

मंच पर अगला कार्यक्रम आंचल समाजोत्थान सेवा समिति द्वारा आरती शुक्ला के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया जिसमे कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक गीतों पर मोहक नृत्य प्रस्तुत किये दर्शकों ने भी अपनी तालियां बजाकर कलाकारों की प्रतिभा का सम्मान किया। ऐशबाग श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष हरिशचन्द्र अगवाल ने बताया की सोमवार को लीला के मंचन में हनुमान जी द्वारा लंका दहन के बाद रामादल में वापसी से लेकर मेघनाथ द्वारा श्रीराम व लक्ष्मण जी को नागपास में बांधे जाने तक की लीला का मंचन किया जाएगा उन्होंने बताया है की इस बार विजय दशमी पर रावण दहन के लिए 75 फुट के पुतले का निर्माण किया गया है श्री अग्रवाल ने बताया है की पुतला दहन के दौरान रामलीला मैदान में करीब एक घंटे तक आकाशीय आतिशबाजी का कार्यक्रम किया जाएगा।

## पंचवटी के दृश्य ने किया भावविभोर सीताहरण देख छलक उठीं आंखें




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेक्टर 'ए' सीतापुर रोड योजना कॉलोनी में चल रहे पांच दिवसीय 34वें रामलीला के तीसरे दिन रविवार को कलाकारों के सजीव अभिनय, प्रभावशाली संवादों और भावपूर्ण हाव-भाव ने रामलीला के दृश्यों को जीवंत कर दिया। भगवान शिव की आरती के साथ मंचन का शुभारंभ हुआ और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलाकारों ने पंचवटी दृश्य, खरदूषण वध, सीताहरण, जटायु मरण, श्रीराम हनुमान भेंट, सुग्रीव मित्रता, बालि वध के दृश्य का बखूबी मंचन किया। सूर्पनखा आकर्षक नृत्य और मनमोहक भाव-भंगिमाओं के जरिए प्रभु श्रीराम को रिझाने का प्रयास करती है। प्रभु श्रीराम उसे विनम्रता से लक्ष्मण के पास जाने के लिए कहते हैं। इसके बाद सूर्पनखा लक्ष्मण को अपने आकर्षण में बांधने की कोशिश करती है, लेकिन लक्ष्मण उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं। सूर्पनखा की उद्दंडता बढ़ने पर लक्ष्मण उसकी नाक काट लेते हैं। इस प्रसंग के मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय से घटनाक्रम के बदलते भावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। सूर्पनखा के अपमान का समाचार जब रावण तक पहुंचता है तो उसका क्रोध भड़क उठता है। इसके बाद छलपूर्वक माता सीता का हरण करने का दृश्य मंचित किया गया। सीता हरण के साथ ही रामलीला का वातावरण करुणा से भर गया। माता सीता को अपने से दूर पाकर भगवान श्रीराम की व्याकुलता, उनकी पुकार और विरह की पीड़ा ने दर्शकों को भावुक कर दिया। आगे जटायु मरण के दृश्य में कर्तव्य और बलिदान का भाव उभरा। माता सीता की रक्षा के लिए रावण से संघर्ष करते जटायु के प्रसंग ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोरा। वहीं हनुमान जी से भेंट के दृश्य में भक्ति और समर्पण का भाव दिखाई दिया। सुग्रीव मित्रता के प्रसंग ने विश्वास और सहयोग का संदेश दिया।

# हिन्दी रंगमंच के पुरोधा थे शरद नागर




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदी रंगमंच, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. शरद नागर की 89वीं जयंती पर रविवार को यूपी प्रेस क्लब में आयोजित शरद स्मृति संध्या में साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े लोगों ने उन्हें याद किया और उनसे जुड़ी अपनी स्मृतियां साझा कीं। लोक संस्कृति शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने शरद नागर को हिंदी रंगमंच का पुरोधा बताते हुए उनके सांस्कृतिक अवदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने की घोषणा भी की गई।

कलाविद् अशोक बनर्जी ने कहा कि हिंदी रंगमंच दिवस की खोज और उसकी व्यापक स्थापना शरद नागर के महत्वपूर्ण योगदानों में शामिल है। उनके प्रयासों से ही प्रतिवर्ष तीन अप्रैल को हिंदी रंगमंच दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। अमरेन्द्र सहाय ने शरद नागर से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए बताया कि अस्सी के दशक में भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में प्रवेश लेने के बाद उनका उनसे संपर्क हुआ। शरद नागर ने उन्हें शाहजहांपुर भेजा, जहां उन्होंने कोणार्क नाटक की कार्यशाला आयोजित की। छायानट के पूर्व संपादक डॉ. एसके गोपाल ने कहा कि शरद नागर ने हिंदी रंगमंच के विकास के साथ साहित्यिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमृतलाल नागर के साहित्य के संग्रहण, संपादन और प्रकाशन के माध्यम से उन्होंने साहित्य जगत को समृद्ध विरासत सौंपी। शरद नागर की पुत्री और संचित स्मृति न्यास की सलाहकार ऋचा नागर ने अपने पिता से जुड़ी स्मृतियां साझा करते हुए उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और रचनाधर्मिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नाट्य निर्देशक ललित सिंह पोखरिया, चित्रा मोहन, मुनालश्री विक्रम बिष्ट, कला समीक्षक राजवीर रतन, छायांकन कलाविद राकेश सिन्हा, सुभाष मिश्र, कठपुतली कलाकार प्रदीप त्रिपाठी, संगीतज्ञ आशा श्रीवास्तव, लोक संस्कृति शोध संस्थान के सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, जादूगर सुरेश कुमार, मनु राय, डॉ. अनिल गुप्ता, अखिलेश द्विवेदी, सुशील चन्द्र श्रीवास्तव, तरुण कुमार, राजेन्द्र वर्मा, मिलन यादव, नरेन्द्र पंजवानी, नरेन्द्र वर्मा, डॉ. अपूर्वा अवस्थी और सोनल ठाकुर सहित साहित्य, कला एवं संस्कृति से जुड़े अनेक लोगों ने शरद नागर के साथ अपने अनुभव और स्मृतियां साझा कीं तथा उनके योगदान को याद किया।

संक्षेप

## दो भैंसें चोरी, तीन दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

पसगवां-खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम बसन्तापुर में घर के बाहर बंधी दो भैंसें चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश कुमार ने 18 अक्टूबर को कोतवाली पहुंचकर दोबारा प्रार्थना पत्र दिया और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। प्रार्थना पत्र के अनुसार, ग्राम बसन्तापुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र राम सहाय के घर के बाहर रोजाना की तरह भैंसें बंधी थीं। 15 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे खटपट की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई। बाहर आकर देखा तो उनकी एक भैंस और पड़ोसी हरद्वारी की एक भैंस गायब थी। पीड़ित ने शोर मचाया तो गांव के लोग एकत्र हो गए और भैंसों की तलाश शुरू कर दी। तहरीर में बताया गया कि ग्रामीणों ने छपीरा की तरफ पिकअप वाहन जाने की आवाज सुनी। ग्रामीणों ने वाहन का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन चोर भागने में सफल रहे। पीड़ित ने घटना की सूचना अगले दिन कोतवाली पसगवां में दी थी। दिनेश कुमार के मुताबिक, रविवार को रिश्तेदारी से जानकारी मिली कि हैदराबाद थाने में कुछ भैंसें पकड़ी गई हैं। इस पर वह तत्काल वहां पहुंचे, लेकिन तब तक भैंसें वहां से जा चुकी थीं। पीड़ित का कहना है कि घटना के तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते उसे दोबारा पुलिस के पास जाना पड़ा। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरी गई भैंसों की बरामदगी और उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मोहम्मदी खीरी। नेशनल हाईवे 730 ए पर गांव रामपुर मिश्र के पास मोहम्मदी से घर वापस जाते समय बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया है। रविवार को शाम 6:30 बजे करीब गांव बढ़ैया खुर्रम नगर थाना पसगवां निवासी सत्यपाल (32) पुत्र हरिराम मोहम्मदी से जरूरी काम निपटाकर बाइक से घर जा रहा था। हाईवे पर रामपुर मिश्र के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर कुचल दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। राहगीरों की सूचना पर इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेज से परिजनों को सूचना भेजी है।

## मोटरसाइकिल चोरी

सीतापुर। संदना बाजार में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, निमतापुर गांव निवासी अनूप अपनी भाभी कालिंद्री पत्नी नीरज पाल की मोटरसाइकिल लेकर शनिवार, 17 अक्टूबर को किसी काम से संदना बाजार आया था। बाजार में बाइक खड़ी कर वह काम से चला गया। वापस लौटा तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने और लोगों से पूछताछ करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने संदना थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। उसने मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल बरामद कराने की मांग की है।

# एकजुटता के साथ बढ़े समाज



- सेवता में 65 हजार मतदाताओं की ताकत का कराया अहसास, प्रदेश की नौ विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व की उठी मांग

सीतापुर। जिस तरह बच्चा रोए बिना मां से भोजन नहीं मांग सकता, उसी तरह अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना भी जरूरी है।ह्व रविवार को रेउसा में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के सम्मेलन में एटा के सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने इस संदेश के साथ समाज को अपने हक के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। सम्मेलन में जुटे हजारों लोगों के बीच सामाजिक एकता, राजनीतिक भागीदारी और समाज के अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज उठी।

मुख्य अतिथि सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय पर भाजपा की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि समाज के हितों के लिए अपनी मांग उठाना जरूरी है। अधिकार तभी मजबूत होते हैं, जब समाज संगठित होकर अपनी बात रखता है। वहीं, पूर्व मंत्री एवं महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक साक्षी महाराज ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के जीवन और योगदान को याद किया। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में कल्याण सिंह की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनका योगदान इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने लोधी समाज से संगठित होकर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील की।

### 65 हजार मतदाता हैं, फिर प्रतिनिधित्व क्यों नहीं

रेउसा! साक्षी महाराज ने सेवता विधानसभा क्षेत्र में लोधी समाज के करीब 65 हजार मतदाताओं का हवाला देते हुए एकजुटता की ताकत समझाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नौ विधानसभाओं में कम से कम एक विधानसभा में लोधी समाज को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। सम्मेलन में वक्ताओं ने शिक्षा, विकास और राजनीतिक भागीदारी मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

# भगवान को भक्त का समर्पण प्रिय



सीतापुर। पड़ाव मैदान स्थित गांधी डिग्री कॉलेज सिधौली में विधायक मनीष रावत की ओर से आयोजित श्रीराम कथा के छठवें दिन रविवार को केवट प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास शांतनु महाराज ने भगवान श्रीराम और केवट के प्रसंग के माध्यम से सच्ची भक्ति, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम का महत्व बताया। शांतनु महाराज ने कहा कि भगवान को सच्ची भक्ति और भक्त का समर्पण प्रिय है। परमात्मा से मिलन के लिए मनुष्य को सरल, सहज और भोला बनना चाहिए। केवट ने भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने के बदले उतराई नहीं ली। उसने कहा कि जब भगवान लौटकर आएंगे, तब उतराई लेगा। उन्होंने कहा कि जो भक्त भगवान से कुछ नहीं मांगता, भगवान भी उसके ऋणी हो जाते हैं। उन्होंने मां कौशल्या, सुमित्रा, माता जानकी और उर्मिला के चरित्र को आदर्श बताते हुए कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति की रक्षा में माताओं-बहनों का महत्वपूर्ण योगदान है। निषादराज गुह और भगवान श्रीराम के मिलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहां ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं होता, वहीं सच्चे रामराज की स्थापना होती है।इस मौके पर आदित्य रावत, योगेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, रोहित सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, ईओ रेणुका यादव, सभासद दिग्विजय शुक्ला मुन्नन, सूर्यांश शुक्ला, पंकज यादव और मनोज गौ सेवक सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के हुए 111 जोड़े

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सिरसागंज में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 111 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें 93 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाज से तथा 18 जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित कर रही है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ विवाह की आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के विवाह में अभिभावक की तरह सहयोग करना सरकार की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्री ने योजना के तहत दी जाने वाली सहायता का उल्लेख करते हुए बताया कि पहले प्रति जोड़ा सहायता राशि 50 हजार रुपये थी, जिसे बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है। उन्होंने विवाह सामग्री, उपहार और आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं के लिए निर्धारित सहायता का भी जिक्र किया। हालांकि, उनके संबोधन में बताई गई विभिन्न मदों की राशियों का कुल योग एक लाख रुपये से अधिक है, इसलिए उनके मदवार विवरण की पुष्टि आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नवदंपतियों के सुखी, समृद्ध और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी राजमती, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यूडीसीएए में गीत और संगीत की सजी महफिल

मोहम्मदी खीरी। उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी में शक्ति डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत नृत्य की अनोखी प्रस्तुत देकर समा बांध दी है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अनिल गुप्ता, प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता और प्रबंध निदेशक सनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया है। संचालन वरिष्ठ अध्यापक पी एस मिश्रा ने किया है। शनिवार की रात विद्यालय प्रांगण में मंच पर छात्र-छात्राओं की शक्ति डांडिया नृत्य की सजी महफिल में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आयोजन में बच्चों के उत्साह उमंग और सांस्कृतिक एकता का अनूठा संगम दिखाई दिया है। ढोलिडा गीत पर जसकीरत, अनाया, अन्वी, कनक, अक्षिता, मंश्री और अनन्या ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी हैं। आराध्या गुप्ता, तनिष्का और अविका ने डांडिया मैशप पर प्रस्तुति दी है। सुखमीन कौर ने ढोल बाजे गीत पर नृत्य कर प्रस्तुत देकर समां बांधी है। कार्यक्रम में डांडिया और गरबा नृत्य पर थिरकती रही छात्राएं जिन्हें देखकर उनके अभिभावकगण उत्साह वर्धन करते रहे हैं। आयोजन में अंजलि अवस्थी, ज्योति रस्तोगी, सारा खान और मणि गुप्ता का उल्लेखनीय सहयोग पर प्रधानाचार्य पुष्पा गुप्ता ने उनके सहयोग समर्पण और उत्साह के प्रयासों की सराहना की है। प्रबंध निदेशक ने आयोजन में आए अभिभावकों के उत्साह देखकर कुछ और नया करने का बच्चों में जज्बा भरा है। उन्होंने कहा सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में मानसिक शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। गीत और संगीत की सजी महफिल अविस्मरणीय यादें छोड़ गई है।

## महिंद्रा के नाम पर नकली पार्ट्स बेचने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला कस्बे में महिंद्रा कंपनी के नाम पर कथित नकली स्पेयर पार्ट्स बेचने का मामला सामने आया है। कंपनी के अधिकृत जांच अधिकारी ने पुलिस के साथ चार दुकानों पर छापा मारकर 49 फिल्टर समेत अन्य स्पेयर पार्ट्स बरामद किए। दुकानदार बरामद माल के बिल और खरीद संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने चार दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के जांच अधिकारी अजय कुमार को बाजार में कथित नकली पार्ट्स बिकने की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने 17 अक्टूबर को गोला कोतवाली पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम के साथ जांच में लखीमपुर रोड स्थित बाजपेयी ऑटोमोबाइल्स से एक एयर फिल्टर, चार डीजल फिल्टर और चार इंजन सिलेंडर स्लीव बरामद हुईं। पंकज मोटर्स से पांच एयर फिल्टर और नौ डीजल फिल्टर, पटेल चैराहा-मोहम्मदी रोड स्थित न्यू किसान मशीनरी स्टोर से 11 डीजल फिल्टर और लखीमपुर रोड स्थित पुरवार ऑटो ट्रेडर्स से 10 डीजल फिल्टर बरामद किए गए। जांच अधिकारी के मुताबिक, दुकानदार माल की खरीद से संबंधित बिल और अन्य अभिलेख नहीं दिखा सके। बरामद माल को सील कर पुलिस थाने ले आई। कंपनी की ओर से असली और कथित नकली पार्ट्स के नमूने मिलान के लिए दिए गए हैं। पुलिस ने बाजपेयी ऑटोमोबाइल्स के संचालक अवधेश कुमार निवासी लक्ष्मीनगर, पंकज मोटर्स के संचालक पंकज पुरी निवासी आनंद टाकीज रोड, लखीमपुर, न्यू किसान मशीनरी स्टोर के संचालक देवीदयाल वर्मा निवासी मुन्नूगंज और पुरवार ऑटो ट्रेडर्स के संचालक मयंक निवासी लखीमपुर रोड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बैठक

बांसी, सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बांसी पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को बांसी थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने थाना क्षेत्र के ग्राम जनियाजोत में ग्रामीणों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में नवरात्रि, दुगार्पूजा, विजयादशमी एवं दशहरा के त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर विशेष चर्चा की गई। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने उपस्थित ग्रामीणों को उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में सभी लोग आपसी सहयोग, सद्भाव और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं डीजे के संचालन को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग माननीय न्यायालय के निर्देशों तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप ही किया जाए। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए सभी से सतर्कता बरतने को कहा गया। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने ग्रामीणों से अपील की कि त्योहारों को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने आपसी सद्भाव को मजबूत बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने पर जोर दिया। बांसी पुलिस की इस पहल का उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें। पीस कमेटी की बैठक के माध्यम से पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहारों की खुशियां आपसी सहयोग, नियमों के पालन और सामाजिक सौहार्द के साथ ही बरकरार रह सकती हैं।

## एक दिन पहले गायब हुए व्यक्ति की लाश गांव के बाहर तालाब में मिला

लखीमपुर खीरी। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के ग्राम कुम्हेना निवासी 45 वर्षीय राम खिलावन गौतम पुत्र बिन्द्राप्रसाद का शव दूसरे दिन गांव के तालाब में मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि राम खिलावन एक दिन पहले लापता हो गए थे। परिजनों ने कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी थी, अपने स्तर से परिजन उनकी तलाश कर रहे थे, इसी बीच दूसरे दिन तालाब में उनका शव मिलने की सूचना सामने आई। शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।सूत्रों के अनुसार राम खिलावन बहुत ही शराबी था और अपने घर के दक्षिण तालाब के पास शौच के लिए गया था वहीं से लापता था। राम खिलावन की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि तालाब में लाश मिली है पी एम के बाद ही कार्रवाई की जायेगी।

# अनुदेशकों ने मांगों को लेकर अंबेडकर पार्क पर किया प्रदर्शन



मोहम्मदी खीरी। तहसील क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अनुदेशकों ने परिषदीय अनुदेशक उत्थान समिति के प्रदेश महासचिव की अगुवाई में मोहम्मदी के अंबेडकर पार्क पर अपनी मांगों को तख्तियों पर लिखकर प्रदर्शन किया है।

रविवार को बड़ी संख्या में अनुदेशकों ने प्रदेश महासचिव शचींद्र नारायण दीक्षित की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय शांति पूर्वक अनशन किया है। जिसमें उन्होंने 4 फरवरी को उच्च न्यायालय द्वारा यूपी सरकार को नियमितकरण, एरियर भुगतान करने का आदेश दिया था। मांग पूरी करने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के उदासीन रवैया के चलते अनुदेशक अनशन करने को मजबूर हुए हैं। उनका कहना है सरकार द्वारा शिक्षण कार्य के साथ-साथ जनगणना, मतगणना और बाल गणना का कार्य कराया जा रहा है।

# जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा शहर, रथयात्रा का स्वागत



सीतापुर। विजयादशमी के अवसर पर रविवार को आजाद हिंद भगत संगठन की ओर से 12वीं श्रीराम विजय रथयात्रा निकाली गई। जीआईसी मैदान से शुरू हुई यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी के साथ नवदुर्गा की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। जय श्रीराम के उद्घोष से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

रथयात्रा में भगवा ध्वज लेकर शामिल युवा जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा मन्नी चौराहा, श्यामनाथ चौराहा, कोट चौराहा, उजागर लाल चौराहा, बालदा, रम्पा टाकीज, घंटाघर चौराहा, ग्रीकगंज, लालबाग और कैप्टन मनोज पांडेय मार्ग सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसके बाद एलआईसी मैदान में यात्रा का समापन हुआ। रास्ते में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और अल्पाहार की व्यवस्था की। कई स्थानों पर लोगों ने आरती उतारकर भगवान के स्वरूपों का स्वागत किया।

संगठन के संस्थापक अभिमन्यु हिंदू ने कहा कि 12 वर्षों से निकाली जा रही यह रथयात्रा धार्मिक आस्था के साथ समाज को एकजुट करने और युवाओं को भारतीय संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने आयोजनमें सहयोग के लिए नगरवासियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन का आभार जताया। यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों ने पुलिस के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था संभाली।

इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष सौरभ हिंदू, जिला उपाध्यक्ष एकर्ष हिंदू, जिला महामंत्री मयंक हिंदू, नगर अध्यक्ष राजा हिंदू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गीता हिंदू, वंदन हिंदू, दीपक हिंदू, शरद हिंदू, वैभव हिंदू सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायकों के आश्वासन पर चौथे दिन समाप्त हुआ किसान सत्याग्रह

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति में चल रहा राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन का



सत्याग्रह रविवार को चैथे दिन भाजपा विधायक रोमी साहनी और अमन गिरि के आश्वासन पर समाप्त हो गया।

रविवार को सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे दोनों विधायकों के सामने प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों का 216 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है, जबकि मिल के पास केवल 18 करोड़ रुपये की चीनी शेष है। उनके मुताबिक, इथेनॉल, शीरा, प्रेसमड और बैगास सहित अन्य उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। इस दौरान मिल के गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी और कारखाना प्रबंधक अजीत तिवारी भी मौजूद रहे।गन्ना महाप्रबंधक ने बैंक खुलने पर उसी दिन किसानों के खातों में 10 करोड़ रुपये और दीपावली से पहले पांच करोड़ रुपये देने का वचन दिया। भुगतान में देरी पर नाराजगी जताते हुए विधायकों ने कहा कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुशाग्र बजाज से बात कर आगामी सत्र में 14 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। इसके बाद संगठन ने सत्याग्रह समाप्त कर दिया।

### एस्क्रो खातों में धनराशि भेजने की मांग


मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में संगठन ने चीनी उद्योग प्रोत्साहन नीति-2004 के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड को ब्याज सहित देय 1978 करोड़ रुपये किसानों के एस्क्रो खातों में भेजने की मांग की। साथ ही कंपनी को बैंक से सीसी क्रेडिट लिमिट बनवाने के निर्देश देने की मांग की, ताकि बकाया भुगतान हो सके और आगामी सत्र में 14 दिन के भीतर गन्ना मूल्य मिल सके।इस मौके पर शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, राजेश वर्मा, अनिल कुमार, राहुल वर्मा, रामनिवास, जगदीश सिंह, मनोज कुमार, विद्यासागर, कमर सिद्दीकी, महेश गिरि, कमलेश कुमार और रमेश वर्मा सहित किसान मौजूद रहे।

## करवाचौथ मेले की अनुमति पर प्रशासन सतर्क, मांगी रिपोर्ट

सीतापुर। अटरिया क्षेत्र के फत्तेपुर मजरा रायपुर देवसिंह गांव में करवाचौथ पर मेला और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। आयोजकों ने 30 अक्टूबर को दिन में मेला और रात में धार्मिक कार्यक्रम कराने के लिए उपजिलाधिकारी सिधौली से अनुमति मांगी है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद एसडीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अटरिया थाना प्रभारी लाल बहादुर मिश्रा को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। कोलकाता में हुए हादसे के बादप्रशासन आयोजनों की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरत रहा है।अनुमति के लिए दिए गए प्रार्थना पत्र में विक्रम, बालकराम, आशीष, रंजीत, सुजीत, लालू, गोलू पांडेय, वीरेंद्र गौतम, दीपू पांडेय, तर्वेश पांडेय, रामना, बबलू, रामबहादुर और मोहित पांडेय सहित अन्य ग्रामीणों के नाम शामिल हैं। पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सुहेला में श्रीराम कथा का शुभारंभ राम नाम की महिमा बतायी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कलियुग में भगवान श्रीराम के नाम का स्मरण मनुष्य को भवसागर से पार उतरने का मार्ग दिखाता है। राम नाम की महिमा और श्रीराम कथा के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन रविवार को



ग्राम सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर में कथा व्यास आचार्य सुरेश चंद्र मिश्र ने कथा के शुभारंभ पर किया।उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने ह्रामचरितमानसह्व के माध्यम से जनमानस को भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक कल्याण का मार्ग दिखाया। तुलसीदास की चैपाई ह्यकलियुग केवल नाम अधारा, सुमिरि-सुमिरि नर उतरहिं पाराह्व राम नाम की महिमा को दशार्ती है। आचार्य ने कहा कि भगवान शिव भी आठों पहर श्रीराम नाम का जप करते हैं। श्रीराम कथा केवल धार्मिक प्रसंगों का वर्णन नहीं, बल्कि मनुष्य को धर्म, सदाचार, मयार्दा और प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। राम नाम का स्मरण जीवन में सकारात्मक भाव जगाता है और व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति की ओर ले जाता है। कथा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर मुन्ना लाल अवस्थी, जय प्रकाश अवस्थी, संजय मिश्र, पंडित माखन लाल, अखिलेश कुमार, सुरेंद्र वर्मा, आनू, रामविलास अवस्थी, जया अग्निहोत्री और डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई की मूर्ति स्थापना को विधायक ने किया भूमि पूजन



टूंडला। नगर के सुभाष चौराहे पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी गिर्राज सिंह कुशवाह रहे। इस दौरान वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन, संघर्ष और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि गिर्राज सिंह कुशवाह ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने देशभर में अनेक मंदिरों और धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। वह बचपन से ही भगवान शिव की अनन्य भक्त थीं।

उन्होंने भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि टूंडला विधानसभा क्षेत्र के सुभाष चौराहे पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा की स्थापना विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर के प्रयासों से की जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार भी महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम संयोजक विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने मंचासीन अतिथियों का शॉल और माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर समाज और सनातन संस्कृति की गौरव थीं। पति खंडेराव होलकर और ससुर मल्हारराव होलकर के निधन के बाद उन्होंने होलकर वंश की जिम्मेदारी संभाली। उनके शासनकाल में देश के अनेक प्रसिद्ध मंदिरों, घाटों कुओं और धर्मशालाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया गया। इनमें काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, केदारनाथ और द्वारका के धार्मिक स्थल प्रमुख हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान चरन सिंह बघेल ने की, जबकि संचालन प्रमोद बघेल ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के सभापति कुंवर जितेंद्र बहादुर सिंह, ब्लॉक प्रतिनिधि सतीश बघेल, होरीलाल बघेल, अरविंद बघेल पूर्व ब्लॉक प्रमुख महावीर बघेल देवेंद्र बघेल डॉ. सत्यप्रकाश बघेल राजेंद्र बघेल, महेश बघेल मातादीन बघेल जुगेंद्र बघेल हुकुम सिंह बघेल रमेश बघेल, दिनेश बघेल डॉ. सर्वेश बघेल संजय परिहार दयालुराम दयाल नीता धनगर, गुड्डू बघेल उपेंद्र बघेल किशनवीर बघेल, बनवारी लाल बघेल और प्यारेलाल बघेल सहित बड़ी संख्या में बघेल समाज के लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने 3 मोबाइल बरामद कर धारकों को सौंपे



पलियाकलां खीरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी, डॉ0 ख्याति गर्ग के निर्देशन में खोए हुए मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने एवं उनकी त्वरित बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी खीरी व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल पर्यवेक्षण में और थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में थाना सम्पूर्णानगर पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए सफलता हासिल की गई है। इसके साथ ही, 'मिशन शक्ति अभियान 6.0' के अंतर्गत महिलाओं व नागरिकों के अधिकारों, साइबर सुरक्षा एवं सहायता को प्राथमिकता देते हुए पुलिस टीम ने पोर्टल पर प्राप्त ट्रैसेबिलिटी के आधार पर कुल 45,500/- रुपये मूल्य क गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए। पुलिस टीम द्वारा बरामद मोबाइलों के आईएमईआई नंबर की सूक्ष्मता से जांच कर, उन्हें अनब्लॉक कराया गया और उनके वास्तविक स्वामियों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। अपने खोए हुए फोन पाकर मोबाइल धारकों ने खीरी पुलिस का आभार व्यक्त किया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार, उ0नि0 राजेश कुमार, म0का0 नीतू, म0का0 शिवानी, म0का0 रक्षा यादव, का0 ऋषभ कुमार शामिल रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

सीतापुर। रामपुर मथूरा थाना क्षेत्र मे 13 वर्षीय मानसिक रूप से कमजोर बालिका से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने रविवार तड़के मुठभेड़ के बाद आरोपी मुल

संक्षेप

## गौरी बनी एक दिन की विकास दल अधिकारी

फतेहपुर चौरासी। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के 10 दिवसीय विशेष अभियान के अन्तर्गत युवा कल्याण विभाग द्वारा गौरी शर्मा पुत्री राम सागर शर्मा को राम बहादुर सिंह इण्टर कालेज गढ़ी फतेहपुर चैरासी में एक दिन का प्रतीकात्मक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बनाया गया। सुश्री गौरी शर्मा ने 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए सम्बंधित पटल सहायक को त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद के समस्त युवाओं को प्रेरित करने की अपील भी की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य आशुतोष मिश्रा, प्रबन्धक महेन्द्र सिंह, शिक्षक छात्र छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग सदस्य की संपत्ति हुई कुर्क

ललितपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गैंग के एक सदस्य की बोलेरो पिकअप कुर्क कर ली। कुर्क किए गए वाहन की अनुमानित वर्तमान कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की। थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा संख्या 335/2024, धारा 2(ख)(1)/3 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामले में यह कार्रवाई की गई है। उक्त मुकदमा ग्राम मैलवाराकलां व हाल आसरा कॉलोनी बुढ़वार रोड निवासी वीर विक्रम सिंह बुन्देला उर्फ मधु पुत्र स्व.जगदीश सिंह बुन्देला सहित पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज है। इस मामले में गैंग के सदस्य मैलवाराकलां निवासी महेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र शिवराज सिंह की बोलेरो पिकअप को कुर्क किया गया है। वाहन का पंजीकरण नंबर यूपी 94 टी 6283 है। संबंधित वाहन को समाजविरोधी गतिविधियों से अर्जित अवैध संपत्ति में शामिल मानते हुए कुर्की की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी न्यायालय में वाद संख्या 578/2026 में 28 अप्रैल 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में वाहन कुर्क किया गया। कार्रवाई शासन और पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों तथा भूमाफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। महेन्द्र सिंह ठाकुर के आपराधिक इतिहास में तीन मुकदमों का उल्लेख किया गया है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। कुर्की की कार्रवाई करने वाली टीम में थाना तालबेहट प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

## बजाज समूह ने गौ सेवा हेतु भेंट किया आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन

ललितपुर। श्रीश्री 1008 तुवन सरकार की पतित पावन धरा पर महंत श्रीरामलखन दासजी महाराज (दिगंबर अखाड़ा) के सानिध्य में बजाज समूह की ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बुंदेलखंड में गौ सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था गौ सेवा गोविंद सेवा संस्थान को एक आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन प्रदान किया। इस पहल से घायल, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। महंत ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, करुणा और सेवा भाव का महत्वपूर्ण अंग है। घायल और असहाय गौवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराना पुण्य के साथ-साथ हमारा सामाजिक दायित्व भी है। बजाज समूह द्वारा पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। इससे गौवंश की सेवा और उपचार के कार्य को मजबूती मिलेगी। एलपीजीसीएल के सीईओ ए.एन. सार ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का उद्देश्य समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़कर सकारात्मक बदलाव लाना है। गौवंश के उपचार और देखभाल के लिए आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराना इसी दिशा में हमारा प्रयास है। हमें आशा है कि इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद पशुओं तक समय पर सहायता पहुंच सकेगी और क्षेत्र में संचालित गौ सेवा के कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा। गौ सेवा गोविंद सेवा संस्थान एवं गौ पुत्र सेना के गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला ने कहा कि बुंदेलखंड में गौवंश की सेवा करते समय घायल और बीमार पशुओं को समय पर उपचार दिलाना एक बड़ी चुनौती रहती है।

# गोला में मां दुर्गा के पट खुलते ही उमड़ा जनसैलाब



गोला, गोरखपुर उपनगर गोला बाजार में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की भव्य झांकी और आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बन गया है। शनिवार की सुबह ढोल-ताशों की गूंज और भव्य कलश यात्रा के बाद जैसे ही मां दुर्गा का पट खुला, दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडाल की भव्यता और उसमें प्रदर्शित जीवंत दृश्य लोगों को बरबस अपनी ओर खींच रहे हैं। श्रीश्री महाशक्तिशाली दुर्गा पूजा समिति की ओर से तैयार इस पंडाल में धार्मिक आस्था के साथ देश-दुनिया की प्रमुख घटनाओं को भी अनूठे अंदाज में दर्शाया गया है। नेपाल में आई भीषण आपदा, पुलवामा आतंकी हमले की दर्दनाक घटना और बाबा केदारनाथ मंदिर की भव्य झांकी को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। इन दृश्यों के माध्यम से जहां श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभूति हो रही है, वहीं देश की संवेदनशील घटनाएं भी लोगों का ध्यान खींच रही हैं। पंडाल को आकर्षक स्वरूप देने के लिए कोलकाता से विशेष कारीगर बुलाए गए थे। कारीगरों ने अपनी कला और हुनर का ऐसा प्रदर्शन किया है कि पंडाल की चर्चा गोला बाजार ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी हो रही है। समिति के अनुसार, इस बार पंडाल के निर्माण और सजावट पर करीब आठ लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

1985 से कायम है परंपरा, 41वें वर्ष में भी कायम आकर्षण.....

श्रीश्री महाशक्तिशाली दुर्गा पूजा समिति की ओर से वर्ष 1985 से लगातार दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन ने 41 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुकी है। पंडाल के संयोजन में मुकेश जायसवाल, सुमित जायसवाल, विपिन जायसवाल, सत्यानंद तिवारी, पुष्कर और राहुल राज वर्मा सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा है। मां दुर्गा के पट खुलने के साथ ही पंडाल में दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया है। भव्य सजावट, अनूठी झांकियों और कलात्मक प्रस्तुति के चलते यह पंडाल इस बार भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## बनवारपार चौराहे पर सजा मां दुर्गा का भव्य दरबार, उमड़ रहे श्रद्धालु



बनवारपार, गोरखपुर। गोला विकास खंड क्षेत्र के बनवारपार चौराहे पर शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया गया है। आकर्षक वस्त्रों और मनमोहक साज-सज्जा से सुसज्जित मां भगवती की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। शनिवार को माता के पट खुलने के बाद से ही पंडाल में दर्शन और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पंडाल को रंग-बिरंगी लाइटों और सुंदर सजावट से भव्य रूप दिया गया है। सुबह-शाम गूंज रहे भजनों और भक्तिमय गीतों से पूरा क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। दर्शन के लिए आने वाले युवा और श्रद्धालु इस यादगार पल को अपने कैमरों और सेल्फी में कैद कर रहे हैं। आयोजक कमेटी के सदस्य संजय गुप्ता, मोनू गुप्ता, प्रिंस गौड़, अरविंद गुप्ता, आशीष शर्मा, छोटू गुप्ता, सत्यवान, विशाल, सरवन गुप्ता, डॉक्टर बी.पी. शर्मा और दिनेश आदि ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जनसहयोग के माध्यम से माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। क्षेत्र के लोगों में इस भव्य आयोजन को लेकर भारी उत्साह है।

## शांतिभंग की आशंका में 13 अभियुक्तों का किया चालान

गीडा, गोरखपुर। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से गीडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस टीम ने शांतिभंग की आशंका में कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनका न्यायालय चालान भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को थाना गीडा पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान थाना क्षेत्र के नौसढ़ तथा पिपरौली इलाकों से संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त और आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका वाले 13 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 तथा 135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की और उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु चालान भेज दिया। ?गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय का कहना है कि त्योहारों के अवसर पर किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए अपराधियों और अराजक तत्वों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है और लगातार फ्लैग मार्च व चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आम जनता बिना किसी भय के त्योहार मना सके। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। ?कार्रवाई के दौरान को गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय, उप-निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह तथा उप-निरीक्षक बृजेश कुमार शामिल रहे।

## सीता हरण मंचन देख दर्शकों के आंखों में भर आये आंसू

गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के ग्राम सोनाईचा की बाग में स्व भगवान सहाय पांडेय स्मारक समिति द्वारा स्थापित राम लीला मेला में रविवार को सीता हरण का मंचन किया गया। सीता हरण देख दर्शकों के आंखों में आंसू भर आए। आयोजक मार्कण्डेय ने बताया कि यह राम लीला मेला हमारे पूर्वजों द्वारा 100 वर्ष से अधिक समय से लगाया जा रहा है। इस राम लीला मेला की खासियत है कि यह मेला ग्रामीण कलाकारों द्वारा दिन में मंचित किया जाता है। आज ग्रामीण कलाकारों ने सीताहरण का मंचन किया। सीताहरण देख दर्शकों की आँखों के आंसू भर आए। इससे पूर्व ग्रामीण कलाकारों ने खरदूषण, मारीच बध का मंचन किया। सोमवार को कलाकार लंका दहन तक का मंचन किया जाएगा। इस रामलीला मेला में शिव हरे पांडेय, एडवोकेट वीरेंद्र पांडेय महाशय पांडेय,पद्माकर पांडेय, सबलू पांडेय, आशुतोष पांडेय आदि का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## चमन आरा राईनी और मो. इद्रीश राईनी पटवारी ने किया फलाहार व प्रसाद वितरण



बांसी, सिद्धार्थनगर। नवरात्रि की पावन अष्टमी के शुभ अवसर पर बांसी स्थित महामाया मैरिज हॉल, चंगेरा पैलेस में भव्य फलाहार एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक एवं स्वागतकर्ता नगर पालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष तथा समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती चमन आरा राईनी ने सपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी पटवारी के साथ श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों और नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी। चमन आरा राईनी और मो. इद्रीश राईनी ने मिलकर बांटा प्रसाद, दिया सेवा और समर्पण का संदेश कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी एवं सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी पटवारी ने संयुक्त रूप से श्रद्धा और समर्पण की भावना के साथ श्रद्धालुओं के बीच फलाहार एवं प्रसाद वितरित किया। दोनों नेताओं ने नवरात्रि के पावन अवसर पर सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन में माताओं-बहनों, श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की सहभागिता से धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। मां दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें : मो. इद्रीश राईनी पटवारी इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश राईनी पटवारी ने सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली प्रदान करें। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। धार्मिक आयोजन में गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सी.एस. त्रिपाठी, डॉ. ज्ञानेंद्र दीपक, के.पी. त्रिपाठी, लालजी यादव, राधे मोहन शर्मा, उपेंद्र बहादुर सिंह, तिनकन जी, अंकित मिश्रा, कमता प्रसाद पांडेय, के.सी. त्रिपाठी, गणेश दत्ता एवं सुधीर मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

## नवागत तहसीलदार बृजेश कुमार ने संभाला कार्यभार, कर्मचारियों ने किया स्वागत



बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील में नवागत तहसीलदार बृजेश कुमार ने शनिवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके तहसील पहुंचने पर कर्मचारियों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। बृजेश कुमार गैर जनपद मथुरा से स्थानांतरित होकर बांसी तहसील आए हैं। वहीं, बांसी तहसील में अल्प समय तक कार्यरत रहे तहसीलदार शेखर शुक्ला का स्थानांतरण डुमरियागंज तहसील के लिए कर दिया गया है। नवागत तहसीलदार के कार्यभार संभालने के बाद तहसील प्रशासन के कामकाज को गति मिलने और आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण की उम्मीद जताई जा रही है। तहसील स्तर पर राजस्व संबंधी मामलों, जन शिकायतों तथा जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में शामिल है। ऐसे में अधिकारियों की सक्रियता और संवेदनशीलता से फरियादियों को राहत मिलने की अपेक्षा रहती है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी विश्व मित्र सिंह ने कहा कि तहसील प्रशासन की प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन और जरूरतमंद लोगों को समय से न्याय दिलाना है। लोगों की समस्याओं का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# सेवा संकल्प अभियान बना जनसेवा उत्सव

- सुभाष सत्या ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया सम्मान और उपहार



भिनगा (श्रावस्ती)। सेवा जब संवेदना से जुड़ती है और संकल्प समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम बनता है, तब वह महज कार्यक्रम नहीं रहता, बल्कि जनसेवा का उत्सव बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्ममाह के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान को भाजपा नेता सुभाष सत्या ने इसी भावना के साथ आगे बढ़ाया। बच्चों से लेकर स्वच्छता प्रहरियों, आशा बहुओं और धार्मिक आयोजनों से जुड़े लोगों तक पहुंचकर उन्होंने सेवा और सम्मान का संदेश देने का प्रयास किया। भिनगा विधानसभा क्षेत्र में अभियान के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों ने जनसहभागिता और सामाजिक सरोकारों को नई दिशा दी। खास बात यह रही कि उन वर्गों को प्राथमिकता दी गई, जिनका योगदान समाज के लिए महत्त्वपूर्ण होने के बावजूद अक्सर सार्वजनिक चर्चा और सम्मान से दूर रह जाता है। जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के साथ उनके श्रम, समर्पण और सामाजिक भूमिका को पहचान दिलाना अभियान की प्रमुख विशेषता रही। अभियान के तहत ऐसे विद्यालयों के पांच हजार से अधिक बच्चों को उपयोगी सामग्री वितरित की गई, जहां मध्याह्न भोजन की व्यवस्था नहीं है। इनमें जनजातीय समुदाय के कई बच्चे भी शामिल रहे। बच्चों को पानी की बोतल, भोजन रखने के डिब्बे और लेखन सामग्री दी गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना भी था। स्वच्छता व्यवस्था में योगदान देने वाले कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिले के दो विकासखंडों के स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र के साथ झाड़ू, तसला और फावड़ा जैसी उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। वहीं, 225 आशा बहुओं को साड़ी और शाल भेंटकर उनके सेवाभाव का सम्मान किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं और स्वच्छता व्यवस्था से जुड़े इन कर्मियों के सम्मान ने अभियान को सामाजिक संवेदना से जोड़ने का काम किया। भिनगा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दुर्गा पूजा और रामलीला कार्यक्रमों में भी सुभाष सत्या ने सहभागिता की। वे 140 से अधिक आयोजनों में पहुंचे। वहां प्रसाद ग्रहण करने के साथ आयोजकों को आर्थिक सहयोग भी दिया। इस सहभागिता के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान तथा स्थानीय आयोजकों के साथ जुड़ाव का संदेश देने का प्रयास किया गया।

17 अक्टूबर को सेवा संकल्प माह की निर्धारित अवधि पूरी हो गई, लेकिन सुभाष सत्या के अनुसार जनसेवा का संकल्प किसी तय समय-सीमा में सीमित नहीं है। अभियान के दौरान बच्चों, आशा बहुओं, स्वच्छता प्रहरियों और धार्मिक आयोजनों से जुड़े लोगों तक पहुंचने की पहल ने यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब विकास के साथ सम्मान और संवेदना को भी समान महत्त्व मिले। सेवा संकल्प अभियान का यही भाव इसे एक महीने के आयोजन से आगे बढ़ाकर निरंतर जनसेवा की प्रेरणा बनता है।

## बार थाना परिसर में मिशन शक्ति केंद्र का हुआ भव्य उद्घाटन

ललितपुर। बार (ललितपुर) में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के संकल्प को साकार करते हुए शुक्रवार को बार थाना प्रांगण में नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत निर्मित इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने नाम पट्टिका का पर्दा खींचकर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव एवं सीएसआर रीजनल हेड राजेंद्र सिंह खतेडिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि ने केंद्र में कराए गए कार्यों का अवलोकन किया। पूरा थाना परिसर तिरंगे गुब्बारों और फूल-मालाओं से सजाया गया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू हुआ मिशन शक्ति अभियान आज पूरे उत्तर प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने का संकल्प बन चुका है। अभी तक इसके 5 फेज सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। अब फेज-6 में महिलाओं को और अधिक निडर व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र पीड़ित महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। यहां उन्हें तत्काल सहायता, कानूनी परामर्श, शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही छत के नीचे मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा स्कूली बालिकाओं को पुस्तक व पेन वितरित कर मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया गया। बालिकाओं में खासा उत्साह देखा गया। इस केंद्र का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी उ.नि. राजेश सिंह (सीयूजी 9454406958) के निर्देशन में होगा। केंद्र पर 1090 वूमेन पावर लाइन, 112, 108 सहित महिला सुरक्षा से जुड़े सभी महत्वपूर्ण नंबर प्रदर्शित किए गए हैं। इस मौके पर इस मौके पर थानाप्रभारी पूराकला, अजमेर सिंह भदोरिया थानाप्रभारी बार सुधाकर पांडे, कृष्ण कुमार उपनिरीक्षक, प्रमोद कुमार पटेरिया, राहुल मिश्रा, केपी सिंह बुंदेला, रामलाल कुशवाहा, गौरव दुबे, पवन रिछारिया, सहित समस्त पुलिस स्टाफ, एलपीजीसीएल के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# धामों में धाम निराला है जगपति धाम

## जहां होते रहते हैं अलौकिक चमत्कार

एस. पी. सिंह परिहार



मल्हीपुर।( श्रावस्ती)। भारत के हिमालय और तलहटी देवभूमि के लिए विख्यात है। कुल देवी,देवहार,ग्राम देवता, ब्रह्मस्थान, तथा समय मां में लोगों के अटूट आस्था का वास है।सघन वनों के झुरमुटों में वन देवी का तो अपना अलग ही अनोखा ठाठ है। उत्तर भारत के अंतिम छोर के घनघोर बनाच्छादित के पावन भूमि में एक है जगपति धाम। लोक मान्यता के अनुसार जगपति धाम में साक्षात मां देवी का वास है। समय समय पर जगपति माँ के स्थान पर होनें वाली अलौकिक चमत्कारी घटनाएं आम जन मानस के मानसिक पटल पर कौंधती रहती है। जो लाख भुलाये नहीं भूलती है।देश के कोने-कोने से ही नहीं अपित विदेशों में भी जगपति मां के लाखों भक्त तथा अनुआई हैं। कल युग के कालिकाल में त्वरित फलदायिनी है मां जगपति। जगपति इस बियाबान जंगल में इस स्थान पर कब आई? इसका कोई ओर छोर और पुख्ता जानकारी नहीं है। श्रद्धा भाव से जो भक्त फरियाद लगाता है तो जगपति मां अपने भक्त का दारुण दुख का निश्चित रूप से हरण करती है। ऐसी अटल लोक मान्यता है। पहाड़ी बाबा ने की थी वन देवी की खोज : बन देवी जगपति मां का इस बियाबान भूमि से क्या नाता है? वह कब इस भूमि को प्रवास के लिए चुना ?यह एक अनबूझ पहेली बनी हुई है। स्थानीय गांव के बुजुर्गों का कहना है कि तकरीबन 150 वर्ष पहले पहाड़ी बाबा ने इस स्थान पर धूनी रमा कर वन देवी का पूजन अर्चना शुरू किया। जैसा कि उनके पूर्वज बताते रहते थे। जगपति नामकरण पहाड़ी बाबा अर्थात दयाल गिरी ने किया। पहाड़ी बाबा कौन थे? उनकी वंश वेल क्या रही? किसी को नहीं मालूम नहीं। जबकि कुछ लोग इनके नेपाल के काठमांडो प्रवासी होना बताते हैं। हालांकि यह सही है कि उन्होंने अपने बारे में कभी किसी को कुछ खास नहीं बताया। लेकिन उनके चेहरे की बनावट नेपाली मूल की लगती थी। हालांकि इस प्रतिनिधि से उनकी कई मुलाकातें हुई और उनके निवास, परिवार, साधना के बारे में चर्चा करने का प्रयास किया तो उनका यही एक जवाब होता था कि संत समाज का घर मठ मंदिर होता है। भक्त ही उसका परिवार। संत की कोई जाति नहीं होती। क्षेत्रीय लोगों का एक मत से कहना है कि उनके बाप दादा पर दादा ने पहाड़ी बाबा को इसी अवस्था में 150 बरसों से देखते आ रहे हैं। ना बालक ना बूढ़ा नौजवान बस इसी अवस्था में उन्हें देखा जाता रहा।इस महाप्रतापी संत के उम्र के बारे में किसी को कुछ सही नहीं पता, और ना ही उन्होंने कुछ बताया। बस लोग अपने हिसाब से उनके उम्र का आकलन करते रहे। आश्रम पर नानी का पार्दभावः तकरीबन 50 वर्षों पूर्व की बात है जब एक नेपाली मूल की 50 वर्षीय महिला राप्ती नदी की धारा में बहते हुए जगपति स्थान के छोर पर आ लगी। पहाड़ी बाबा ने इन्हें आश्रम में आश्रय दिया। महिला अपने पते ठिकाने नाम को भूल गई थी।

## पुरोहितों ने करायी महाअष्टमी पूजा, महास्नान, पुष्पाजंलि



बाराबंकी। नगर पालिका परिषद में चल रही 57वी शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव में आज रविवार को बंगाल के पुरोहित मनोतोष सरकार गागुली के नेतृत्व मे 4 सदस्यीय पूजा प्रभारी व सहयोगी अभय मिश्रा, रामधन मुखर्जी, राजेश सिंह, रामानन्द गुप्ता ने विशेष मंत्रोच्चार के साथ सुबह 8 बजे महाअष्टमी पूजा, महास्नान कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। ढाक की थाप, शंख के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। पुरोहितो के मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओ ने मां के चरणो मे पुष्पाजंलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया गया। दोपहर 2:30 बजे सहभोज एंव शाम 7:30 बजे आरती एंव प्रसाद वितरण मे हजारो की संख्या में श्रद्धालुओ ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलट्टू, राजन शर्मा, प्रीति सिंह, शरद राज सिंह, अर्पित गुप्ता, रविनन खंजाची, रजनीश गुप्ता, राम भजन, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एस0के शाह, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी, पंकज गुप्ता पंकी, चरनजीत सिंह गाबा, संजय सैनी, सुशील गुप्ता, मनोज जायसवाल, राजेश अरोड़ा बब्बू, सतीश चंद्र गुप्ता, सरिका गुप्ता, रेखा बीपी दास, माया जायसवाल, सीमा शर्मा, दर्शिका गुप्ता मौजूद रहे।

## अधिक सवारी, माडिफाइड मिलने पर एआरटीओ, पीटीओ ने की 4 बस सीज



बाराबंकी। लंबी दूरी के यात्रियों की सुरक्षा और सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए आपरेशन कवच-3 के तहत परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों के विपरीत चलाई जा रही स्लीपर और डबल डेकर बसों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना परमिट, बिना पीयूसी, ओवरलोडेड, आपातकालीन द्वार, फायर सेफ्टी उपकरण, चालकों की ड्रिंक एंड ड्राइव की जांच, बस-बॉडी कोड और ऊंचाई के मानकों का पालन की गहनता से जांच की गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने 15 स्लीपर, 30 सीट में पंजीकृत बहराइच जा रही बस पर 17 स्लीपर व 61 सीट व रियल एग्जिट द्वार पर दो स्लीपर मिलने पर सहित 2 बसो को सीज किया। तथा 3 बसो मे अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन मार्ग अवरोध मिलने पर चालान किये। इसके साथ ही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर चेकिंग के दौरान 3 बसो को सीज किया। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन टीमो द्वारा बिना परमिट मिलने पर 2 डम्फर व 4 ओवरलोड़ वाहनो को भी थानो मे निरुद्ध किया।

## स्नातक मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखें कार्यकर्ता: उपेन्द्र रावत



बाराबंकी। मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर स्थित सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू के आवास पर स्नातक चुनाव को लेकर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री रावत ने बूथ अध्यक्षो एवं कार्यकताओं को स्नातक मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। इस बैठक मे पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, अमरीश सोनी, अभिषेक नीरज गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, स्पंदन सिंह, प्रभात घोष, संतोष कुमार मिश्रा, अमित तिवारी, ऋषि तिवारी आदि मौजूद रहे।

## धरा साधु का वेश, सीता को हर ले गया लंकेश...



बाराबंकी। दशहरा बाग रामलीला मैदान मे लीला व्यास की मधुर वाणी में चैपाइयों के अनुसार सीताहरण एंव जटायु बध लीला का मंचन किया गया। जिसमे रावण एवम मारीच प्रसंग में रावण का किरदार अमर सिंह एंव मारीच का किरदार समिति मीडिया प्रभारी नितेश मिश्रा ने निभाया। जंहा व्यास पीठ की मधुर आवाज में मानस की चैपाइयों से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुये। इस दौरान अनिल अग्रवाल, रामलखन, संतोष सिंह, शिवकुमार, राजेश गुप्ता कृष्णा, राजेश मौर्य, राकेश वर्मा, सौरभ गुप्ता, शोभित गुप्ता, आर्यन तिवारी, राजू पटेल, अंकित राजा, काका, सुधीर जैन, रमेश कुरील, कुणाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने बाल श्रम की रोकथाम को चलाया अभियान

संक्षेप

## भटकी महिला को असम के वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया

**बांदा।** बदौसा थाना की मिशन शक्ति टीम ने मानसिक रूप से कमजोर असम राज्य की भटकी हुई महिला को सकुशल रेस्क्यू कर असम के वन स्टॉप सेंटर के सुपुर्द कर दिया है।

बदौसा थानाध्यक्ष राजेश मौर्या ने बताया कि 14 सितंबर को थाना बदौसा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि गांव महुराई में रेलवे पटरी के किनारे एक महिला ट्रेन से कटने के उद्देश्य से घूम रही है।थाना बदौसा की मिशन शक्ति टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा वहां घूम रही भटकी हुई महिला को सकुशल अपने संरक्षण में लेकर थाना बदौसा लाया गया। महिला को वन स्टॉप सेंटर बांदा पहुंचाया गया। महिला ने अपना नाम रूपाली पत्नी अमरेती पुत्री अनिराम निवासी चिमान चोकरे जनपद धेमाजी राज्य असम बताया गया। उसे वन स्टॉप सेंटर गुवाहाटी असम ले जाकर सुपुर्द किया गया। वन स्टॉप सेंटर, गुवाहाटी महिला के परिजन से संपर्क स्थापित किया गया है।

# आकर्षक झांकियों से दर्शक मंत्रमुग्ध



जिला संवाददाता

जौराबाजार, कुशीनगर।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, जोकवा बाजार शाखा की ओर से नवरात्रि के अवसर पर शनिवार की रात्रि नौ देवियों की चैतन्य झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। झांकी के माध्यम से आत्मिक शक्ति, पवित्रता, सद्गुणों की धारणा और नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया गया।केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रमिला बहन ने कहा कि नवरात्रि असुरत्व पर दैवीय गुणों की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने भीतर की बुराइयों और नकारात्मक प्रवृत्तियों को समाप्त कर शांति, प्रेम, पवित्रता, धैर्य और करुणा जैसे श्रेष्ठ गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। नौ देवियों की चैतन्य झांकी हमें अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संदेश देती है। प्रोफेसर डॉ. प्रणव चतुर्वेदी ने कहा कि नवरात्रि सत्य, सदाचार और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।क्षेत्रीय वन अधिकारी अखिलेश कुमार दुबे ने कहा कि नवरात्रि परमात्मा से शक्ति प्राप्त कर अपने भीतर सद्गुणों को धारण करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में बच्चों ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और नारी शक्ति पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं।कुमारी मोहिनी ने मां दुर्गा का स्वरूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुति दी।नौ देवियों की चैतन्य झांकी ने लोगों को देवी स्वरूपों की आध्यात्मिक महत्ता से परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार सूरज भाई ने किया। उन्होंने राजयोग ध्यान और परमात्मा की याद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सकारात्मक विचारों से जीवन में शांति और संतुलन स्थापित किया जा सकता है।इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ राजेश पांडेय, ब्रह्माकुमारी बिंदु, सावित्री, माधुरी, जया, उदय भान, मनोज, पंकज आदि उपस्थित रहे।

## मूर्ति विसर्जन स्थल पहुंचे डीएम-एसपी, सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश



**महोबा।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी प्रभाष कुमार और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने कीरत सागर विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी इन्द्र नन्दन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और यातायात इंतजामों का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि विसर्जन नियमानुसार सूर्यास्त से पहले केवल चिन्हित स्थलों पर ही हो और इसमें सिर्फ अधिकृत गोताखोर ही तैनात रहें।

इसके साथ ही मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और सोशल मीडिया सेल को अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस ने जनता से त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की है।

## महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में चढ़ी अठवाई, हुआ भंडारा



**बांदा।** शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर मां भगवती की भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, सिंहवाहिनी सहित गिरवां के खत्री पहाड़, कमासिन के बाकल देवी आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजन कर अठवाई चढ़ायी। शहर के मोहल्ला कंचनपुरवा में भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्याममोहन धुरिया ने कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया। महाअष्टमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दराज के क्षेत्रों के साथ-साथ आसपास के इलाकों से भी बड़ी संख्या में कन्याएं पहुंची। भोज के माध्यम से मां दुर्गा के स्वरूप में कन्याओं का पूजन कर उपहार देकर सम्मानित किया गया। नवरात्र के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इसी तरह अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भंडारा व कन्याभोज का आयोजन किया।

## स्नातक चुनाव के लिए 18 मतदान स्थल तय

**बांदा।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 18 मतदान बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर केवल स्नातक मतदाता ही मतदान कर सकेंगे।जिलाधिकारी अमित आसेरी ने बताया कि मतदान स्थल जसपुरा, तिंदवारी, बांदा शहर, मटौंध, बबेरू, कमासिन, बिसंडा, महुआ, अतर्रा और नरैनी में बनाए गए हैं। इनमें क्षेत्र पंचायत कार्यालयों के अलावा आर्य कन्या इंटर कॉलेज, नेहरू इंटर कॉलेज, बालिका इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय खिन्नी नाका, ज्वाला प्रसाद शर्मा इंटर कॉलेज, हिंदू इंटर कॉलेज और राजकुमार इंटर कॉलेज हैं। कुछ केंद्रों पर मतदाता सूची के खंडों के अनुसार अलग-अलग भाग हैं। इन मतदान स्थलों पर संबंधित क्षेत्र पंचायतों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों के निर्धारित वार्डों व क्षेत्रों के स्नातक मतदाता मतदान करेंगे।

## बांदा-टांडा हाईवे पर हादसों के कई हॉट स्पॉट, प्रशासन बेखबर

बांदा। बांदा-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। तिंदवारी कस्बे के बीच से गुजरने वाले इस राजमार्ग पर कुरसेजा चैकी से बेंदाघाट तक कई ऐसे स्थान हैं, जहां हादसे हो रहे हैं। सितंबर और अक्तूबर में अब तक छह लोग जान गंवा चुके हैं और 20 लोग गंभीर घायल हो चुके हैं। इसके बावजूद दुर्घटना बहुल स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। कुरसेजा चैकी, मुंगुस गांव, जसईपुर, पहलवान बाबा आश्रम, खौंडा मोड़, भुजरख मोड़ और जौहरपुर मोड़ दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील हैं। इन स्थानों पर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने और रात में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की जरूरत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर गिट्टी और मौरंग लदे भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। तेज रफ्तार से निकलने और आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान अक्सर संतुलन बिगड़ने या सामने से आने वाले वाहन से टकराने का खतरा रहता है। अक्तूबर में कानपुर नगर के घाटमपुर निवासी शिवम (24), तेरही माफी निवासी धर्मेंद्र उर्फ अंशु (11) और छह अक्तूबर को फतेहपुर के गाजीपुर निवासी अमित सेंगर (25) की मौत हो गई। इससे पहले 22 सितंबर को कस्बा तिंदवारी निवासी राशिद सिद्दीकी (40) और जसईपुर निवासी महेश पटेल भी सड़क हादसों में जान गंवा चुके हैं। हादसे के बाद घंटों जाम लगा रहता है। स्पीड ब्रेकर, संकेतक और रोशनी की कमी है। -जसईपुर, खौड़ा मोड़ और जौहरपुर मोड़ के पास हालही में एनएचएआई की ओर से काम कराया गया है। यहां पर संकेतक लगाने के साथ ही रंबल पट्टी आदि अन्य उपाय भी कर दिए गए हैं।

## एसडीएम ने किया पंडालों और घाटों का निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में उप जिलाधिकारी सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी द्वारा तहसील क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडालों के आयोजकों के साथ वार्ता की गई। इस दौरान आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए त्योहार के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया इसके साथ ही उप जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## लूट के इनामी बदमाश को पकड़ने गयी पुलिस पर हमला

- सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 19 लोगो पर मुकदमा दर्ज
- आठ पुलिस कर्मी हुए थे घायल

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर में एक लूट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने गयी पुलिस को परिवार के महिला एवं पुरुषों के काफी विरोध का सामना करना पडा और बिना गिरफ्तार किये बैरन वापस आना पडा। थाना प्रभारी पंकज गुप्ता के तहरीर के आधार पर थाने में चार पुरुष एवं पाँच महिला नामजद एवं दस के विरुद्ध संगीन धाराओं में पुलिस देर शनिवार की रात्रि मुकदमा दर्ज कर लिया।थानाध्यक्ष ने अपने तहरीर में लिखा है कि अपने सरकारी वाहन से अपने हमराहियों के साथ रवाना होकर क्षेत्र की देखभाल जाँच संदिग्द व्यक्ति वाहन पैदल गस्त नवरात्रि त्यौहार के दृष्टिगत वाहन जाँच क्षेत्र में रखे मुर्तियों के.विसर्जन निरीक्षण करते हुए खोरीबारी चौराहे पर मौजूद था।क्षेत्र में भ्रमणशील एक्शन मोबाईल में मौजूद उपनिरीक्षक कमलेश गुप्त महिला आरक्षी व्यूटी पाल होमगार्ड शिवम मिश्र सरकारी वाहन थार जीप के सहचलक चीता मोबाइलमें मौजूद आरक्षी बनकटाशिव मन्दिर पर शान्ति व्यवस्था के लिए उपस्थित था।वही उपस्थित आरक्षी व उपनिरीक्षकों को बुलाया गया।वही थाने में दर्ज लूट के मामले में न्यायालय के गैरजमानती वारेन्ट पर विकास यादव पुत्र शिव यादव ग्राम सल्लहपुर निवासी के घर पुलिस गिरफ्तारी के लिए पहुंच कर घर पर दविश दी।अभियुक्त घर पर नही मिला।अभियुक्त पर पुलिस ने 15हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया।परिजनो से पुछताछ के दौरान घर की महिलाएं व पुरुष सदस्य द्वारा घर पर लगातार दविश की बात करते हुए पुलिस से उलझने लगे।सरकारी वाहन व पुलिस के बाईक की चाभी हेल्मेट की चाभी छिनने का प्रयास करने लगे।महिला आरक्षी व्यूटीपाल महिलाओं को समझाने का प्रयास कर रही थी।लेकिन वहां मौजूद जयसिंह यादव रंजय यादव पूजा यादव मंशा यादव पूजा यादव मधु यादव सीमा यादव मुस्कान यादव सोनू यादव गोलू यादव उर्फ दीपक एवं 10अन्य अज्ञात लोग आकर पुलिस को गाली देते हुए जानसे मारने की धमकी देते हुए लाठी डण्डा से हमला कर दिया।जिसके बाद अफरा तफरी का माहौल बन गया।जिसमेंउपनिरीक्षक राहुल यादव संतोष दुबे कमलेश कुमार, आरक्षी सुधीर यादव मुख्य आरक्षी चन्द्रिका प्रजापति महिला आरक्षी व्यूटीपाल आरक्षी मानवेन्द्र यादव अनिवेश सिंह को चोटे आयी है।

## पं.अवध बिहारी बाजपेई ने दिया मानव कल्याण का संदेश

बहराइच। शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर पकरा देवरिया के पंडित सिसवारा में नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य महाकन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 551 कन्याओं को विधिवत भोजन कराया गया। इसके बाद उन्हें दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।इस धार्मिक आयोजन में पंडित अवध बिहारी बाजपेई ने अपने सुंदर एवं प्रेरणादायक प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित भक्तों को मानव कल्याण, सदाचार, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक ने विद्यालयों का दौरा कर ध्रुव त्रिपाठी के लिए समर्थन मांगा



देवरिया। जिले के शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक एवं गोरखपुर फैजाबाद निर्वाचन खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के देवरिया विधानसभा के संयोजक श्री नरेंद्र तिवारी ने कई विद्यालयों का दौरा कर भाजपा एवं शिक्षक महासंघ के संयुक्त सुयोग्य, कर्मठ एवं इमानदार प्रत्याशी श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी जी के पक्ष में शिक्षकों को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेकर उन्हें वरीयता का प्रथम वोट देकर भारी मतों से विजई बनाने के लिए थापर इंटर कॉलेज, आरबीटी इंटर कॉलेज, डी एस एस इंटर कॉलेज, इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज, एवं पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया में सभी अध्यापक मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें जिताने की अपील की। इसी संदर्भ में पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज के हमारे शिक्षिका बहनों द्वारा अपनी कुछ समस्याओं को बताया गया जिसे शीघ्र ही निराकरण कराने का हम लोगों ने प्रयास किया है और आगे भी करते रहेंगे।

## एसडीएम और सीओ ने कपरवार दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

देवरिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत . शंकर के निर्देशन में जनपद में शारदीय नवरात्रि व दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी बरहज एवं क्षेत्राधिकारी बरहज श्रीमती रंजना सचान द्वारा थाना बरहज क्षेत्रान्तर्गत कपरवार क्षेत्र में भ्रमण कर दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं आयोजकों से संवाद कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने की अपील की गई। आयोजकों को पंडालों में पर्याप्त प्रकाश, विद्युत सुरक्षा एवं अग्निशमन के आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने तथा प्रवेश एवं निकास मार्गों को सुगम बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही भीड़ प्रबंधन के लिए स्वयंसेवकों को सक्रिय रखने एवं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

## पथरदेवा में दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले का समापन

जिला संवाददाता



देवरिया। कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनांतर्गत दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेले का आयोजन जनपद देवरिया के आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप संघानी, चेयरमैन, इफको तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मा. दयाशंकर सिंह, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में डॉ. टी.एम. त्रिपाठी, कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा एक नवंबर से चलाए जाने वाले खेत बचाओ अभियान के संबंध में कृषकों को जानकारी दी गई। साथ ही कृषि से संबंधित विभिन्न नवीन जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. रमेश मौर्य, निदेशक, रहमानखेड़ा, लखनऊ एवं डॉ. आशुतोष मिश्रा, निदेशक, बीज विकास निगम, लखनऊ तथा संयुक्त कृषि निदेशक, उर्वरक एवं गुणवत्ता नियंत्रक, लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक, बाढ़ोन्मुखी, लखनऊ, संयुक्त कृषि निदेशक, गोरखपुर मंडल, गोरखपुर, मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग के समस्त वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी तथा अन्य कार्मिक उपस्थित रहे केवीके बस्ती के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.के. तोमर द्वारा तिलहनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही केवीके मल्हना, भाटपाररानी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मान्धाता सिंह द्वारा रबी 2026 की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों एवं विधियों की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त केवीके महराजगंज, केवीके बेलीपार, गोरखपुर, केवीके संतकबीरनगर तथा केवीके आजमगढ़ के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से जनपद के कृषकों को कृषि संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा उद्यान विभाग, गन्ना विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग सहित 20 से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं कृषि संबंधी जानकारियां प्रदान की गईं। कृषि विभाग द्वारा मैकेनाइजेशन एवं इन-सीटू योजनांतर्गत कृषकों को विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों का वितरण कराया गया। साथ ही कृषि विभाग, इफको एवं नूजीवीडू कंपनी द्वारा कृषकों को निःशुल्क सरसों एवं सब्जियों के मिनी किट वितरित किए गए।

## 31 दिसम्बर तक संचालित होगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0

**बहराइच** । मीडियेशन एवं कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी (एमसीपीसी), माननीय सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में सम्पूर्ण देश में 01 अगस्त 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद बहराइच में भी न्यायालयों में लंबित उपयुक्त वादों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु मध्यस्थता प्रक्रिया को प्रभावी रूप से अपनाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा वाद, सेवा संबंधी विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली संबंधी मामले, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित विवाद, बेदखली संबंधी मामले, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले तथा अन्य उपयुक्त दीवानी विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विनोद कुमार यादव द्वारा बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना है। मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकार स्वयं अपनी सहमति से विवाद का समाधान खोजते हैं, जिससे समय एवं धन की बचत होने के साथ-साथ पक्षकारों के आपसी संबंध भी सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। मध्यस्थता प्रक्रिया पूर्णतः स्वैच्छिक एवं गोपनीय होती है तथा यह समय एवं धन की बचत करने वाली प्रक्रिया है। न्यायालय में लंबे समय तक चलने वाले विवादों का समाधान कई बार मध्यस्थता के माध्यम से कम समय में संभव हो जाता है। प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के मध्य संवाद स्थापित कर उनकी सहमति से विवाद का समाधान कराने का प्रयास करते हैं।

## लवकुश ज्वैलर्स का भव्य उद्घाटन

**फतेहपुर।** जयराम नगर जोनिहा बस स्टॉप के पास क्षेत्रवासियों के लिए खरीदारी का एक नया और विश्वसनीय ठिकाना जुड़ गया है। हाल ही में यहाँ लवकुश ज्वैलर्स का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-पाठ के साथ संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी ने शिरकत की।उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण सदर विधायक द्वारा फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। दलीपुर निवासी एवं प्रतिष्ठान के संचालक लवकुश लोधी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी इस नई दुकान पर ग्राहकों को सोने और चांदी के आभूषणों की बेहतरीन और आधुनिक रेंज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि और शुद्धता ही इस प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी, जिससे स्थानीय लोगों को अब आभूषणों की खरीद्दारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर बद्री विशाल लोधी, सुधीर कपड़े वाले, मुन्ना, राजकरन, रामसुमेर, रमेश, सुनीता देवी और चंदा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालक को बधाई दी। उद्घाटन के बाद आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने दुकान के आभूषणों का अवलोकन भी किया।

## जिलाधिकारी ने की नेताओं के साथ बैठक

कुशीनगर। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदेय स्थलों के सम्भाजन, उनके भौतिक सत्यापन, निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण तथा पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जाएगा। आयोग के निदेर्शों के क्रम में प्रति मतदेय स्थल अधिकतम 1,200 मतदाताओं तथा दो किलोमीटर की भौगोलिक परिधि को ध्यान में रखते हुए सम्भाजन की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई अतिवृष्टि को देखते हुए पूर्व में अंतिम रूप से प्रकाशित मतदेय स्थलों का 16 से 18 अक्टूबर 2026 तक पुनः भौतिक सत्यापन कराया जाएगा, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि भौतिक सत्यापन के उपरांत मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 19 अक्टूबर 2026 को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाएगी। वर्तमान में स्थापित मतदेय स्थलों के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव होने पर संबंधित प्रतिनिधि 23 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक दशा में जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा संबंधित उपजिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा दें, जिससे प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत 12 नवंबर 2026 को आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा तथा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को होगा।जिलाधिकारी ने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों सहित सभी पात्र छूटे हुए नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत फार्म-6 भरवाया जाए। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से जनपद के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा उनकी सूची एक प्रति में जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीएलए के माध्यम से पात्र नागरिकों के फार्म-6, अपात्र अथवा मृत निर्वाचकों के संबंध में फार्म-7 तथा प्रविष्टियों में संशोधन के लिए फार्म-8 प्राप्त कर संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराया जा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं प्रक्रिया की जानकारी देते हुए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपेक्षा की। बैठक में आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, अपना दल (एस), कांग्रेस तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।अंत में जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचन नामावलियों को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाने तथा मतदेय स्थलों की व्यवस्था को।

## मिशन टीम ने बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक



**कुशीनगर।** मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत रविवार को ग्राम पंचायत ढाढ़ा बुजुर्ग में बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एएचटी थाना प्रभारी जितेंद्र एवं जिला मिशन समन्वयक, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन नलिन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को इस सामाजिक कुप्रथा को रोकने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान शांतपुष्पा विद्यालय के बच्चों ने नाटक के माध्यम से बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शैक्षिक एवं व्यक्तिगत नुकसान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों ने संदेश दिया कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य, शिक्षा और उनके समुचित विकास में बाधक है। इसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।इस दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनकी पात्रता एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सेवा योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रमुख रहीं। उपस्थित लोगों को इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने और जरूरतमंद परिवारों को इनके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। उप निरीक्षक विनीत वर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न आपातकालीन एवं महिला-बाल सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 तथा एंबुलेंस सेवाओं 108 एवं 102 के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट की स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का समय से उपयोग कर पीड़ितों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। श्रीमती सुनीता पाण्डेय ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों से इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए बाल विवाह की रोकथाम आवश्यक है।

कार्यक्रम में कोतवाली हाटा से महिला कांस्टेबल ज्योति कुमारी, कविता यादव, अनु यादव एवं ज्ञान प्रकाश सूर्यवंशी सहित गृह विभाग के पुलिसकर्मी, एएचटी थाना से मुकेश समझ यादव, महिला कांस्टेबल अनुराधा सिंह एवं शालिनी पाण्डेय तथा महिला कल्याण विभाग से प्रीति सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती प्रियंका चौरसिया ने अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलती है, तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 अथवा पुलिस हेल्पलाइन नंब

# रंग बदलते ट्रंप

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप जिस तरह बार-बार अपने फैसले उलटते -पलटते रहते हैं, उससे उनकी नीतिगत अस्थिरता की झलक मिलती है। अभी कुछ दिन ही तो हुआ था जब उन्होंने अमरीकी कांग्रेस के द्वारा पारित 'लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट' को मंजूरी देकर रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का रास्ता साफ कर दिया था। लेकिन इतनी जल्दी पलट गये कि कूटनीतिक पर्यवेक्षक भी आश्चर्य में पड़ गये हैं। ट्रंप ने अब इस एक्ट की धारा 115 के तहत इस पर रोक लगा दी है और इसे अमरीका का राष्ट्रीय हित करार दिया है। सवाल है कि अगर 'लिंडसे ग्राहम सैंक्शनिंग एक्ट'पर रोक लगाना राष्ट्रीय हित है तो फिर इस कानून को अमरीकी कांग्रेस ने पारित ही क्यों किया था? अगर एक महीने में ही यह कानून अमरीका विरोधी बन गया है,तो फिर इसे पारित ही नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने यह कानून चीन पर दबाव बनाने और भारत को ब्लैकमेल करने के लिए बनवाया था लेकिन जब डीजल की कमी का संकट अमरीका में




**ट्रंप ने 100 टैरिफ लगाने वाले कानून को रोक कर ये साबित कर दिया कि इसका उद्देश्य सिर्फ ब्लैकमेल करना था।**

खड़ा हुआ तो ट्रंप ने न सिर्फ रूस से खुद तेल की डील कर ली बल्कि कानून पर ही रोक लगा दिया। यह है अमरीका की नीति। दूसरे देशों को हमेशा ऊर्जा संकट में डालने वाले ट्रंप जब अमरीका की बात आयी तो सारे-नियम कानून ताक पर रख दिया। दरअसल यह दुनिया के अन्य देशों के लिए एक सबक है कि किस तरह अमरीका दूसरे देशों को नुकसान पहुंचाने के लिए नीच हरकत करता रहता है ताकि उसकी बादशाहत बनी रहे। भारत को भी इससे सबक लेना चाहिए और अपनी अर्थव्यवस्था को इस हद तक आत्मनिर्भर बनाना चाहिए कि अमरीकी प्रतिबंधों का कोई खास असर न पड़े। अमरीका की आबादी कम है और संसाधन बहुत अधिक, ऐसे में तेल संकट का असर पर अमरीका पर उतना घातक नहीं पड़ा है। जबकि भारत जैसे देश जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अधिकांश तेल आयात करते हैं, उनके सामने मुद्रास्फीति, रुपये का अवमूल्यन और विदेशी मुद्रा रिजर्व को बनाये रखना बड़ा संकट है। इस बीच ट्रंप बीते कई दिनों से धमकी भरे बयान दे रहे हैं कि ईरान को उड़ा देंगे। ईरान का अस्तित्व खत्म कर देंगे। ईरान को नरक बना देंगे। ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे, लिहाजा वह संवर्धित यूरेनियम अमरीका को सौंप दे। अमरीका क्या करता है यह तो उसे तय करना लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर पूरा फोकस करना चाहिए। अमरीका में मध्यावधि चुनाव का निर्णायक दौर चल रहा है और तीन नवम्बर को वहां मतदान है। उसके बाद ट्रंप ईरान पर बड़ा हमला भी कर सकते हैं या कोई समझौता कर अपनी जीत का दावा कर निकल भी सकते हैं। फिलहाल ट्रंप अपनी 'रिपब्लिकन पार्टी की संसदीय प्रतिष्ठा किसी भी तरह बचाने को आतुर हैं, लिहाजा अचानक रूस के साथ 30 लाख टन डीजल की आपूर्ति का समझौता भी किया है, लेकिन ज्यादातर सर्वेक्षण चुनावों में राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक पराजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं। तीन दिन के युद्ध की योजना का बुनियादी मकसद है कि आनन-फानन में ईरान पर विध्वंसक हमले किए जाएं और अचानक अमरीका की जीत का एलान कर दिया जाए। यह इतना आसान, सरल, सहज, एकतरफा नहीं होगा, क्योंकि ईरान ने भी चेतावनियां जारी की हैं कि उसने कई गुना तेज हथियार बना लिए हैं, रक्षा उत्पादन को 250 फीसदी तक बढ़ा लिया है। अमरीका पर उन मिसाइलों, हथियारों से पलटवार किए जाएंगे, जिनकी उसने कल्पना तक नहीं की होगी। बहरहाल अमरीकी कांग्रेस की एक रिपोर्ट आयी है जिसके मुताबिक ईरान युद्ध में अमरीका को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में अब ट्रंप आगे की लड़ाई बहुत सोच-समझ कर आगे बढ़ायेंगे। वह यह जरूर चाहेंगे कि उनको ईरान में सम्मानजनक एक्जिट मिल जाये। क्योंकि ईरान युद्ध में जिस तरह ट्रंप और अमरीका की फजीहत हुई है उससे अमरीकी प्रतिष्ठा कम हुई है।

---

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

-वाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

-प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुअर.

# अब संसद से दूर होगा लोकतांत्रिक प्रतिरोध!

वीना गौतम

लोकतंत्र की असली परीक्षा इस बात से नहीं होती कि संसद की इमारत कितनी भव्य है, यह इस बात से होती है कि उसकी देहरी तक आम आदमी की आवाज कितनी आसानी से पहुंच सकती है। कभी दिल्ली का बोट क्लब जनाक्रोश, जनसंघर्ष और लोकतांत्रिक प्रतिरोध का बड़ा मंच हुआ करता था। फिर विरोध की उस आवाज को वहां से हटा दिया गया। अब जंतर-मंतर से भी बंदिशों और धरना-प्रदर्शनों को राजधानी के केंद्र से दूर ले जाने की तैयारी कर ली गई है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर सरकार जनता की आवाज से इतनी असहज क्यों है? दुनिया के सारे प्रमुख लोकतंत्रों में जन प्रतिरोध के लिए संसद के बिल्कुल आसपास ही जगह मुहैय्या करायी गई है। अमेरिका में राजधानी वाशिंगटन जहां देश की संसद स्थिति है, उसके बिल्कुल 200 मीटर के दायरे में जन प्रतिरोध के लिए जगह मौजूद है। 'कैपिटल हिल' से खड़े होकर जन प्रतिरोध को न केवल देखा और सुना जा सकता है बल्कि संबोधित भी किया जा सकता है। यही स्थिति लंदन में संसद के बिल्कुल निकट लोगों के विरोध प्रदर्शन हेतु 'पार्लियामेंट स्क्वायर' का मौजूद होना है,जहां लोग धरना प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी तरह कनाडा में ओटावा का पार्लियामेंट हिल संसदीय प्राधिकरण की अनुमति और क्षेत्र विशेष की शर्तों के साथ धरना प्रदर्शनों के लिए मौजूद है।

फ्रांस में पेरिस का प्लास द ला रिपब्लिक सार्वजनिक चौकों पर रैलियों और जुलूस की अनुमति देता है, पूर्व सूचना के साथ। यही स्थिति जर्मनी में भी है, जहां संसद के 300 मीटर के भीतर लोग अपने प्रतिरोध का परचम फहरा सकते हैं। लेकिन पिछले दिनों भारत सरकार ने जंतर-मंतर को धरना प्रदर्शनों के लिए डि-नोटिफाई कर दिया गया है और राजधानी दिल्ली में धरना प्रदर्शनों के लिए तीन स्थान तय किये हैं- रामलीला मैदान जो कि संसद से 5 किलोमीटर दूर है, बुराड़ी का निरंकारी मैदान जो संसद से 22 किलोमीटर दूर है और तीसरा पूर्वी दिल्ली स्थित सीबीडी ग्राउंड जो कि पार्लियामेंट से 13 किलोमीटर दूर है। ऐसे में अगर इन जगहों में जन-प्रदर्शन होते भी है, तो उसका सरकार या सत्ता पर क्या असर पड़ेगा? यह तो वही होगा जैसे कि जंगल में मोर नाचा लेकिन किसने देखा? आखिर भारत में विरोध की आवाज को संसद से दूर रखने की प्रवृत्ति किस लोकतांत्रिक विवेक से संचालित है? क्या राजधानी की व्यवस्था बनाये रखने का अर्थ जनता के असंतोष को उसकी आंखों से ओझल करना है? आखिर धरना केवल सड़क घेरने की घटनाभर तो नहीं है? सत्ता को जवाबदेह बनाने का संविधान से मिला एक माध्यम भी है। ऐसे में सवाल यह नहीं है कि प्रदर्शन कहां हों? सवाल यह है कि लोकतंत्र जनता की आवाज सुनने के लिए कितनी दूर तक आने को तैयार है? लोकतंत्र में विरोध की आवाज केवल उठनी ही नहीं चाहिए बल्कि उसे सत्ता के कानों तक पहुंचनी भी चाहिए। धरना किसी मैदान में बैठे लोगों की भीड़भर नहीं होता, वह सरकार और जनता के बीच संवाद का एक ऐसा सार्वजनिक माध्यम भी होता है, जिसमें असहमति को दृश्यता मिलती है, मांगों पर बहस शुरू होती है और कभी-कभी नीतियों की दिशा भी बदलती है। इसलिए धरना प्रदर्शन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। उन्हें समस्या मानकर दूर भेजने का मतलब लोकतंत्र की जीवंतता से आंखें चुराने जैसा है। आखिर किसी सजीव लोकतंत्र में लोक की भागीदारी का यही तरीका है। दिल्ली में विरोध स्थलों का इतिहास इस सवाल को और प्रासंगिक बनाता है। कभी इंडिया गेट के निकट बोट क्लब के लॉन सत्ता के सामने जन असंतोष दर्ज कराने की प्रमुख जगह हुआ करता था। अक्टूबर 1988 में किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में लाखों किसानों का जमावड़ा हुआ और इस आंदोलन ने राजीव गांधी सरकार पर किसानों की मांगों को लेकर दबाव बनाया। इससे नाराज तत्कालीन सरकार ने अंततः बोट क्लब पर बड़े प्रदर्शनों को प्रतिबंधित कर दिया। इसके बाद सन 1993 में जंतर-मंतर जनविरोध को स्वर देने की संसद के निकट एक प्रमुख जगह के रूप में उभरा। यह तीन दशक तक विभिन्न तरह की सामाजिक और राजनीतिक असहमतियों को मुखर स्वर देने की जगह रहा।




**अब नहीं होगा जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन**

अन्ना हजारे का आंदोलन हो या निर्भया कांड के बाद न्याय की मांग को लेकर उमड़ा जनाक्रोश, इस जगह ने विरोध को राजधानी के सार्वजनिक जीवन का हिस्सा बना दिया। लेकिन अब यह कहानी फिर नये मोड़ पर है। दिल्ली पुलिस के 11 अक्टूबर 2026 के आदेश के तहत जंतर-मंतर रोड को निर्धारित विरोध स्थल की सूची से हटा दिया गया और राजधानी में तीन जगहों को धरना प्रदर्शन के लिए अधिकृत किये जाने की बात हुई। जैसा कि हमने ऊपर बताया है कि रामलीला ग्राउंड, बुराड़ी का निरंकारी मैदान और पूर्वी दिल्ली का सीबीडी ग्राउंड। इस फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, 15 अक्टूबर 2026 को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। लेकिन सवाल यह है कि दिल्ली में नये निर्धारित स्थलों में धरना प्रदर्शनों के होने का आखिर क्या असर रह जायेगा? स्थान की दूरी के साथ परिवहन, आयोजन का खर्च, धरना स्थल पर पानी, शौचालय, चिकित्सा सुविधा की मौजूदगी और सबसे बड़ी बात यह कि राजधानी की इन सुदूर जगहों पर अगर धरना प्रदर्शन आयोजित होते हैं, तो उन तक मीडिया कैसे पहुंचेगी और मीडिया नहीं जायेगी तो सरकार पर किसी तरह का दबाव कौन बनायेगा? सरकार और पुलिस का तर्क है कि बड़े प्रदर्शनों से यातायात बाधित होता है, सुरक्षा संबंधी चुनौतियां पैदा होती हैं और सार्वजनिक दबाव पड़ता है। यह चिंता निराधार नहीं है। किसी भी लोकतंत्र को प्रदर्शनकारियों के अधिकारों और अन्य नागरिकों के दैनिक जीवन के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। लेकिन दूसरी तरफ यदि किसी मजदूर संगठन, किसान समूह, बेरोजगार युवा या दूरदराज से आये नागरिक को अपनी मांग दर्ज कराने के लिए शहर के दूसरे छोर तक जाना पड़े तो यात्रा और ठहरने का खर्च उसके लिए अतिरिक्त बाधा बन सकता है।

सत्ता के केंद्र से दूरी बढ़ने पर मीडिया की दृश्यता और संबंधित अधिकारियों तक त्वरित पहुंच भी प्रभावित होगी। यह प्रभाव हर मामले में समान नहीं होगा, लेकिन नीति बनाते समय इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। लोकतंत्र की मजबूती का पैमाना केवल यह नहीं होता कि कितने लोग चुनाव में मतदान करते हैं। यह भी होता है कि वो चुनाव के बीच अपनी असहमति कितनी स्वतंत्रता और प्रभावशाली ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। धरना तत्कालीन सरकार को गिराने या हर मांग को स्वीकार कराने का ही साधन नहीं है, यह सार्वजनिक विमर्श में दबाव और जवाबदेही पैदा करने का भी माध्यम है। इसलिए बोट क्लब से जंतर-मंतर और जंतर-मंतर से इन दूर स्थित मैदानों तक प्रतिरोध की इस यात्रा के बीच असली सवाल यही है कि क्या विरोध को सत्ता की नजरों से दूर किया जा रहा है?

> लोकतंत्र की मजबूती का पैमाना केवल यह नहीं होता कि कितने लोग चुनाव में मतदान करते हैं। यह भी होता है कि वह अपनी असहमति कितनी स्वतंत्रता और प्रभाव शाली ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। धरना तत्कालीन सरकार को गिराने या हर मांग को स्वीकार कराने का ही साधन नहीं है, यह सार्वजनिक विमर्श में दबाव व जवाबदेही पैदा करने का भी माध्यम है।

---

सोशल मीडिया



पीडीए के प्रेम, दया, अपनापन का सौहार्द पूर्ण सकारात्मक संदेश हर दिन नये लोगों को जोड़ रहा है, भ्रष्ट भाजपा के पाप का घड़ा प्रदेश की जनता अपने वोट से तोड़ेगी। अखिलेश यादव.



डबल इंजन सरकार के सुशासन, रोजगार सृजन, गरीब कल्याण व विकास के संकल्प से तीर्थराज प्रयागराज अब प्रगति पथ पर नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सीएम योगी.



कांग्रेस गठबंधन के दलों और विलुप्त होते हुए वामपंथी दलों के निरंतर समाप्त होते जन समर्थन और निरंतर नैतिक पतन से अब उन्हें राजनीति में सफल होने की संभावना नहीं है। सुधांशु त्रिवेदी.

# भविष्य की संभावनाएं

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तामन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है।

पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो- व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

अंतर्दृष्टि

# शर्म की गुलामी से मिली आजादी

व्यंग्यलोक


लो जी प्रदेश के चुनाव भी हो गए। एक दूसरे को शर्मसार कर देने वाले भाषणों को विराम मिल गया। किसी थके नेता की मानिंद श्रीमती जी सोफे पर लेटीं पत्रिका में 'हाय! मैं शरम से लाल हुई' पढ़कर मंद-मंद मुस्कुरा रहीं थीं। लेकिन मुझे शरम से लाल हो जाने वाली बात हजम नहीं हुई। बल्कि पिलपिली खोपड़ी में उटपटांग विचार धमाचौकड़ी करने लगते हैं। वो इसलिए क्योंकि, शरम के प्रादुर्भाव के सम्बन्ध में ठीक-ठीक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। कोई पौराणिक उल्लेख अब तक मेरी नजर से नहीं गुजरा। सिवा इसके कि आदम और हौवा नंगे इस धरती पर आए थे। बचपन से लेकर जवानी तक नंगे विचरते रहे। जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही वर्जित फल का सेवन कर बैठे और मेरे विचार से इसके बाद ही उन पर शरम हावी हुई होगी। तब जाकर तन पर पत्ते वगैरह लपेटे होंगे। किन्तु अब पुरातन परम्पराएं टूट रहीं है। आज शादी के पूर्व की शरम, 'प्रीवेडिंग-शूट' की अधुनातन परम्परा के साथ तिरोहित होती जा रही है। आधुनिकता की दौड़ में संस्कार की वर्जनाओं को तोड़ते युवक-युवती की शरम, बेशरम हो चली है। शरम लगभग समाप्ति पर है। पश्चिम में पहले ही समाप्त हो चुकी है।



राकेश सोहम

भारत जैसे देश में अभी इसका अस्तित्व बाकी है। यद्यपि यहाँ भी बेशरमाई का दौर शुरू हो चुका है। रुपहले पर्दों पर कपड़ों के पीछे छुपी शरम, बेपर्दा होने की जंग जीत गई है। शरम ने गुलामी के कपड़े उतार कर बेशरमाई का चोला अंगीकार कर लिया है। राजनीति के खिलंदड नेताओं के खुले मंच से बेशर्मियत भरी बयानबाजी को जनता निर्विकार भाव सुन लेती है। अतः किसी का शरम से लाल हो जाना ठीक नहीं लगता। भले ही एक प्रेमी, लाल टमाटरों में गोरी के गालों का आभास कर लेता हो। कुलमिलाकर शरमाकर लाल हो जाने का अतिशयोक्तिपूर्ण प्रयोग ठीक नहीं है। एक मनचला पडोसी-युवक, युवती के घर के सामने से एक्टिंग मारते हुए गुजरता है। युवती से नजरें चार होतीं है। तब द्विआयामी असर दिखाई देता है। इधर युवती शरम से लाल होती है। उधर युवती का खलनायक भाई गुस्से से लाल हो जाता है। लाल दोनों हो रहे है। एक शरम से, दूसरा गुस्से से। वाह! क्या विकट स्थिति पैदा हो रही है। अब यही बात टमाटरों के लाल हो जाने की लीजिए। तो अर्थ एक ही है ? टमाटर पक चुका है। खा लिया जाना चाहिए, अन्यथा सड़ेगा। इसके सिवा कुछ नहीं। स्पष्ट है, युवती का शरमा कर लाल हो जाना यथार्थ नहीं है। यथार्थ है टमाटर का लाल होकर सड़ जाना। मैं अपनी शरम टमाटरों को समर्पित करता हूँ। शीघ्र चुनाव परिणाम आने को हैं। कृपया टमाटरों को सम्हाल कर रखें। कुछ के सेवन के काम आयेंगे और कुछ को शरम के समर्पण के लिए बचा कर रखें।

# शारदीय नवरात्र की महानवमी शक्ति की साधना का 'महापर्व'



पर्व/त्योहार

आर.सी.शर्मा

शारदीय नवरात्रि की महानवमी केवल नौ दिनों तक चली देवी आराधना का अंतिम पड़ावभर नहीं है बल्कि आस्था, साधना और आत्म शुद्धि की उस यात्रा का महत्वपूर्ण मुकाम है, जिसमें मनुष्य बाहरी जगत की चुनौतियों से जूझने के लिए अपने भीतर की शक्ति को पहचानने की कोशिश करता है। भारतीय धर्म दर्शन में शक्ति की उपासना का अर्थ केवल देवी से सुख, समृद्धि और मनोकामनाओं की प्राप्तिभर नहीं है बल्कि इसका गहरा आशय उस चेतना को जागृत करने से है, जो मनुष्य को भय से निर्भयता, अज्ञान से विवेक और दुर्बलता से आत्मविश्वास की ओर ले जाती है। महानवमी इसी अतिरिक्त आंतरिक परिवर्तन की साधना को पूर्णता की ओर ले जाने का संदेश देती है।

नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना को समर्पित हैं। इसी क्रम में नवें यानी अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। उनके नाम में ही उनकी उपासना का केंद्रीय भाव निहित है। सिद्धि का अर्थ उपलब्धि, सामर्थ्य और साधना से प्राप्त पूर्णता है, जबकि दात्री का अर्थ प्रदान करने वाली है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सिद्धियां प्रदान करती हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से इस स्वरूप को समझें तो सिद्धि का आशय केवल अलौकिक शक्तियों की प्राप्तिभर से नहीं है बल्कि आत्मबोध, विवेक, धैर्य और जीवन को सार्थक दिशा देने की क्षमता तक विस्तृत हो जाता है। शाक्त परंपरा के विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में देवी की महिमा और उनके विविध स्वरूपों का वर्णन मिलता है। नौ दुर्गा की परंपरा में मां सिद्धिदात्री कमल पर विराजमान, चार भुजाओं वाली देवी के रूप में पूजित हैं। उनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और कमल हैं। उनका स्वरूप इस विश्वास का प्रतीक है कि साधना का अंतिम लक्ष्य मनुष्य को सामर्थ्यवान बनाने के साथ उसके भीतरी संतुलन और विवेक का विकास करना भी है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में सिद्धि को मनमानी प्राप्ति का स्रोत नहीं माना जाता बल्कि इस उपलब्धि को अनुशासन से जोड़कर देखा जाता है। कोई भी सार्थक उपलब्धि निरंतर अभ्यास, धैर्य, एकाग्रता और आत्म संयम के बिना नहीं मिलती। यही बात आध्यात्मिक जीवन पर भी लागू होती है। केवल अनुष्ठान कर लेनेभर से मनुष्य के भीतरी विकार समाप्त नहीं होते। इसके लिए अपने विचारों, इच्छाओं और व्यवहार का निरंतर निरीक्षण करना पड़ता है। महानवमी इसी आत्मनिरीक्षण की प्रेरणा देती है कि हम नौ दिनों की उपासना के बाद अपने भीतर आये परिवर्तन को परखें। देवी की आराधना में शक्ति का अर्थ केवल सामर्थ्यवान होना भर नहीं है, सामर्थ्य का उचित उपयोग करना भी है। ऐसी शक्ति जिसमें करुणा ही नहीं, वह कठोरता भी निहित हो, जो कर्तव्य परायण के लिए जरूरी हो। ऐसा ज्ञान जिसमें विनम्रता न हो, वह अहंकार को जन्म दे सकता है। इसलिए आध्यात्मिक सिद्धि का वास्तविक मूल्य तभी है, जब वह मनुष्य को अधिक विवेकशील, संवेदना से भरा और उत्तरदायी बनाती है। शाक्त दर्शन में देवी को परम शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। यहां शक्ति केवल किसी देवी प्रतिमा या धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित अवधारणा नहीं है बल्कि सृष्टि की गतिशीलता और परिवर्तन की सामर्थ्य का दर्शनिक प्रतीक भी है। शिव और शक्ति की अवधारणा इसी गहरे अंतसंबंध को अभिव्यक्त करती है। शिव चेतना के प्रतीक हैं और शक्ति उस चेतना की सक्रिय अभिव्यक्ति है। इस दृष्टि से शक्ति की उपासना जीवन की सक्रियता, सृजन और परिवर्तन की संभावनाओं को स्वीकार करने का माध्यम है।

महानवमी का संबंध महिषासुर के आख्यान से भी जुड़ा है। देवी द्वारा महिषासुर का वध धर्म और अधर्म के संघर्ष में देवी शक्ति की विजय का प्रतीक है। आध्यात्मिक व्याख्या में इस आख्यान को मनुष्य के भीतर चलने वाले संघर्ष से भी जोड़ा जा सकता है। अहंकार, लोभ, ईर्ष्या और अनियंत्रित इच्छाएं, ये वो प्रवृत्तियां हैं, जो व्यक्ति के विवेक को कमजोर कर सकती हैं। इन प्रवृत्तियों पर विजय एक दिन में नहीं मिलती। इसके लिए निरंतर आत्म निरीक्षण, संयम और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी पड़ती है। नवरात्रि का नौ दिवसीय अनुशासन इस दिशा में एक अवसर प्रदान करता है। व्रत, जप, ध्यान और पूजा तभी गहरे अर्थ ग्रहण करते हैं, जब उनके साथ व्यवहार में भी सकारात्मक परिवर्तन आये। यदि पूजा के बाद भी मनुष्य दूसरों के प्रति असहिष्णु, अस्थायी या अहंकारी बना रहता है, तो उसे अपनी साधना के उद्देश्य पर विचार करना चाहिए। महानवमी का संदेश यही है कि बाहरी संसार में विजय प्राप्त करने से पहले अपने भीतर के अहंकार को पहचानना जरूरी है। आत्मविजय का अर्थ इच्छाओं का पूर्ण निषेध नहीं बल्कि उन पर विवेकपूर्ण नियंत्रण की बात है। महानवमी के बाद विजयदशमी आती है, जिसे अनेक परंपराओं में विजय और शुभारंभ का पर्व माना जाता है।

---

## आपकी बात

### गरीब राज्य, अमीर शासक

यह बात झारखंड राज्य पर सौ फीसद सटीक साबित होती है। झारखंड राज्य का निर्माण हुए दो दशक से अधिक हो गये हैं। अब तक आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों का शासन भी इस राज्य ने देख लिया है। लेकिन झारखंड राज्य के निर्माण से जो उम्मीदें यहां की जनता को थी, वह अब तक पूरी नहीं हुई है। गरीबी, खराब शिक्षा, बीमार स्वास्थ्य सेवा, बेरोजगारी, कुपोषण आदि तमाम चुनौतियां इस प्राकृतिक संपदा में अति समृद्ध राज्य में पूरी सघनता से मौजूद हैं। जनता का, सार्वजनिक सेवाओं का, बुनियादी संरचना का हाल बेहाल है, लेकिन यहां के लोक सेवकों और नेताओं की समृद्धि देखते बनती है। ईडी के छापों में इतनी बड़ी रकम बरामद होती है कि गिनने वाली मशीनें गिनते-गिनते फेल होने लगती हैं। यह झारखंड की बदकिस्मती है कि प्रकृति ने उसे खूब संसाधन दिए हैं, बेशकीमती खनिज दिए हैं, लेकिन फिर भी वह गरीब राज्य है। दरअसल झारखंड का राजनीतिक नेतृत्व फितरत से ही भ्रष्ट रहा है। बेशक वह शिबू सोरेन हों, नरसिंह राव सरकार बचाने वाले सांसद हों, मुख्यमंत्री रहे मधु कौड़ा हो या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हों, सभी दागदार हैं। जेल में भी रहे हैं। हेमंत सोरेन अब भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। राजनेताओं के अलावा, आईएएस या अन्य शीर्ष अधिकारियों के घरों से भी करोड़ों की नकदी बरामद की जा चुकी है। अधिकारियों के पास से अकूत संपत्तियां भी मिली हैं, लिहाजा उन्हें जब्त किया गया है। कई ऐसे सफेदपोश चेहरे जेल की सलाखों के पीछे गये हैं। झारखंड में धीरज साहू जैसे कांग्रेसी भी हैं, जिनके घर और अन्य ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से अधिक के नकदी मिले। घर के कमरों में नोट ऐसे सजाये गये थे मानो करेंसी प्रिंटिंग का कारखाना हो। काली कमाई के ये पहाड़ कैसे जुटाये जाते हैं, आम आदमी के लिए यह किसी आश्चर्य से कम नहीं। इन मामलों में ईडी ने क्या कार्रवाई की, सब कुछ रहस्य है। देश में काले, भ्रष्ट आचरण से जुटाये गये नकदी से गोदाम भरे हुए हैं, प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन कड़वा सच लगता है। देश के कई हिस्सों में ऐसे गोदामों को पकड़ा गया है। अदालत में भी केस हैं। झारखंड सरकार में ही मंत्री रहे एक नेता के निजी सचिव निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये से अधिक की 'काली कमाई' बरामद हुई थी। एक नौकर स्तर का व्यक्ति कितना भी भ्रष्टाचार करे, लेकिन उसके घर बैगों में भरे करोड़ों के नोट बरामद नहीं किए जा सकते। तो फिर सवाल है कि काली कमाई के नोट किसके हैं? क्या नौकर का घर 'कलेक्शन सेंटर' बना था? ईडी के अफसरों को मंत्री के निजी सचिव पर तो शक था, लिहाजा नौकर का पीछा भी किया गया। अक्सर उसके हाथ में एक बैग होता था, लेकिन घर से बाहर आते हुए उसके हाथ खाली होते थे। अंततः ईडी ने छापेमारी की, तो नोटों से भरे बैग मिले और उसी के साथ भ्रष्टाचार का एक रहस्य खुला। सवाल मंत्री के कारनामों पर भी है, क्योंकि ईडी ने जिन इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों की धरपकड़ की थी, उनमें से कइयों ने मंत्री की संलिप्तता का भी खुलासा किया था। दलाली का एक खेल उस विभाग में खेला जा रहा था। ठेका देने के बदले दलाली ली जाती थी। मंत्री और निजी सचिव की 'कटमनी' ज्यादा और अलग थी। अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर की बोलियां अलग से लगती थीं। यह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि आम आदमी से भ्रष्ट जमात ने जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई वापस वसूली जानी चाहिए। जब तक राष्ट्र की संपत्ति लूटने वालों से हिसाब नहीं होता है, तब तक सही न्याय नहीं हो सकता है।

**दीपक अवस्थी, उन्नाव.**

### गरीबी उन्मूलन जरूरी

भारत जिस गति से प्रगति कर रहा है उसमें गरीबी का उन्मूलन कोई बड़ी चुनौती नहीं है, बस जरूरत इस बात की है कि देश के संसाधनों का वितरण उचित रूप से सभी वर्गों तक किया जाये। देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है, क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्

संक्षेप

## छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

आजमगढ़। फूलपुर कस्बा स्थित एक निजी विद्यालय में कोतवाल देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि और मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओ को साबइर सुरक्षा की जानकारी दी गई।डिजिटल अरेस्ट, ईमेल फिशिंग, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया ठगी, साइबर अपराध से बचाव के उपायों के संबंध में बताया गया। हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया। इसक साथ ही छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा, आपातकालीन सहायता के लिए निम्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## अश्लील टिप्पणी करने वाले तीन गिरफ्तार

आजमगढ़। बिलरियागंज थाना की पुलिस ने छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिशन शक्ति और शारदीय नवरात्रि अभियान के तहत एंटी रोमियों की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस क्षेत्र के छिही स्थित कंपोजिट विद्यालय के आसपास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान स्कूल से घर जा रही छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने, अश्लील इशारे करने के आरोप में क्रिश गौड़ निवासी छिछोरी को पकड़ा। इसके साथ ही विद्यालय के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े मिले दिलीप और सनी निवासी छिही थाना बिलरियागंज को पकड़ा। पुलिस ने तीनो को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

## महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र में स्थित एक महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के बजाय पीड़िता कंचन देवी का ही शांतिभंग में चालान कर दिया, जबकि आरोपी खुला घूम रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के तेंदुहनी गांव की कंचन देवी ने थाने में शिकायत दी। बताया कि शनिवार रात 9 बजे उनके पति ओमप्रकाश दुर्गा पूजा देखने गए थे और बच्चे सो रहे थे। तभी गांव का मिथिलेश उनके घर में घुस आया और गलत हरकतें करने लगा। महिला ने विरोध किया, पर आरोपी नहीं माना। इसी दौरान पति ओमप्रकाश मौके पर आ गए। उन्होंने आरोपी को घर से निकालने की कोशिश की। जब वह नहीं हटा तो 112 डायल कर पुलिस को बुलाया। पुलिस को आता देख आरोपी भाग गया। पीड़िता शिकायत करने लालगंज थाने पहुंची, महिला को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

## बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अधिकारी-कर्मचारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान 23 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है। इसके साथ ही विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के मद्देनजर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) तथा अन्य निर्वाचन संबंधी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वर्तमान में धार्मिक त्योहारों को देखते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं।

# डीएम ने गौ संरक्षण केंद्र, ग्राम पैंठा का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र, ग्राम पैंठा का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आगामी ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंशों को ठंड से बचाव के उपायों हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं, रख-रखाव और गौवंशों की देखभाल की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने शेड की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, हरा-चारा, भूसा भंडारण और पोषण की उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने गौवंशों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और बीमार पशुओं के उपचार की व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ की गई। जिलाधिकारी ने गौवंशों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि बीमार गौवंशों को तत्काल उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला प्रबन्धकों को निर्देश दिए कि अधिकाधिक हरा-चारा गौवंशों को दिया जाए। ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सीसीटीवी रूम तथा सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए सभी गौवंशों की ईयर टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंश की सेवा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी गोवर्धन/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सलोनी गौतम, नायब तहसीलदार गोवर्धन जयंती, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

## मरम्मत के दौरान गिरा छज्जा महिला मजदूर की मौत

मथुरा। कोतवाली वृंदावन क्षेत्र के अंतर्गत कृपालु महाराज के पुराने आश्रम के पास एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। रविवार दोपहर एक तीन मंजिला गेस्ट हाउस में मरम्मत (रिपेयरिंग) कार्य के दौरान अचानक छज्जा भरभरा कर नीचे गिर गया। इस हादसे में एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है।रविवार दोपहर श्याम श्याम धाम के समीप रामकृष्ण भवन की तीसरी मंजिल पर मध्य प्रदेश निवासी 27 वर्षीय रचना और बाती गांव निवासी 30 वर्षीय कप्तान दीवार उतारने का काम कर रहे थे। तभी अचानक ढही दीवार के साथ दोनों मजदूर तीसरी मंजिल से नीचे गौशाला की ओर जा गिरे। गेस्ट हाउस के पास ही काम कर रहे मजदूरों ने घायलों को सेवाश्रम अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि युवक मजदूर का उपचार जारी है जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस को जानकारी हुई। पुलिस अस्पताल पहुंची और उसके बाद घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू की। घटना के बाद गेस्ट हाउस संचालक आशीष गौतम ने कहा कि रामकृष्ण भवन में चल रहे मरम्मत कार्य का ठेका दे रखा था। क्षेत्राधिकारी वृंदावन संदीप सिंह का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बेटियों की सुरक्षा मेरे लिए अहम:विधायक

मीरजापुर। बीजेपी नगर विधायक का बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। दरअसल, शनिवार की रात नगर के एक लॉन में आयोजित गरबा-डांडिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर कड़ा संदेश दिया।

अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हमारे रहते अगर कोई भी हमारी बेटियों पर आंख उठाकर भी देखेगा, तो वह सुरक्षित नहीं रहेगा। बेटियों की सुरक्षा और सम्मान हमारी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता रजत बेदी भी मौजूद रहे। उनके आने की खबर से गरबा-डांडिया देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी लॉन में पहुंचे थे। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। दूसरी ओर बीजेपी विधायक के बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है तो वहीं बेटियों की सुरक्षा को लेकर विधायक के इस बयान को लोग सराह भी रहे हैं।

## सपा को झटका: महासचिव मंटू मिश्रा ने छोड़ी पार्टी पूर्व डीएम दिव्या मित्तल की 'जननीति भारत' में शामिल

मीरजापुर। जिले की सियासत में बड़ा भूचाल आ गया है। समाजवादी पार्टी के महासचिव और प्रसिद्ध गायक मंटू मिश्रा ने सपा का दामन छोड़कर पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल की नई पार्टी 'जननीति भारत' का दामन थाम लिया है। मंटू मिश्रा के शामिल होने को जननीति भारत के लिए बड़ी मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यह सिर्फ दल बदलने की नहीं, सोच बदलने की कहानी है। उत्तर प्रदेश कैडर की पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल ने 13 साल की प्रतिष्ठित सेवा छोड़कर जनसेवा का रास्ता चुना है। उनकी पार्टी का नाम ही चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी का कहना है कि यह किसी परिवार या जाति की नहीं, बल्कि जन की नीति पर आधारित पार्टी है। दिव्या मित्तल ने जिले की पांच विधानसभा सीटों में से सबसे चर्चित सीट मिजार्पुर नगर (सदर) से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। यह सीट कभी किसी एक दल की जागीर नहीं रही है। 2002 से 2012 तक यह सीट सपा के कैलाश चौरसिया के पास रही, जबकि 2017 और 2022 में भाजपा के रत्नाकर मिश्रा ने जीत दर्ज की। 2022 के चुनाव में भाजपा ने सपा को 39,876 वोटों के अंतर से हराया था। इस सीट का जातीय समीकरण जननीति के लिए अनुकूल माना जा रहा है। यहां करीब डेढ़ लाख वैश्य, 50 हजार ब्राह्मण, 40 हजार मुस्लिम मतदाताओं के साथ बड़ा दलित-पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका में है। दिव्या मित्तल सितंबर 2022 से 2023 तक मिजार्पुर की डीएम रही हैं और लहुरिया दह गांव में पानी पहुंचाने जैसे कार्यों से उन्होंने जनता में अपनी पहचान बनाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार ग्रामीण कार्यक्रमों में देर रात तक उमड़ रही भीड़ इस बदलाव का संकेत दे रही है।

## महाअष्टमी पर देवी मन्दिरों में उमड़े श्रद्धालु



जौनपुर। शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी पर रविवार की सुबह से शीतला चौकियां धाम से लेकर मैहर देवी मंदिर परमानतपुर में भक्तों की भीड़ रही। इस दौरान पुलिस व मंदिर के पुजारियों ने बारी-बारी से सभी को दर्शन कराया। शीतला चैकियां धाम में इस पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भोर में मंदिर का कपाट खुलने के बाद मंदिर के पुजारियों द्वारा आरती पूजन किया गया। भक्तों की लंबी कतार शीतला माता रानी के दर्शन पूजन करने के लिए लगी रही। दर्शनार्थी हाथ में नारियल चुनरी लिए बारी-बारी से कतार में खड़े होकर दर्शन पूजन करते रहे। मां शीतलाचैकियां धाम में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरीके दर्शन किए। मां शारदा शक्तिपीठ परमानतपुर में भी सुबह से ही तांता लगा रहा। दोनोंमंदिरों में माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया मां शीतला मंदिर के कपाट सुबह4 बजे खोले गए। मंदिर की परंपरा के अनुसार, अष्टमी पर नौ कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें खीर-पूरी का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालु माता को फूल, नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाते नजर आए। दर्शन के लिए लगी कतारों में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही।

## पंडालों में पहुंची महिला पुलिस , किया जागरूक

जौनपुर। नवरात्रि के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर पुलिस की शक्ति मोबाइल टीम ने जनपद के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों और भीड़ .वाले स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के उपायों और पुलिस से सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी दी। बालिकाओं को 1090, 112, 181 और 2930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। पुलिसकर्मियों ने समझाया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़ या असुरक्षा की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल सहायता लें और पुलिस को सूचना दें।महिला पुलिस टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उनमें पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करना रहा।इस दौरान महिला उपनिरीक्षक पुष्पा, महिला कांस्टेबल आरती पांडेय, महिला कांस्टेबल विमलेश और हेड कांस्टेबल शिवदान सहित पुलिस टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## रिहंद डैम में राख बहाने का आरोप ग्रामीणों के मकान और खेत डूबे

अनपरा, सोनभद्र। अनपरा थर्मल पावर प्लांट की राख रिहंद डैम में बहाए जाने से जल प्रदूषण और पर्यावरण संकट की आशंका जताई गई है। रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान (रोसा) की टीम ने बेलवादह का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। टीम ने आरोप लगाया कि राख को सीधे रिहंद डैम में बहाया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण के नियमों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों का उल्लंघन है। टीम ने इस मामले में एनजीटी में याचिका दाखिल करने तथा जिलाधिकारी, उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजने की बात कही। ग्रामीणों ने टीम को बताया कि राखड़ बांध बनने से उनके मकान और खेती की जमीन डूब गई, लेकिन अब तक प्रशासन और प्रबंधन की ओर से मुआवजा नहीं दिया गया है। बेलवादह के डकहिया टोला निवासी रमाशंकर बैसवार का मकान डूब गया, जबकि वीरेंद्र गोंड, रामदुलारे गोंड समेत कई ग्रामीणों की कृषि भूमि प्रभावित हुई है। टीम में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर, रोसा संयोजक रामकृष्ण बैगा, पूर्वांचल सहसंयोजक रूबी सिंह गोंड, जिला प्रवक्ता इंद्रदेव खरवार, रोजगार अधिकार अभियान की संयोजक सविता गोंड और तेजधारी गुप्ता शामिल रहे। टीम ने कहा कि रोसा के दस सूत्रीय एजेंडे में प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर रोक और पर्यावरण संरक्षण प्रमुख मुद्दे हैं। टीम के अनुसार, सोनभद्र में औद्योगिक गतिविधियों के कारण पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। राख से होने वाले प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियों समेत अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की आशंका भी जताई गई। टीम ने डिबुलगंज स्थित सरकारी संयुक्त चिकित्सालय को उन्नत कर सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में तब्दील करने की मांग की। इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजा जाएगा। देर शाम नौजवानों की बैठक आयोजित कर एक और दो नवंबर को वाराणसी में होने वाली नई पीढ़ी कार्यशाला में शामिल होने की अपील भी की गई।

## बाल मनोरंजन मेले में झूमे बच्चे

मथुरा। सामाजिक संस्था अन्नपूर्णा फाउंडेशन के तत्वावधान में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर शहर में एक भव्य किड्स कार्निवाल (बाल मनोरंजन मेला) का आयोजन किया गया। इस अनूठे और प्रेरणादायी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किशन चैधरी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया।इस भव्य आयोजन में स्ट्रीट स्कूल के लगभग 400 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी पसंद के लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान, उमंग और खुशियां बिखेरने वाले इस मेले में उनके मनोरंजन के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। बच्चों के खेलने के लिए एक विशेष गेम जोन तैयार किया गया था, जहाँ उन्होंने विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद लिया। इसके अलावा, ऊंट और घोड़े की सवारी ने बच्चों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण जादूगर की शानदार प्रस्तुतियां रहीं, जिन्हें देखकर वहाँ मौजूद सभी अतिथि और बच्चे मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। मेले में झूले, खेलकूद, ड्राइंग-पेंटिंग, क्राफ्ट, नृत्य-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खान-पान के स्टॉल और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में बच्चों ने आकर्षक उपहार प्राप्त किए, जिससे उनके चेहरे खिल उठे। यह आयोजन बच्चों को खुशियां देने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने की एक सराहनीय पहल रही। इस शानदार समारोह में शहर के कई प्रबुद्ध और प्रतिष्ठित लोग अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से रविकांत गर्ग सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा विवेक अग्रवाल (जीएलए) राजीव गर्ग विजय बंटा लोकेश गर्ग नवीन मित्तल प्रदीप गोस्वामी आदि गणमान्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अन्नपूर्णा फाउंडेशन के इस प्रयास ने न केवल विश्व खाद्य दिवस को बच्चों के लिए यादगार बना दिया, बल्कि वंचित वर्ग के इन नन्हे बच्चों को खुशियों से भरा एक बेहतरीन दिन सौंपकर यह साबित कर दिया कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही समाज की सच्ची सेवा है।

## राम-सुग्रीव मित्रता से लंका दहन तक रामकथा जीवंत

जौनपुर। नगर के हुसेनाबाद में शनिवार की रात रामभक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामलीला समिति हुसेनाबाद के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता, बाली वध, नककटैया, सीता हरण और लंका दहन के प्रसंगों का सजीव एवं भावपूर्ण मंचन किया गया।

स्थानीय कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवादों और शानदार प्रस्तुतियों से रामायण के प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। जैसे-जैसे लीला आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे पूरा वातावरण प्रभु श्रीराम की भक्ति और जयकारों से गुंजायमान होता रहा। रामलीला का शुभारंभ भगवान श्रीराम की महिमा और उनके आदर्शों के स्मरण के साथ हुआ। राम-सुग्रीव मित्रता के प्रसंग में भगवान श्रीराम और सुग्रीव के बीच विश्वास, सहयोग तथा मित्र धर्म की सुंदर झलक देखने को मिली। विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे का साथ निभाने का संदेश देने वाले इस प्रसंग ने दर्शकों को मित्रता के वास्तविक अर्थ से परिचित कराया। इसके बाद बाली वध की लीला का मंचन हुआ, जिसमें कलाकारों ने अपने अभिनय से कथा के घटनाक्रम को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। नककटैया की लीला ने मंच पर उत्साह और रोमांच का वातावरण बना दिया। सूर्पणखा के प्रसंग में कलाकारों ने अपने संवाद और अभिनय से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद मारीच के स्वर्ण मृग का रूप धारण करने और भगवान श्रीराम को वन में दूर ले जाने के प्रसंग के माध्यम से सीता हरण की कथा को आगे बढ़ाया गया। साधु



के वेश में आए रावण द्वारा माता सीता का हरण किए जाने का दृश्य देखकर दर्शक रामायण के इस महत्वपूर्ण प्रसंग में भावनात्मक रूप से जुड़ गए। रोमांचक और भक्तिमय दृश्य लंका दहन का रहा। माता सीता की खोज में लंका पहुंचे पवनपुत्र हनुमान के पराक्रम, बुद्धिमत्ता और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट समर्पण को कलाकार ने शानदार ढंग से मंच पर उतारा। हनुमान के जयकारों और लंका दहन के दृश्य के दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। श्रीराम की भूमिका प्रवीण श्रीवास्तव, लक्ष्मण की भूमिका शिवा श्रीवास्तव तथा माता सीता का मोलू सोनकर, सूर्पणखा की भूमिका राज रावत, खर-दूषण की भूमिका राजेश यादव, मारीच की भूमिका दीपक श्रीवास्तव, साधु रूपी रावण की भूमिका दीपक मिश्रा, हनुमान की भूमिका अजय तिवारी, रावण की भूमिका अभिनव मिश्रा, सुग्रीव की भूमिका वेद मिश्रा, बाली की भूमिका शिवांग मिश्रा, ने संवादों, भाव-भंगिमाओं और पात्रों के अनुरूप अभिनय के माध्यम से रामायण की कथा को दर्शकों के सामने सजीव कर दिया।

# दृष्टि के बिना स्वस्थ देश व समाज की परिकल्पना असंभव: डा. भक्तवत्सल




आजमगढ़। समाज को गरीब तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे सामाजिक संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा रविवार को वरिष्ठ सर्जन डा. निर्मल श्रीवास्तव के केएन लाल मेमोरियल हॉस्पिटल लक्षिरामपुर आजमगढ़ में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद की जांच की गई। इस दौरान चयनित 40 मरीजों को ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए वाराणसी स्थित आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी भेजा गया। इस दौरान 25 मरीज हाई ब्लड प्रेशर व हाई शूगर के कारण आपरेशन के लिए नहीं भेजे जा सके। शूगर व ब्लड प्रेशर के बढ़ते मरीजों पर चिकित्सकों ने चिंता व्यक्त की।

शिविर को शुभारंभ डिस्टिक्ट चेयर पर्सन होमियोपैथी लायंस क्लब इंटरनेशनल ख्यातिलब्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डा. भक्तवत्सल, वरिष्ठ सर्जन निर्मल श्रीवास्तव, लायंस क्लब आजमगढ़ के अध्यक्ष ला. रवि जायसवाल, सचिव ला. सुनील अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ला. शशिभूषण गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डा. भकतवत्सल ने कहा कि लायंस क्लब ने सामाजिक सरोकार में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। समाज के सभी तबकों के उत्थान के लिए कार्य करते हुए यह संगठन आज दुनियां का सबसे बड़ा संगठन बना है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस कारवां को आगे बढ़ाएं। इसी उद्देश्य के तहत आज नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के कैंप का आयोजन होता रहेगा। संगठन का मानना है कि समाज को स्वस्थ्य रखकर ही बेहतर देश और समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आरजे शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी की टीम ने डा. आंचल के नेतृत्व में मरीजों का परीक्षण किया। जो लोग मोतियाबिंद से पीड़ित मिले उन्हें आपरेशन और लेंश प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। इस दौरान डा. भक्तवत्सल ने शूगर और ब्लड प्रेशर के बढ़ते मरीजों की संख्या पर चिंता जताई। कहा कि आज जरूरत है कि शूगर और ब्लड प्रेशर के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। अध्यक्ष ला. रवि जायसवाल ने कहा कि लायंस क्लब हमेशा से ही पीड़ित और मजलूमों की सेवा के लिए कार्य करता रहा है। आने वाले दिनों में हम और भी बेहतर करने का प्रयास करें। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शिविर में 105 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें से 65 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। इनमें 25 मरीजों में हाई ब्लप्रेशर और शूगर पाया गया जिसके कारण उन्हें आपरेशन के लिए नहीं भेजा जा सका। उक्त मरीजों को शूगर व ब्लड प्रेशर नियंत्रण की दवाएं दी गई।

## मथुरा में 20 अक्टूबर को होगी महाराज दशानन की महा आरती

मथुरा। विजय दशमी के पावन पर्व पर इस वर्ष मथुरा में एक अनूठा आयोजन होने जा रहा है। यमुनापार स्थित जय श्री लंकेश्वर महादेव मंदिर पर त्रिकालदर्शी महाराज दशानन की महा आरती का आयोजन किया जाएगा, साथ ही महा पंडित रावण के पुतला दहन का पुरजोर विरोध किया जाएगा। रविवार शाम लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय दशमी के अवसर पर मंगलवार को सुबह 10 बजे यमुनापार स्थित जय श्री लंकेश्वर महादेव मंदिर (निकट श्मशान घाट, यमुना तलहटी) में भगवान भोलेनाथ के अनन्य भक्त और भगवान श्रीराम के आचार्य महा पंडित रावण की महा आरती संपन्न होगी। आयोजकों का कहना है कि समाज के कुछ लोगों द्वारा हर वर्ष पुतला जलाकर ब्राह्मणों का अपमान किया जाता है। रावण का पुतला दहन करने वाले व्यक्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि आज के समय में जो लोग अपने माता-पिता और धर्मपत्नी का सम्मान नहीं करते, वे ऐसा करके अधर्म के भागीदार बन रहे हैं। आयोजन के तहत मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संगीत मंडली द्वारा महामंत्र हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे का लगातार जाप किया जाएगा। लंकेश भक्त मंडल द्वारा क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

## कुएं में गिरी महिला, फायर ब्रिगेड ने बचायी जान

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के तूतीपुर मोहल्ले में कुएं में गिरने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड के जवानों ने 58 वर्षीय सुमन सेठी को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया। तूतीपुर मोहल्ले में सुमन सेठी अचानक कुएं में गिर गईं। घटना की जानकारी मिलने पर अग्निशमन टीम ने बिना देर किए मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने सूझबूझ और सावधानी के साथ महिला को बाहर निकालने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता मिली। महिला के सुरक्षित बाहर निकलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। वहीं, स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए महिला की जान बचाने वाली फायर ब्रिगेड टीम के प्रयासों की सराहना की।

# श्रीराम की सेना ने की लंका विजय की तैयारी



## राम-सुग्रीव मित्रता और लंका दहन की लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

रेणुकूट, सोनभद्र। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के सातवें दिन विभीषण शरणागति, रावण-मंदोदरी संवाद और सेतुबंध रामेश्वर स्थापना की लीलाओं का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से भावविभोर कर दिया।

मंचन में दिखाया गया कि विभीषण ने रावण को समझाते हुए माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटाने और उनसे संधि करने की सलाह दी, लेकिन अहंकार में डूबे रावण ने क्रोधित होकर विभीषण को लंका से निष्कासित कर दिया। इसके बाद विभीषण श्रीराम की शरण में पहुंचे। श्रीराम ने उन्हें अपनाते हुए समुद्र पार करने का उपाय पूछा। विभीषण की सलाह पर श्रीराम ने समुद्र से मार्ग देने की विनती की। तीन दिन तक प्रतीक्षा के बाद श्रीराम ने क्रोधित होकर ब्रह्मास्त्र का संधान किया, जिसके बाद समुद्र प्रकट हुआ और क्षमा मांगते हुए सेतु निर्माण का उपाय बताया। इसके बाद नल-नील के नेतृत्व में समुद्र पर सेतु निर्माण शुरू हुआ और श्रीराम ने रामेश्वरम की स्थापना की। लंका विजय से पहले सुग्रीव के सुझाव पर श्रीराम ने रावण को अंतिम बार समझाने के लिए अंगद को लंका भेजने का निर्णय लिया। मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि रिडक्शन प्लांट हेड जयेश पावर ने सपत्नीक वैदिक विधि-विधान से गणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष पीके उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा तथा निर्देशक राजेंद्र सिंह और राजेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



म्योरपुर (सोनभद्र)। स्थानीय कस्बे में चल रही रामलीला के आठवें दिन राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध और लंका दहन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के आदर्शों और हनुमान जी की भक्ति से जुड़े प्रसंगों को देखकर रामलीला प्रेमी भावविभोर हो उठे। लीला के दौरान सुग्रीव के कहने पर हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारण कर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले। प्रभु को पहचानते ही हनुमान जी उनके चरणों में गिर पड़े। इसके बाद हनुमान जी दोनों भाइयों को अपने कंधे पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले गए, जहां श्रीराम और सुग्रीव के बीच मित्रता हुई। सुग्रीव ने अपने भाई बाली द्वारा राज्य से निकाले जाने और पत्नी का हरण किए जाने की व्यथा सुनाई। श्रीराम ने बाली का वध कर सुग्रीव को न्याय दिलाया।इसके बाद हनुमान जी माता सीता की खोज में लंका पहुंचे। अशोक वाटिका में माता सीता को प्रभु श्रीराम की अंगूठी देकर उन्होंने उनके आगमन का संदेश दिया। भूख लगने पर हनुमान जी ने वाटिका के फल खाए और वृक्षों को उजाड़ दिया। रावण के आदेश पर अक्षय कुमार और फिर मेघनाद ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। अंततः हनुमान जी को बंदी बनाकर रावण के दरबार में लाया गया। रावण के आदेश पर उनकी पूंछ में आग लगाई गई, जिसके बाद हनुमान जी ने उसी आग से सोने की लंका को जला दिया।

# विंध्याचल बनेगा यूपी के शक्तिपीठ सर्किट का प्रमुख केंद्र: जयवीर सिंह

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के विंध्याचल में धार्मिक पर्यटन का दायरा अब मां विंध्यवासिनी मंदिर से

संक्षेप

## चाकारा ने डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप जीती

**नयी दिल्ली।** स्पेन के गोल्फर यूजीनियो चाकारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां दो शॉट के अंतर से डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप का खिताब जीता जबकि भारतीय खिलाड़ियों में अनिर्बान लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे। चाकारा के लिए दिल्ली गोल्फ क्लब में रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा। खराब मौसम से प्रभावित इस टूर्नामेंट के अंतिम दिन उन्होंने 25 होल खेले। इसके बावजूद उन्होंने अपनी लय बनाए रखी और इस सत्र का अपना तीसरा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीतकर रेस टू दुबई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने अंतिम राउंड में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर 21 अंडर 267 के साथ खिताब अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के डेनियल हिलियर ने अंतिम समय में जोरदार चुनौती पेश करते हुए चाकारा की छह शॉट की बढ़त को घटाकर दो शॉट कर दिया। उन्होंने 19-अंडर के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चाकारा ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और कुल मिलाकर अपना चौथा डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही चाकारा ने रेस टू दुबई तालिका में अमेरिका के पैट्रिक रीड को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इससे सत्र के आखिर में खिताब जीतने की उनकी दावेदारी और मजबूत हो गई। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार की सुबह समाप्त हुए तीसरे दौर में सात अंडर 63 का स्कोर बनाकर अंतिम दौर की शुरुआत पांच शॉट की बढ़त के साथ की थी। भारतीय खिलाड़ियों में लाहिड़ी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ।

## आईएसएल: गत चैंपियन ईस्ट बंगाल ने चर्चिल ब्रदर्स को 4-0 से हराया

**फातोर्दा।** गत चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने रविवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए चर्चिल ब्रदर्स को 4-0 से करारी शिकस्त दी। कोच एंटोनियो हबास की टीम की जीत में डैनी रमिरेज और एडमंड लालरिंडिका ने एक एक गोल किए जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी बिपिन सिंह ने दो गोल दागे गत चैंपियन ईस्ट बंगाल ने अपने अभियान की शुरुआत में ही दमदार प्रदर्शन करके अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। चर्चिल ब्रदर्स ने इससे पहले मुंबई सिटी एफसी को।-0 से हराकर अपने सत्र का आगाज किया था। अब उसकी नजरें एक सप्ताह बाद पंजाब एफसी के खिलाफ मुकाबले में वापसी करने पर होंगी।

## पीसीबी ने रिजवान को घरेलू किकेट खेलने की अनुमति दी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को घरेलू क्रिकेट में खेलने की अनुमति दे दी है जिनकी ऑनलाइन सट्टेबाजी, जुआ और ड्रेसिंग रूम की जानकारी लीक करने के आरोपों के लिए जांच चल रही है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने पुष्टि की कि उन्हें पीसीबी से ईमेल मिला है जिसमें रिजवान को 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले प्रेसिडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी गई है। हफीज सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन्स लिमिटेड (एसएनजीपीएल) के निदेशक और मुख्य कोच हैं। हफीज ने बताया कि रिजवान इस टूर्नामेंट में एसएनजीपीएल टीम की कप्तानी करेंगे। रिजवान और उनके साथी इमाम उल हक को अगस्त में इंग्लैंड दौरे में दूसरे टेस्ट मैच के बाद वापस बुला दिया था और उन्हें घरेलू क्रिकेट में खेलने से रोक दिया गया था। राष्ट्रीय साइबर अपराध प्रकोष्ठ (एनसीसीए) इन खिलाड़ियों की ड्रेसिंग रूम की जानकारी लीक करने और ऑनलाइन सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़े मामलों में जांच कर रहा है।

## लोकेश सुब्रमणि ने मलेशिया जूनियर स्क्वाश में अंडर-17 खिताब जीता

**कुआलालंपुर।** भारत के लोकेश सुब्रमणि ने रविवार को यहां फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी मुहम्मद इफ्वात जुल्किफ्ली को सीधे गेम में हराकर मलेशिया स्क्वाश जूनियर ओपन में लड़कों के अंडर-17 वर्ग का खिताब जीत लिया। दूसरे वरीय लोकेश ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-2, 11-8 से शिकस्त दी। भारत की आद्या बुधिया ने लड़कियों के अंडर-17 वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दिव्यांशी जैन (लड़कियों के अंडर-13 वर्ग), अविशा अग्रवाल (लड़कियों के अंडर-11 वर्ग) और श्रविन जैन (लड़कों के अंडर-19 वर्ग) ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

# रणजी ट्रॉफी : प्रियांश आर्य दोहरे शतक से चूके

**नयी दिल्ली।** प्रियांश आर्य महज एक रन से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने से चूक गए, लेकिन उनकी शानदार पारी की बदौलत दिल्ली ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन गुजरात के खिलाफ चार विकेट पर 381 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

आर्य ने पूरी पारी के दौरान प्रभावशाली बल्लेबाजी की। उन्होंने 126 गेंद में अपना शतक पूरा किया जिसमें 15 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने चिंतन गाजा की गेंद को डीप स्क्वायर लेग की ओर खेलकर अपना शतक पूरा किया।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की सीमित ओवरों की श्रृंखला में सिर्फ एक मैच खेलने के बाद लौटे आर्य ने बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर लाल गेंद के प्रारूप में जल्द ही खुद को ढाल लिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली दिल्ली की पारी का मुख्य आकर्षण आर्य और कप्तान आयुष बडोनी के बीच चौथे विकेट के लिए 234 रन की साझेदारी रही। बडोनी 149 गेंद में 115 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। उनकी पारी में 11 चौके और दो



छक्के शामिल हैं। बडोनी ने 113 गेंद में अपना शतक पूरा किया। यह उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांचवां शतक है। आर्य जब अपने दोहरे शतक से महज एक रन दूर थे, तब दिल्ली का स्कोर 77वें ओवर में चार विकेट पर 376 रन था। उन्होंने 220 गेंद की पारी में 26 चौके और छह छक्के लगाकर 199 रन बनाए। हालांकि, मनन हींगराजिया की नीची रहती गेंद पर वह बोल्ड हो गए। दिल्ली की पहली पारी के 84 ओवर पूरे होने पर स्टंप के समय सुमित माथुर बिना खाता खोले बडोनी का साथ निभा रहे थे।

### गिल एक रन रन बनाकर आउट, पंजाब ने की वापसी

**मुल्लांपुर।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल की घरेलू क्रिकेट में वापसी केवल पांच गेंदों तक ही सीमित रही लेकिन पंजाब ने कप्तान उदय सहारन के नाबाद 106 रन की मदद से शानदार वापसी करके रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन छत्तीसगढ़ के खिलाफ चार विकेट पर 269 रन बनाए। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। विहान मल्होत्रा और हरनूर सिंह ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोडकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। लेकिन यह दोनों 10 रन के अंदर आउट हो गए जिससे पंजाब का स्कोर दो विकेट पर 65 रन हो गया। लेकिन उसे सबसे बड़ा झटका तब लगा जब न्यूजीलैंड दौरे से पहले लंबी अवधि के प्रारूप में खेल रहे गिल आते ही पवेलियन लौट गए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल ने अंदर आती गेंद पर बोल्ड किया। इससे पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 68 रन हो गया। लेकिन सहारन ने उसके लिए संकटमोचक की भूमिका निभाई। उन्हें प्रभसिमरन सिंह (62) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। प्रभसिमरन स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा के हाथों आउट हो गए, लेकिन सहारन और सलिल अरोड़ा (नाबाद 38) ने इसके बाद कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह तो यह दोनों अभी तक 71 रन की साझेदारी कर चुके हैं। इस ग्रुप के एक अन्य मैच में कर्नाटक ने सौराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन आठ विकेट पर 281 रन बनाए। अलूर में खेले जा रहे इस मैच में उसकी तरफ से अपने दूसरे प्रथम श्रेणी मैच में खेल रहे मनवंत कुमार ने नाबाद 86 रन बनाए। कर्नाटक के लिए केवी अनीश ने भी 59 रन का योगदान दिया।

## भारतीय पैरा एशियाई खेल दल ने प्रदर्शित की 5,000 साल की विरासत



**नागोया (जापान)।** भारतीय दल ने रविवार को पैरा एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में देश की समृद्ध विरासत की झलक पेश की। खिलाड़ियों ने 5,000 साल पुरानी सभ्यता से प्रेरित आकृतियों वाले ब्लेजर पहनकर समारोह में हिस्सा लिया। पैरालंपिक पदक विजेता धाविका सिमरन शर्मा और शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत के नेतृत्व में 100 से अधिक भारतीय खिलाड़ियों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने तिरंगा थामकर भारतीय दल की अगुवाई की और इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराता रहा। भारतीय दल के ब्लेजर पर सिंधु घाटी सभ्यता की मुहरों से प्रेरित प्रिंट बनाए गए थे। इनमें दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक की प्राचीन लिपि और विशिष्ट आकृतियों को दर्शाया गया।

भारतीय पैरालंपिक समिति ने कहा, भारतीय दल ने सिर्फ परिधान पहनकर मार्च नहीं किया बल्कि वे 5,000 साल पुरानी सभ्यता को अपने साथ लेकर चले। भारतीय दल का ब्लेजर हमारी विरासत को समर्पित है। ब्लेजर के कॉलर पर सप्तसिंधु की आकृति भी थी जो सात नदियों की भूमि और महान सरस्वती नदी का सम्मान करती है। वहीं, जेब पर तिरंगे को प्रमुखता से स्थान दिया गया था। भारत इन खेलों में 281 सदस्यीय दल उतार रहा है जिसमें 168 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें 112 पुरुष और 56 महिलाएं हैं जो 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन खेलों का समापन 24 अक्टूबर को होगा। प्रतियोगिता में 45 देशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी इमैजिन वन हार्ट के ध्येय वाक्य के तहत हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने 2023 में हांगझोउ में आयोजित एशियाई पैरा खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। भारतीय दल पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा था और उसने रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे जिनमें 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य पदक शामिल थे।

## पुरुष राष्ट्रीय हॉकी : हरियाणा, पंजाब मध्य प्रदेश व यूपी सेमीफाइनल में



एजेंसी

**झांसी।** हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश ने रविवार को यहां अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करके 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए के सेमीफाइनल में जगह बनाई।पहले क्वार्टर फाइनल में हॉकी हरियाणा ने हॉकी चंडीगढ़ को 5-। से करारी शिकस्त दी। इसके बाद हॉकी पंजाब ने हॉकी महाराष्ट्र पर शूटआउट में 5-4 से जीत दर्ज की।

तीसरे क्वार्टर फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी बंगाल को 5-3 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी ने चौथे और अंतिम क्वार्टर फाइनल में मणिपुर हॉकी को 4-2 से पराजित किया।

## देशपांडे के चार विकेट से मुंबई पहली पारी में बढ़त की ओर

**बिलासपुर।** तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे के चार विकेट की मदद से मुंबई ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन हिमाचल प्रदेश की पहली पारी को 140 रन पर समेटकर बढ़त हासिल करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए।

दिन का खेल समाप्त होने तक मुंबई ने 36 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। उसे पहली पारी में बढ़त हासिल करने के लिए केवल 33 रन और बनाने हैं जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। देशपांडे ने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए अनुशासित और आक्रामक गेंदबाजी से हिमाचल के बल्लेबाजों को परेशान किया। उनकी शानदार गेंदबाजी के सामने मेजबान टीम 39.5 ओवर में सिमट गई। मुंबई की शुरुआत भी खराब रही। दिव्यांश सक्सेना नौ रन बनाकर आउट हुए जबकि अंगकृष रघुवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। इसके बाद



मुशीर खान (नाबाद 34) और कप्तान सिद्धेश लाड (नाबाद 32) ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की और मुंबई को बढ़त के करीब पहुंचा दिया। देशपांडे ने मैच की पहली ही गेंद पर शुभम अरोड़ा को खाता खोले बिना आउट कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने तीसरे ओवर में नेहल वढेरा (आठ) को पगबाधा आउट किया। सलामी बल्लेबाज इनेश महाजन (11) को मोहित अवस्थी ने आउट किया। हिमाचल के कप्तान पुखराज मान (35), विकेटकीपर वैभव कालिता (33) और आकाश वशिष्ठ (39) ने कुछ देर विकेटों का पतन रोका लेकिन उनके प्रयास टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं रहे। देशपांडे और उनके साथी तेज गेंदबाज सिल्वेस्टर डिसूजा (43 रन देकर दो विकेट) लगातार विकेट चटकाते रहे जिससे हिमाचल की पारी जल्द सिमट गई। चेन्नई में तमिलनाडु के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह (34 रन देकर चार विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (40 रन देकर चार विकेट) ने मिलकर आठ विकेट चटकाए जिससे उत्तराखंड की पहली पारी 56.2 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

उत्तराखंड के लिए अवनीश सुधा (54) और मयंक मिश्रा (33) ही टिककर खेल सके। इसके जवाब में नारायण जगदीशन (37) और प्रदोष रंजन पॉल (नाबाद 37) ने तमिलनाडु को दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 85 रन तक पहुंचाया।

## चार्ल्स मटाटा ने कोर्स रिकॉर्ड के साथ जीता पुरुषों का खिताब, अलेमु बनीं महिला चैंपियन

**नयी दिल्ली।** कीनिया के चार्ल्स मटाटा ने नया कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए रविवार को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के पुरुष एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि इथियोपिया की वुडिनेश अलेमु महिला वर्ग की चैंपियन बनीं। राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर इस प्रतिष्ठित दौड़ में करीब 40 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। मटाटा ने 58 मिनट 52 सेकंड में दौड़ पूरी कर वर्ष 2020 में इथियोपिया के अमेदेवोर्क वालेलेग्न के बनाए 58 मिनट 53 सेकंड के रिकॉर्ड को एक सेकंड से पीछे छोड़ दिया। यह मटाटा का हाफ मैराथन में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। उन्होंने इसी साल मई में बनाए गए 59 मिनट 15 सेकंड के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ समय को पीछे छोड़ दिया। इस 29 साल के धावक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं पूरी तैयारी के साथ दिल्ली आया था।

## अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन चार मीट रिकॉर्ड टूटे

**जयपुर।** दिल्ली के निर्भय चौधरी और पंजाब की हकीकत ग्रेवाल ने रविवार को यहां इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन तार गोला फेंक स्पर्धा में नए मीट रिकॉर्ड बनाए। यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ और 10 हजार मीटर पैदल चाल में भी मीट रिकॉर्ड टूटे।

चौधरी ने रविवार को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 66.32 मीटर की दूरी तय की जो 2022 में राजस्थान के नितेश पूनिया के नाम दर्ज 64.75 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। उत्तर प्रदेश के मोहम्मद शहबान ने 65.27 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और वह भी पिछले मीट



रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने में सफल रहे।

महिला वर्ग में हकीकत ने अपने दूसरे प्रयास में प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली। उन्हें अंतिम प्रयास में 55.46 मीटर की दूरी तय की जिससे उन्होंने नया मीट रिकॉर्ड कायम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 54.42 मीटर की दूरी तय की थी। पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने 2022 में पुनीत यादव के नाम दर्ज 29 मिनट 44.64 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। महाराष्ट्र के गौरव भास्कर ने 29 मिनट 34.52 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के कर्ण बाग ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 50.27 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने केरल के अर्जुन प्रदीप द्वारा 2025 में बनाए गए 50.29 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड में सुधार किया।

## महिला टेनिस कोचों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करेगा एआईटीए

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेनिस में महिला कोचों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) 24 से 30 अक्टूबर तक यहां महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क कोचिंग पाठ्यक्रम आयोजित करेगा। इस पाठ्यक्रम के लिए अब तक 48 आवेदन मिले हैं। राज्य टेनिस संघों को भी अपने यहां से एक-एक महिला कोच को नामित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह पाठ्यक्रम दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के टेनिस स्टेडियम में आयोजित होगा। इसमें एआईटीए में पंजीकृत लेवल-एक प्रमाणपत्र या उससे उच्च स्तर की योग्यता रखने वाली महिला कोचों के साथ वैध एआईटीए कोच पंजीकरण वाली नई उम्मीदवार भी हिस्सा ले सकती हैं।

## रिंकू के नाबाद शतक से संभला उत्तर प्रदेश

**कानपुर।** रिंकू सिंह ने नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेलकर उत्तर प्रदेश को मुश्किल स्थिति से उबारा जिसके बाद गोवा ने रविवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन स्टंप तक बिना कोई विकेट गंवाए 43 रन बना लिए। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाले उत्तर प्रदेश ने शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने के बाद रिंकू की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत 71 ओवर में 202 रन बनाए। रिंकू ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए। दिन का खेल समाप्त होने तक गोवा ने 12 ओवर में बिना विकेट खोए 43 रन बना लिए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज शिवेंद्र भुजबल 39 गेंद में 31 रन जबकि सुयश प्रभुदेसाई 12 रन बनाकर खेल रहे थे। गोवा की टीम उत्तर प्रदेश से 159 रन पीछे है।

उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही। अभिषेक गोस्वामी (05), आर्यन



जुयाल (14) और कप्तान करण शर्मा (00) सस्ते में आउट हो गए जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 33 रन हो गया। माधव कौशिक ने 96 गेंद में 45 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन शुभम तारी ने उन्हें आउट कर दिया। इससे उत्तर प्रदेश का स्कोर चार विकेट पर 90 रन हो गया। इसके बाद रिंकू ने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। निचले क्रम के बल्लेबाजों से उन्हें ज्यादा सहयोग नहीं मिला, लेकिन उन्होंने टीम को 200 रन के पार पहुंचाया और नाबाद रहे। गोवा के लेग स्पिनर यश कसवणकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 25 ओवर में 86 रन देकर पांच विकेट लिए।

रुत्विक नाइक ने दो विकेट हासिल किए, जबकि तारी और ललित यादव को एक-एक विकेट मिला। वहीं एक अन्य मैच में बिहार के 166 रन पर सिमटने के बाद बड़ौदा ने दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 77 रन बना लिए थे। ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में पुडुचेरी की टीम 65.2 ओवर में 177 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में मध्य प्रदेश ने 20 ओवर में दो विकेट पर 23 रन बनाए। मध्य प्रदेश की टीम अभी 154 रन पीछे है और उसे दूसरे दिन अंतर कम करने के लिए बड़ी साझेदारी की जरूरत होगी।

## पेज एक का शेष

### टाइगर श्रॉफ

दिलाया कि एक्टर सुरक्षित हैं और कहा, 'टाइगर ठीक हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद' ।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई पुलिस आयुक्त को फोन कर अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी की घटना की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस आयुक्त को तत्काल तेजी से जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुष्पा पार्क में जहां फायरिंग हुई, वहां से 300-400 मीटर दूरी पर रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग हुई थी। पुलिस ने एरिया सील करके रास्ता बंद कर लिया है। बता दें कि पुष्पा पार्क जुहू पुलिस स्टेशन के नजदीक है। गोलीबारी की घटना के बाद टाइगर श्रॉफ ने खुद गाड़ी चलाकर दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया। फुटबॉल मैच खेलकर घर लौटते समय गोलीबारी की यह घटना हुई। टाइगर श्रॉफ फुटबॉल मैच खेलकर लौट रहे थे। मैदान के बाहर ही गोलीबारी हुई। एक्टर की गाड़ी पर सात गोलियां चलाए जाने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने घटनास्थल पर बैरिकेडिंग की है। फॉरेंसिक टीम की तीन गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं हैं। टीम आसपास से सबूत जुटा रही है। जांच के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली की जाएंगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस और जुहू पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना किया गया और जरूरी सबूत जुटाने का काम शुरू किया गया। जहां गोलीबारी हुई, उसके सामने ही एक क्लब है। गोलीबारी की घटना आज रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एक के बाद एक दो गोलियां चलाई गईं। कुल सात राउंड फायरिंग किए जाने की बात भी सामने आई है। गोलीबारी की घटना के संबंध में जब टाइगर की बहन कृष्णा श्रॉफ से संपर्क किया तो वे सुनकर चौंक गईं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### दुर्गा पंडालो

से हो। विद्युत व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन व ऊर्जा विभाग के अधिकारी सुरक्षात्मक प्रबंधों का परीक्षण भी कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने रामनवमी व विजयादशमी त्योहार पर प्रशासन, पुलिस, विद्युत, नगर निगम, नगर निकायों, पेयजल समेत संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को फील्ड में रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दुर्गा पंडालों, मार्गों आदि पर सुरक्षा, स्वच्छता के साथ ही जनसुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। मूर्ति विसर्जन के दौरान भी यात्रा मार्गों तथा विसर्जन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली के तारों, स्वच्छता आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर नजर रखी जाए। आस्था का सम्मान करें, लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहित न करें। यह भी सुनिश्चित करें कि इस दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### महानिशा पूजन

श्रीदुर्गासप्तसती के पाठ एवं वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुआ। अंत में आरती एवं क्षमा याचना के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गोरखनाथ मंदिर में भक्तगण भी उपस्थित रहे।

### सुरक्षा, सामर्थ्य

की और नारीशक्ति के आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया। इस पहल ने प्रदेश में पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही कुपोषण के विरुद्ध लड़ाई को अधिक प्रभावी बनाया। सीएम ने बताया कि हमने बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की आधारशिला रखने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि कर इसे 3,000 से बढ़ाकर 12,000 प्रतिमाह किया है। साथ ही, स्वास्थ्य बीमा का लाभ देकर उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को भी संबल प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज प्रदेश में बलिनी, सामर्थ्य, काशी, बाबा गोरखनाथ और सृजनी जैसी दुग्ध उत्पादक कंपनियों से जुड़कर 31 जनपदों की 4 लाख से अधिक महिलाएं दुग्ध उत्पादन को आय, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में बीसी सखी पहल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज प्रदेश में 1 करोड़ 20 लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिख रही हैं। लखपति दीदी पहल के माध्यम से महिलाएं अपनी मेहनत और हुनर को नियमित आय एवं आर्थिक समृद्धि में बदलकर अपने परिवार की खुशहाली सुनिश्चित कर रही हैं। मां महागौरी की कृपा से प्रदेश में आज नारीशक्ति का जीवन सुरक्षा, सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि से आलोकित हो रहा है। सशक्त नारी, समृद्ध उत्तर प्रदेश।

### ग्वालियर ट्रक

खर्च भी राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने हादसे की जांच के आदेश देते हुए ग्वालियर के नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) को हटाने और आठ अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में ट्रक के प्रवेश के कारण यह हादसा हुआ, साथ ही जिला प्रशासन को तथ्यों के आधार पर जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तीन थाना प्रभारियों, एक यातायात निरीक्षक, एक प्रधान आरक्षक और तीन आरक्षकों को भी निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत जांच की जाएगी। यादव ने कहा कि जनसुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर से करीब एक किलोमीटर दूर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था है। ऐसे में प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी ट्रक के प्रवेश को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि उस स्थान पर साइकिल ले जाना भी मुश्किल है। मृतकों की पहचान सतेंद्र सिंह गुर्जर (22), सरला तोमर (50), गौरव परिहार (18), महेश शर्मा (45), विमलेश बघेल (18), देवेश बघेल (17), छोटू जाटव (16), शौर्य शर्मा (16), हेमंत राठौर (19), दिव्यांश कुशवाह (17), पवन राठौर (23), लव त्यागी (15), अमन त्यागी (13), अशोक त्यागी (45) और नितेश (18) के रूप में हुई है। घायलों और मृतकों के शवों को ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर समेत विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। ट्रॉमा सेंटर के बाहर एकत्र मृतकों के परिजनों ने सवाल उठाया कि भारी ट्रक उस स्थान तक कैसे पहुंच गया, जहां उनके अनुसार साइकिल ले जाना भी मुश्किल है। हादसे में जान गंवाने वाली सरला तोमर के भतीजे लोकेन्द्र सिंह तोमर ने सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद ट्रक के मंदिर परिसर तक पहुंचने पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि उनकी बुआ पूजा करने जा रही थीं। हादसे में जान गंवाने वाले किशोर दिव्यांश कुशवाह की रिश्तेदार सावित्री ने बताया कि पूजा के बाद समूह के मंदिर से बाहर आने पर दिव्यांश के लापता होने का पता चला। उन्होंने बताया कि तलाश करने और पुलिस को सूचना देने के बाद उन्होंने मंदिर के अंदर जाकर शव की पहचान की। ग्वालियर के हजीरा क्षेत्र के गड़ाईपुर निवासी 23 वर्षीय पवन राठौर भी मृतकों में शामिल थे। हादसे के समय वह मंदिर में दर्शन करने गए थे। परिजन गमगीन माहौल में उनका शव अपने साथ ले गए। घायल श्रद्धालु निकेश के रिश्तेदार संदीप ने बताया कि परिवार को रविवार सुबह करीब पांच बजे हादसे की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर निकेश की हालत गंभीर थी। उसके दोनों पैर टूट गए हैं और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। मंदिर के पास पूजा सामग्री की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति के रिश्तेदार गजेंद्र प्रजापति ने बताया कि हादसा इतनी अचानक हुआ कि इलाके में धुआं फैल गया और उनके रिश्तेदार को समझ नहीं आया कि क्या हुआ। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और ग्वालियर निवासी नरेन्द्र सिंह तोमर ने हादसे पर दुख व्यक्त किया और रविवार के अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए।

### श्रद्धा दुबे

लिए पुलिस की दस टीमों का गठन किया गया है जो बरामद आरोपी श्रद्धा दुबे व उसके साथियों पर कार्रवाई के लिए प्रयासरत है, लेकिन वे हाथ से बार-बार फिसल रहे हैं। चर्चा है कि वह एसटीएफ के एक बड़े अधिकारी व गृह विभाग के एक अधिकारी से मदद पा रही है, जिसके चलते उसे पुलिस के मूवमेंट की पहले से ही खबर हो जाती है।

### चम्पावत को

देते हुए कुल 95 करोड़ 99 लाख 98 हजार रुपये की लागत वाली 16 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 67 करोड़ 24 लाख 36 हजार रुपये की लागत की 11 योजनाओं का लोकार्पण तथा 28 करोड़ 75 लाख 62 हजार रुपये की लागत की पांच योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ऐसी योजनाओ

संक्षेप

## पेशकार की कोर्ट में पिटाई 5-6 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

रायबरेली। शहर के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसडीएम न्यायिक कोर्ट में पेशकार की पिटाई का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम न्यायिक सदर के पेशकार चंद्र प्रकाश मौर्य की कोर्ट के अंदर ही पिटाई कर दी गई। घटना के बाद पेशकार चंद्र प्रकाश मौर्य की तहरीर पर शहर कोतवाली में 5-6 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सई नदी का बढ़ा जलस्तर बना भक्तों के लिए मुसीबत

रायबरेली।सई नदी का जल स्तर बढ़ने से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन और भक्तों की चिंता बढ़ गई है। ज्यादा जल स्तर बढ़ने से भू-विसर्जन में परेशानी होने की आशंका है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा सई नदी के तट पर बैरिकेटिंग करवाई जा रही है। प्रशासन जाल व बैरिकेटिंग के सहारे भू-विसर्जन की तैयारी में जुटा है, ताकि कोई अनहोनी न हो। विसर्जन के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाएगा।बता दें कि शहर के राजघाट स्थित सई नदी पर हर साल विसर्जन कार्यक्रम होता है।

## दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस में दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। नगर कोतवाली पुलिस का कहना है कि कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई थी। प्रकरण में पुलिस ने पीड़िता के परिवार की शिकायत पर दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट पंजीकृत की और मामले की विवेचना में जुटी थी। विवेचना में जुटी पुलिस में मूल रूप से रोनही थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रहने वाले और वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र के नाका बाईपास शिवनगर कॉलोनी मंडी गेट के पास रह रहे 23 वर्षीय मोहम्मद असलम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने वारदात की बात कबूल की है और पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण करवा दर्ज मामले में चालान किया है।

## विवाहिता की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में विवाहिता की फंदे से लटककर मौत हो गयी। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अलीपुर गांव में शनिवार को गांव के अर्जुन गौतम की पत्नी कंचन (38) कमरे के अंदर फंदे से लटकती मिली। परिजन उसे रस्सी के फंदे से लटका देखा तब आवाक रह गये। वहीं कंचन की मौत से परिजनों में कोहराम भी मच गया। मृतका के पिता हरिश्चन्द्र ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर देर शाम कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुल निर्माण के दौरान हादसा, मजदूर की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। अयोध्या जिले में निमार्णाधीन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर पुल निर्माण के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। खंडासा थाना क्षेत्र के कलंदरपुर गांव के पास पुल पर काम करते समय मध्य प्रदेश के 35 वर्षीय मजदूर बृज किशोर के सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। साथी मजदूर उन्हें आनन-फानन में कुमारगंज स्थित सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य के तहत कलंदरपुर गांव के पास पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य का ठेका कालूवालिया कंपनी को मिला है। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत छूदा गांव निवासी बृज किशोर इसी कंपनी के लिए मजदूरी कर रहे थे। बताया गया कि वह करीब छह दिन पहले ही काम करने के लिए अन्य मजदूरों के साथ यहां आए थे। रविवार दोपहर बाद बृज किशोर पुल निर्माण से संबंधित कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक उनके सिर में लोहे की रॉड से गंभीर चोट लग गई। चोट लगने के बाद वह मौके पर गिर पड़े।

# रायबरेली को मिली बड़ी सौगात

**● सदर विधायक की पहल से ऐम्स में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 5.52 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी**

जिला संवाददाता




रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयासों से रायबरेली की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एम्स रायबरेली में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के विकास एवं निर्माण कार्य के लिए 5 करोड़ 52 लाख से अधिक की धनराशि जारी की गई है। दशहरा और दीपावली से पूर्व इसे जनपद के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

सदर विधायक अदिति सिंह ने बताया कि कुछ समय पूर्व उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा जी से इस परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की थी। अब परियोजना के लिए धनराशि जारी होने से इसके विकास एवं निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण से गंभीर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस सुविधा के विकसित होने से रायबरेली और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि रायबरेली की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। जनपद के विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि एम्स रायबरेली में क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण गंभीर मरीजों के उपचार की सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायक होगा। उन्होंने जनता के सहयोग और विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली के विकास और जनसेवा का संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

# श्रीराम के वन प्रस्थान का दृश्य देख नम हुईं श्रद्धालुओं की आंखें



**महराजगंज, रायबरेली।** श्री दानेश्वर धाम नव दुर्गा पूजा समिति की ओर से दानेश्वर धाम परिसर में आयोजित रामलीला में अयोध्या से आए श्री रामलला हनुमत आदर्श रामलीला मंडल द्वारा कैकेयी-मंथरा संवाद, दशरथ-कैकेयी संवाद और श्रीराम वन गमन की मार्मिक लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। लीला के दौरान मंथरा के बहकावे में आकर महारानी कैकेयी द्वारा राजा दशरथ से दो वरदान मांगने और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास देने के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने पिता के वचन की मयार्दा बनाए रखने के लिए सहर्ष वन जाने का निर्णय लिया। वहीं, पुत्र वियोग की कल्पना से व्याकुल राजा दशरथ की विवशता और माता कौशल्या सहित अयोध्यावासियों का करुण विलाप देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। श्रीराम के राजमहल छोड़कर वन की ओर प्रस्थान करने के दृश्य ने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों से रामायण के इस मार्मिक प्रसंग को जीवंत कर दिया। उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भगवान श्रीराम की पावन लीला के साक्षी बने। मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, बछरावा चेयरमैन शिवेंद्र रामजी, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, प्रबंधक ज्ञानप्रकाश जायसवाल, सुधा अवस्थी, सूर्यप्रकाश वर्मा, पवन साहू, नितिन त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, अनुराग अग्रहरी, पवन रस्तोगी, संदीप वैश्य, मुकेश मोदनवाल, राजेश सोनी, सचिन मौर्या, राजीव रस्तोगी, के के जायसवाल, लल्लन वर्मा, धनश्याम चौरसिया सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## यूनिवर्सिटी में कुलसचिव के खिलाफ भड़की फैकल्टी, 7 दिन में लिखित माफी की मांग




सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में प्रशासनिक व्यवस्था और डॉक्टरों के बीच खींचतान एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। फैकल्टी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज ने कुलसचिव डॉ. दीपक वर्मा के कथित अमर्यादित व्यवहार और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कुलपति डॉ. अजय सिंह को शिकायती पत्र सौंपा है। एसोसिएशन ने कुलसचिव पर वरिष्ठ संकाय सदस्यों और महिला प्रोफेसरों के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सात दिनों के भीतर बिना शर्त लिखित माफी की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित अवधि में माफी नहीं मांगी गई तो मामले को उच्च स्तर पर उठाने के साथ ही प्रशासनिक व कानूनी कदम उठाए जाएंगे। विवाद की शुरूआत बीते 26 सितंबर को नेशनल मेडिकल काउंसिल के निरीक्षण को लेकर जारी किए गए उस प्रशासनिक आदेश से हुई थी, जिसके तहत पीजी सीटों के निरीक्षण के दृष्टिगत संबंधित विभागों के संकाय सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार के अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए थे और बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई थी। इसी आदेश और कार्यस्थल पर प्रशासनिक हस्तक्षेप को लेकर शनिवार को फैकल्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ऐरी एवं सचिव डॉ. राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में 60 से 70 संकाय सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. अजय सिंह से मिलने उनके कार्यालय पहुंचा था। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रतिनिधिमंडल पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने गया था और उस बैठक में कुलसचिव डॉ. दीपक वर्मा को आमंत्रित नहीं किया गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद कुलसचिव ने संकाय सदस्यों के जमावड़े के बीच हस्तक्षेप करते हुए वरिष्ठ शिक्षकों और महिला प्रोफेसरों के प्रति कथित तौर पर अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिससे वहां गहमागहमी का माहौल बन गया।

## डेंगू ने कस्बे में दस्तक दी, नगर में दहशत



भरथना, इटावा। बीते दिनों जानलेवा घातक बीमारी डेंगू ने दस्तक देकर मुहल्ला बृजराज नगर में दहशत फैला दी है। जिसकी चपेट में आकर मुहल्ला के एक रिटायर्ड फौजी राकेश कुमार (55 वर्ष) पुत्र देव सिंह गम्भीर रूप से बीमार हो गए हैं। जिनकी जांच उपरान्त उन्हें उच्च इलाज के लिए कानपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जबकि उनकी पत्नी रेखा देवी (50 वर्ष), बेटा प्रभात कुमार (21 वर्ष), बेटी सोनम (19 वर्ष) बुखार से पीड़ित इलाज को मजबूर बने हुए हैं। वहीं इसी मुहल्ला निवासी लक्ष्मी देवी (40 वर्ष) पत्नी स्व. संजीव कुमार, उनकी 9 वर्षीय बेटी दिव्यांशी के अलावा अर्चना कश्यप (27 वर्ष) पत्नी दीपू कश्यप और उनकी 5 वर्षीय बेटी गौरी व ढाई वर्षीय मासूम हर्षता और सुधा (15 वर्ष) पुत्री मूलचंद्र कश्यप भी बुखार की चपेट में बनी हुई हैं। डेंगू और बुखार पीड़ितों ने बताया कि मच्छरजनित विभिन्न बीमारियों के जन्म लेने से हम लोग बेहद परेशानियों का सामना कर रहे हैं। मुहल्ला बृजराज नगर में कुल चार घरों में 9 सदस्य डेंगू, बुखार, वायरल फीवर, खांसी-जुकाम आदि के चपेट में आ चुके हैं। वार्ड सभासद प्रतिनिधि शिवराम सिंह यादव ने प्रशासन से उक्त मुहल्ला में स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम भेजकर पीड़ित मरीजों का इलाज कराए जाने और डेंगू मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के लिए कीटनाशक दवाइयों का नियमित छिड़काव कराए जाने की मांग की है। शिवराम सिंह यादव ने प्रशासन से नगर क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा गौवंशों को भी सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित कराने की मांग की है, ताकि नगर की सड़कों-गलियों में उनके गोबर से गंदगी न फैल सके।

## स्कूल में मना नवरात्र

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में दशहरा अवकाश से पूर्व नवरात्रि एवं दशहरा का पर्व भक्ति, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने मां दुर्गा एवं राम दरबार में माल्यार्पण कर किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रामायण के प्रमुख पात्रों राम के रूप में अमृतेश, लक्ष्मण के रूप में शाश्वत, सीता के रूप में अरुनिमा, हनुमान के रूप में कुशाग्र तथा मां दुर्गा के रूप में अदिति ने सजीव रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों के गीतों और नृत्यों ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दादा-दादी द्वारा प्रस्तुत डांडिया नृत्य रहा, उनकी उत्साहपूर्ण प्रस्तुति ने पीढ़ियों के बीच प्रेम, अपनत्व तथा सांस्कृतिक जुड़ाव का संदेश देते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के अंत में रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि और दशहरा हमें सत्य, धर्म, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामकिशोर एवं अनुपमा के साथ छात्रा तवी, अन्वी, कुशाग्र और सत्यार्थ ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता, शिवलखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, अजय सिंह, शाहीन खान, शुभी, मिन्जा, श्वेतांजलि, रश्मि, अम्बुजा, रामदेव, शशींद्र, अभिषेक, धर्मेंद्र, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नौ देवी के स्वरूप में सजीं कन्याओं की झांकी निकली



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज क्षेत्र के सुदनापुर बाजार में दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। रविवार को नौ देवी के स्वरूप में सजी कन्याओं ने आकर्षक झांकी के माध्यम से श्रद्धालुओं को दर्शन दिए। कन्याओं की मनमोहक रूप-सज्जा और आकर्षक वेशभूषा देखने के लिए बाजार में लोगों की भीड़ जुटी रही। दुर्गापूजा समितियों की ओर से कन्याओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। मून लाइट मेकअप स्टूडियो की ओर से तैयार की गई झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की। सुदनापुर बाजार में हर वर्ष दुर्गापूजा पर विभिन्न समितियों की ओर से आकर्षक पंडाल सजाए जाते हैं, जहां आसपास के गांवों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। महोत्सव को लेकर बाजार में धार्मिक उत्साह बना हुआ है।

## दुर्गा पूजा में सहयोग करेगा व्यापार मंडल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मिश्रौली चैराहे पर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बाबा संदीप श्रीवास्तव की उपस्थिति में व्यापारियों की समस्याओं और आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने पर चर्चा हुई। बैठक में गोसाईंगंज की नाली सफाई का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बाबा संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि एकजुट होकर संघर्ष करने से व्यापारियों को अधिकार मिलेगा और सरकार उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। वहीं, मिश्रौली अध्यक्ष डॉ. नसीब खान ने समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन ने दुर्गा पूजा में प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अर्टिगा कार व स्कूटी में जोरदार भिड़ंत, दो लोगों की मौत

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में रायबरेली रोड स्थित कुरावां मोड़ के पास अर्टिगा कार और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को हालत गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर किया था। मगर लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुराकलंदर थाना क्षेत्र के साखूपारा भांभा गांव निवासी 55 वर्षीय रामू रावत पुत्र स्वर्गीय राम खेलावन और 45 वर्षीय राजदेव यादव पुत्र स्वर्गीय राम आसरे के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरावां मोड़ के पास प्रभात नगर क्षेत्र स्थित बालासराय तेलियागढ़ पेट्रोल पंप के पास अर्टिगा कार और स्कूटी की भिड़ंत के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में स्कूटी सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल रामू रावत को उनके पोते अमरेश ने जिप अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण के बाद उनको मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल राजदेव को उनका भतीजा विशाल लेकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचा तो परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसको लेकर लखनऊ जा रहे थे कि अहमदपुर टोल प्लाजा के पास घायल ने दम तोड़ दिया। वापस जिला अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवाया। दोनों शवों के पोस्टमार्टम और अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है।

# 24 को मोना आयेंगी रामपुर खास, स्वागत की तैयारी





प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के पहली बार क्षेत्र आगमन को लेकर रविवार से तैयारियों को लेकर कांग्रेसियों का उत्साह झलका। पीसीसी अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना आगामी चौबीस अक्टूबर को रामपुर खास आयेंगी। अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन को लेकर रविवार को स्थानीय कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं ने बैठक कर स्वागत की तैयारियों को लेकर मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कार्यकताओं को बताया कि पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष मोना चौबीस अक्टूबर को दिन में ग्यारह बजे क्षेत्र के अगई मोड़ पहुंचेंगी। अगई मोड़ से रानीगंज कैथौला बाजार, रायपुर तियाई, नया का पुरवा, मेढ़ावां, वर्मा नगर में वह कार्यकताओं व समर्थकों से मुलाकात करेंगी। दिन में एक बजे लालगंज बाजार के चौक पर वह राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ पार्टी द्वारा आयोजित स्वागत को लेकर जनसभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद वह बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगी। बैठक में प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष के पहले क्षेत्र पहुंचने पर जगह जगह स्वागत की तैयारियों को लेकर प्रबंधों की समीक्षा की। मोना के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहले आगमन को लेकर रामपुर संग्रामगढ़ तथा सांगीपुर में भी कार्यकताओं द्वारा स्वागत की बड़ी तैयारियां शुरू देखी जा रही है। बैठक में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, दगपाल यादव, लालजी यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, रामकृपाल पासी, ददन सिंह, रघुनाथ सरोज, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, उदयशंकर दुबे, जयप्रकाश जायसवाल, शत्रुघ्न शुक्ल, त्रिभू तिवारी, अभिनव शुक्ल, छोटे लाल सरोज, हृदयनारायण मिश्र, सत्येन्द्र सिंह, छोटे सिंह, अभिषेक तिवारी, नागेन्द्र सिंह, शशीन्द्र शुक्ला, भइयाराम तिवारी, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह आदि रहे।

## मंदबुद्धि युवक की पिटाई का आरोप कोटेदार समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर-अयोध्या। खंडासा बाजार में एक मंदबुद्धि युवक की कथित पिटाई का मामला सामने आया है। साइकिल में बाइक की टक्कर लगने के बाद शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि कोटेदार विजय कुमार कौशल ने अपने चार पुत्रों के साथ मिलकर युवक की पिटाई कर दी। बेटे के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे पिता को भी आरोपियों ने जमकर पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बेटे मनीष की साइकिल में एक बाइक से टक्कर लग गई थी। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर कोटेदार विजय कुमार कौशल अपने पुत्रों के साथ मौके पर पहुंचे और मनीष के साथ मारपीट करने लगे। बेटे के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर जब पिता पूछताछ करने पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

## जिला सहकारी बैंक का ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण योगदान : राठौर



रायबरेली। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, रायबरेली की 97वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक राणा बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जे.पी.एस. राठौर, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उत्तर प्रदेश सरकार तथा विशिष्ट अतिथि मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहे। बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बैंक की उपलब्धियों एवं भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि सहकारिता विभाग में पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद की 185 सहकारी समितियों में कंप्यूटरीकरण का कार्य प्रगति पर है। सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत रायबरेली एवं अमेठी जनपदों में कुल 1,13,558 नए सदस्य बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से ?245.99 करोड़ की धनराशि जमा हुई है। बैंक द्वारा किसानों को वर्ष 2025-26 में ?225 करोड़ का ऋण वितरित किया गया है तथा मार्च 2027 तक ऋण वितरण को ?300 करोड़ से अधिक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैंक की वित्तीय स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2022-23 में बैंक की लाभ प्रदता ?55.45 लाख थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर ?351.71 लाख हो गई। बैंक द्वारा आगामी वर्षों के लिए ?1,000 करोड़ की ऋण स्वीकृति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषि कार्यों हेतु ऋण वितरण एवं उर्वरक वितरण में 25 प्रतिशत वृद्धि के लिए भी कार्ययोजना तैयार की गई है।

# 163 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ



अयोध्या। कहीं वैदिक मंत्रों की गूंज, कहीं मंगलगीतों की मधुर धुन और कहीं अपनों के आशीर्वाद से नम होती आंखें। पूरा बाजार ब्लॉक मुख्यालय रविवार को उस भावुक पल का साक्षी बना, जब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 163 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधकर जीवन की नई राह पर आगे बढ़े। समारोह में दो मुस्लिम जोड़ों का निकाह उनकी धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। एक ही आयोजन में अलग-अलग परंपराओं के बीच विवाह की खुशियों ने सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का संदेश दियज्ञं नवविवाहित जोड़ों के चेहरों पर नए जीवन के सपने थे तो परिजनों की आंखों में खुशी और संतोष की चमक। विवाह की रस्मों के बीच जब वर-वधू ने एक-दूसरे का हाथ थामा, तो उनके साथ आए परिवारों ने भी इस नई शुरूआत को आशीर्वाद दिया। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा महानगर महामंत्री शिवेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवदंपतियों को शुभाशीष देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से सरकार जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग उपलब्ध करा रही है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के लिए एक लाख रुपये की सहायता का विवरण दिया गया। इसमें कन्या के बैंक खाते में सीधे 64 हजार रुपये, विवाह के उपरांत उपहार एवं सामग्री 21 हजार रुपये तथा विवाह आयोजन पर 15 हजार रुपये शामिल हैं। इस सहायता से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के खर्च में राहत मिलती है और बेटियों के नए जीवन की शुरूआत में सहयोग मिलता ळें विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल विवाह संपन्न कराने का माध्यम नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के सम्मान और बेटियों के बेहतर भविष्य से जुड़ी पहल है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी परिवार की खुशियां अधूरी न रहें, इसके लिए सरकार सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने नवदंपतियों से आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान के साथ गृहस्थ जीवन को आगे बढ़ाने की अपील की।

## अष्टमी पर जगह - जगह हुआ कन्या पूजन



प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को लेकर मंदिरों तथा पांडालों में कन्या पूजन के साथ देवी आराधना में भक्तों को निहाल देखा गया। वहीं घरों में भी कन्या पूजन के साथ प्रसाद वितरण में श्रद्धालु भक्तिभाव में दिखे। कोतवाली के हरिहर मंदिरम में सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन हुआ। वहीं नगर के सांगीपुर वार्ड में विद्या मंदिर रोड पर भी कन्या पूजन व भण्डारे का आयोजन हुआ। इसका संयोजन किरन शुक्ला तथा शिखा शुक्ला ने किया। इस मौके पर संजना, चाहत, गार्गी, किट्टू, कुणाल आदि रहे। वहीं अष्टमी को लेकर लालगंज के परमानंद आश्रम, बाजार खास, कालाकांकर रोड, खालसा तिराहे आदि स्थानों पर भी देवी भक्ति संगीत के आयोजनों में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। सिद्ध पीठ इनहन भवानी धाम तथा मां चतुर्भुजी देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने मां को अष्टमी पर नारियल, फूल तथा रक्षा सूत्र अर्पित किया। अष्टमी को लेकर बाजारों में चहल पहल भी देखी गयी। नवरात्रि को लेकर बढ़ी भीड़ को देखते हुये पुलिस व प्रशासन को भी जगह जगह मुश्तैद देखा गया।

## गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास पसियापारा के निकट गन्ने के खेत में बखेड़ू निवासी निवासी कोहरा थाना का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय कुमार गौतम मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। इस दौरान दोस्तपुर थाना प्रभारी नारद मुनि तथा अखंडनगर थाना प्रभारी धीरेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे। सुलतानपुर जिले की फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाए। मृतक ग्रामीण इलाकों में आयुर्वेदिक दवा बेचने का कार्य करता था और घर-घर जाकर ग्रामीणों में दवा देता था। मृतक की पुत्री अंशिका गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई है। तहरीर के अनुसार, 18 अक्टूबर की सुबह परिवार को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके पिता का शव पसियापारा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से करीब 100 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में पड़ा है। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, मृतक के परिवार में पत्नी सावित्री और आठ पुत्रियां हैं। उनका 22 वर्षीय बेटा सुमित मुंबई में काम करता है। पिता की मौत से

# ममता तृणमूल ने बंगाल के सीएम पर साधा निशाना

## दुर्गा पूजा पंडाल भगदड़ : पुलिस बल की कमी और आपातकालीन व्यवस्थाओं का न होना जिम्मेदार

एजेंसी

**कोलकाता।** ममता तृणमूल कांग्रेस ने एक दुर्गा पूजा पंडाल में मची भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो जाने को लेकर रविवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और कोलकाता पुलिस पर तीखा हमला बोला तथा मुख्यमंत्री के भतीजे देबदीप अधिकारी के नाम का जिक्र किया, जो चोरबागान सर्वजनिन दुर्गोत्सव समिति के कथित तौर पर मुख्य कर्ता-धर्ता हैं।

विपक्षी दल ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि शनिवार शाम चोरबागान के प्रसिद्ध पंडाल में हुई इस त्रासदी के लिए भीड़ को नियंत्रित करने की लचर व्यवस्था, पुलिस बल की कमी और आपातकालीन व्यवस्थाओं का न होना जिम्मेदार है। ममता तृणमूल ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट साझा



करते हुए आरोप लगाया कि जब हालात बेकाबू हुए, उस समय मौके पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी, नागरिक स्वयंसेवी या एम्बुलेंस मौजूद नहीं थीं। पार्टी ने स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों का हवाला देते हुए सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक ढिलाई पर सवाल उठाए।

ममता तृणमूल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से किये गए पोस्ट में, कथित लापरवाही को लेकर कोलकाता पुलिस पर निशाना साधते हुए सवाल किया, जब लोगों को आपकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाएं कहां थीं? पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी पूजा आयोजन समिति में मुख्यमंत्री के भतीजे की कथित संलिप्तता पर सवाल खड़े किए और सरकार से जवाबदेही की मांग की।

समिति के पदाधिकारियों की सूची का हवाला देते हुए उन्होंने पूछा शुभेंदु बाबू, आप दोषी भतीजे को जेल कब भेजेंगे? अपने दावे के समर्थन में पार्टी ने चोरबागान पूजा समिति की प्रचार सामग्री साझा की, जिसमें देबदीप अधिकारी को मुख्य कर्ता-धर्ता, स्थानीय जोरासांको निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक विजय ओझा को समिति का अध्यक्ष और भाजपा के उत्तर कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघना घोष को मुख्य सलाहकार बताया गया है। पार्टी ने इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

### चोरबागान दुर्गा पूजा घटना में होमगार्ड की भूमिका जांच के घेरे में: शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता के एक दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ के दौरान ड्यूटी पर तैनात अस्थायी होमगार्ड की भूमिका की जांच करने के रविवार को निर्देश दिए। शनिवार को हुई भगदड़ में 19 लोगों की मौत हो गई थी। पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि उनका प्रशासन पिछली सरकार द्वारा की गई गलतियों को ढो रहा है। शनिवार शाम बारिश के बीच भीड़ बढ़ने से उत्तर कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ मच गई थी, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने भगदड़ में भूमिका की जांच के लिए पूजा पंडाल में ड्यूटी पर तैनात अस्थायी होमगार्ड के नामों की सूची मांगी है। उन्होंने कहा, ये होमगार्ड नए भर्ती किए गए कर्मी नहीं हैं। वे लगातार तीसरे साल ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें इससे पहले 2024 और 2025 में नियुक्त किया गया था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, हम पूर्ववर्ती सरकार की गलतियों का बोझ ढो रहे हैं। इसे सुधारने में समय लगेगा। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह पंडाल में उन्होंने एक होमगार्ड से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह बांग्ला समझ भी नहीं सकता था, बोलना तो दूर की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा, घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस हादसे को लेकर मेरी राय बदल गई। पहले मुझे जो जानकारी दी गई थी, उससे घटनास्थल पर स्थिति अलग थी। हादसा पंडाल के अंदर नहीं, बल्कि प्रवेश और निकास के लिए इस्तेमाल होने वाले साझा द्वार पर हुआ।

# विपक्ष की निम्न स्तर की हरकतें मोदी के नेतृत्व की आवश्यकता को और पुख्ता करती हैं : कंगना

एजेंसी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत ने सत्ता परिवर्तन को लेकर टिप्पणी करने वाले विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि उनकी ओछी हरकतें देश को यह बार-बार याद दिलाती हैं कि देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की कितनी सख्त जरूरत है। यहां स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में रनौत ने फ्रांस में हाल में फैली अशांति और दुनिया भर में जारी संघर्षों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के लिए प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व को और भी जरूरी बनाती हैं।

सत्ता परिवर्तन को लेकर विपक्ष की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने दावा किया, 'इस तरह की गिरी



हुई हरकतें देश को बार-बार याद दिला रही हैं कि मजबूत नेतृत्व जरूरी है। आपने देखा कि कल रात फ्रांस में क्या हुआ। हर जगह आग लगा दी गई, ऐतिहासिक इमारतों को नष्ट कर दिया गया और लूटपाट हुई। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बीच वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण की सत्ता परिवर्तन संबंधी टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना हो रही है।

इस सप्ताह की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन के दौरान भूषण ने कहा था कि किसी लोकतंत्र में सरकार के खिलाफ असंतोष अपराध नहीं है और अब संघर्ष वास्तव में सत्ता परिवर्तन के लिए है। भाजपा के कई नेताओं ने इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

रनौत ने कहा तीसरे विश्व युद्ध की संभावनाओं को लेकर दुनिया में जो स्थिति बनी हुई है, उसे हर कोई देख रहा है। विपक्ष हर दिन यह दिखा रहा है कि भारत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा क्यों है।

मंडी की सांसद ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ के कारण 19 लोगों की मौत पर शोक जताया। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद बताया और त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की अपील की।

## संक्षेप

### भारत में सरकारें वोट की ताकत से चुनी व बदली जाती है, गोलियों की धमकी से नहीं : नकवी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को विपक्ष पर सत्ता परिवर्तन की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि भारत में सरकारें वोट की ताकत से चुनी व बदली जाती हैं, न कि गोलियों की धमकी से। नकवी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि कुछ राजनीतिक दलों पर सत्ता परिवर्तन का जुनून सवार है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 1975-77 के आपातकाल के दौरान के अत्याचारों के दौर को छोड़ दें, तो 18 आम चुनावों और सैकड़ों विधानसभा, पंचायत तथा स्थानीय निकाय चुनावों में लोगों ने अपने जनादेश की ताकत के रूप में मतपत्र को चुना, न कि गोलियों को नकवी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की कोशिश करने वालों को याद रखना चाहिए कि भारत में सरकारें वोट की ताकत से चुनी और बदली जाती हैं, न कि गोलियों की धमकी से। उन्होंने कहा, 'आज भी चुनावों के जरिए जनता का जनादेश हमारे जीवंत लोकतंत्र का जुनून और भावना है और यह अब भी मजबूत तथा कायम है। इससे पहले, पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की आलोचना करते हुए कहा था कि विपक्ष बांग्लादेश की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन करना चाहता है और युवाओं की ऊर्जा का इस्तेमाल अराजकता फैलाने के लिए कर रहा है।

## शबरिमला मंदिर के नये मुख्य पुजारी चुने गये शंकरन नंबूदरी

**पथनमथिट्ठा (केरलम)।** वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा सत्र की शुरुआत से कुछ हफ्ते पहले रविवार को अरीक्कारा सुब्रमण्यम शंकरन नंबूदरी को शबरिमला भगवान अयप्पा मंदिर के नए मेलशांति (मुख्य पुजारी) के रूप में चुना गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शबरिमला मंदिर से करीब 100 मीटर दूर स्थित मलिकप्पुरम देवी मंदिर के नए मुख्य पुजारी के रूप में ए. दामोदरन नंबूदरी को चुना गया है। अधिकारियों के अनुसार, सुबह की पूजा के बाद पर्ची निकालकर चयन किया गया। शबरिमला मंदिर के मुख्य पुजारी पद के लिए सात नामों पर विचार किया गया था। तिरुवनंतपुरम निवासी शंकरन नंबूदरी वर्तमान में राज्य की राजधानी स्थित पझावंगडी गणपति मंदिर के मुख्य पुजारी हैं। कोझीकोड जिले के वडकरा के रहने वाले दामोदरन नंबूदरी वर्तमान में पय्योली के कीझूर स्थित भगवान शिव मंदिर के मुख्य पुजारी हैं। दोनों 16 नवंबर को एक साल के लिए कार्यभार संभालेंगे। इसके एक दिन बाद मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा सत्र के लिए शबरिमला मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। शंकरन नंबूदरी ने पत्रकारों से बातचीत में अपने चयन पर खुशी जताई और कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि इस बार उनका चयन होगा।

## इमरान खान को प्रदर्शन में शामिल नहीं होना चाहिए था

### चिराग पासवान ने लोकसभा में राहुल गांधी की भी आलोचना की

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं और उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ प्रदर्शनों से दूर रहना चाहिए था।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख पासवान ने इन प्रदर्शनों को विदेशी ताकतों के समर्थन से अराजकता फैलाने की कोशिश बताया। पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि राहुल



गोवा में अपने राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ में 19 लोगों की मौत के बाद शहर में अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर संवेदनशीलता दिखाई। हाजीपुर के सांसद पासवान से इमरान खान को जारी किए गए भारत छोड़ने के नोटिस के बारे में सवाल पूछा गया था।

ओसीआई कार्डधारक खान पर विदेशी नागरिक अधिनियम के उल्लंघन का आरोप है। चिराग पासवान ने कहा, मुझे अभिनेता (इमरान) और उनका काम पसंद है, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए था कि इतने लंबे समय तक भारत में काम करने भर से वह भारतीय नागरिक नहीं बन गए। अगर देश के नागरिक यहां विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेते हैं, तो मैं इसका सम्मान करता हूं। लेकिन विदेशी नागरिक ऐसा करते हैं, तो यह चिंता का विषय है।

## राहुल गांधी गोवा में कांग्रेस की गोय राखण यात्रा में शामिल हुए

**पणजी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को मडगांव में पार्टी की गोय राखण यात्रा में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं तथा नेताओं के साथ दो किलोमीटर पैदल चले। राहुल गांधी जनसंपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अपराह्न डाबोलिम हवाई अड्डे पहुंचे।



बाद में वह मडगांव क्रिकेट क्लब (एमसीसी) मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस यात्रा में गांधी के साथ एआईसीसी के गोवा प्रभारी माणिकराव ठाकरे, सह-प्रभारी डॉ. अंजलि निंबालकर, विधानसभा में विपक्ष के नेता यूरी आलेमाओ और गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडणकर सहित अन्य नेता भी शामिल हुए। आलेमाओ और चोडणकर के नेतृत्व में 22 सितंबर से शुरू की गई 27 दिवसीय गोय राखण यात्रा रविवार को संपन्न होगी। यह यात्रा राज्य के सभी 40 विधानसभा क्षेत्रों में निकाली गई। इसका उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले जमीनी स्तर पर कांग्रेस की मौजूदगी को मजबूत करना है।

## अमित शाह ने ग्वालियर मंदिर हादसे पर दुख जताया

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार सुबह उस निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां उत्तरी कोलकाता के एक दुर्गा पूजा पंडाल में मची भगदड़ में घायल हुए 14 लोगों का इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी इस दौरान शाह के साथ थे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि शाह ने चिकित्सकों से बात की और घायलों के इलाज के बारे में जानकारी ली। अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री ने अस्पताल में इलाज करा रहे तीन मरीजों से बातचीत भी की।

उत्तरी कोलकाता के चोरबागान दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार शाम बारिश के बीच अचानक भीड़ बढ़ने से भगदड़ मच गई थी, जिसमें कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। इससे पहले शाह ने रविवार सुबह कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर अस्पताल पहुंचे। पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने इस हादसे के बाद दुर्गा पूजा पंडालों में जाने के अपने निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए थे।

## 10 कंपनियों की पूंजी 3.65 लाख करोड़ बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 3.65 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल और इन्फोसिस सबसे अधिक लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,256.94 अंक यानी 3.11 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 625.7 अंक यानी 2.77 प्रतिशत के लाभ में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस),



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं, लार्सन एंड टुब्रो एकमात्र ऐसी कंपनी रही, जिसके बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 1,08,542.63 करोड़ रुपये बढ़कर 8,91,134.96 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों में यह सबसे बड़ी बढ़त रही। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 61,406.53 करोड़ रुपये बढ़कर 11,88,815.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 55,893.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,71,409.41 करोड़ रुपये हो गई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में 53,047.56 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और यह 16,37,437.19 करोड़ रुपये रहा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 32,379.05 करोड़ रुपये बढ़कर 11,22,628.07 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,769.95 करोड़ रुपये बढ़कर 10,02,871.44 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 14,786.65 करोड़ रुपये बढ़कर 6,11,326.72 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 4,933.50 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,02,204.82 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 3,323.07 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,722.84 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 9,232.26 करोड़ रुपये घटकर 4,99,725.06 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एलआईसी, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस का स्थान रहा।

## इंटरटेनमेंट...

## जेलर 2 ने कमाये 321 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तमिल फिल्मों के जाने माने अभिनेता रजनीकांत अभिनीत जेलर 2 ने रिलीज के शुरुआती तीन दिन में दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 321 करोड़ रुपये की कमाई की है।

फिल्म का निर्देशन नेल्सन दिलीपकुमार ने किया है। दिलीपकुमार ने ही 2023 में रिलीज हुई इसकी पहली फिल्म जेलर का निर्देशन किया था। जेलर 2 बृहस्पतिवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसका निर्माण कलानिधि ने सन पिक्चर्स के बैनर तले किया है। फिल्मों की कमाई पर नजर रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 125.25



करोड़ रुपये, दूसरे दिन 85.4 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 110.35 करोड़ रुपये की कमाई की। भारत में फिल्म की कुल कमाई 169 करोड़ रुपये रही है। जेलर की कहानी रजनीकांत के किरदार मुथुवेल पांडियन के इर्द-गिर्द घूमती है। पांडियन एक सेवानिवृत्त जेलर है, जो नौकरी छोड़ने के बाद अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन बिताता है लेकिन बाद में मूर्ति तस्करी गिरोह की जांच कर रहा उसका ईमानदार पुलिस अधिकारी बेटा लापता हो जाता है और उसे मृत मान लिया जाता है। जेलर 2 में पांडियन को अपने अतीत से जुड़ी घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इस दौरान उसे अपने परिवार की रक्षा करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले एक नए खतरनाक आपराधिक गिरोह का मुकाबला करना पड़ता है। फिल्म में रजनीकांत के अलावा विद्या बालन, एस. जे. सूर्या, राम्या कृष्णन और सूरज वेंजारामूडु भी हैं।

इसके अलावा मोहनलाल, शिव राजकुमार और ज तिक रोशन समेत कई कलाकार विशेष भूमिकाओं में हैं।

## रेड कार्पेट पर प्रियंका चोपड़ा और टेलर स्विफ्ट ने बिखेरा जलवा

**मुम्बई।** एकेडमी म्यूजियम गाला में बॉलीवुड और हॉलीवुड अदाकाराओं ने अपने ग्लैमरस अंदाज से चार चांद जड़ दिए। शनिवार, 17 अक्तूबर को लॉस एंजिल्स में आयोजित छठे एनुअल एकेडमी म्यूजियम गाला में मनोरंजन, फैशन और म्यूजिक की दुनिया की नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। यहां रेड कार्पेट पर प्रियंका चोपड़ा, अनन्या पांडे और टेलर स्विफ्ट का खूबसूरत अंदाज दिखा।

**दमक उठीं देसी गर्ल :** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने इस फैशन इवेंट में शैंपेन-गोल्ड कलर का साटन गाउन पहना। इसमें एक खास ऑफ-शोल्डर नेकलाइन थी। इस 'ट्रेल' वाली गाउन के



साथ प्रियंका ने मैचिंग नेकलेस से अपना लुक कंपलीट किया।

इंटरनेशनल फिल्म और फैशन इवेंट में प्रियंका चोपड़ा रेड कार्पेट पर अक्सर अपने लुक से सुर्खियां बटोरती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही अंदाज उनका नजर आया। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं।

## प्रभास की फिल्म स्पिरिट अगले साल 29 अक्टूबर को रिलीज होगी

**नयी दिल्ली।** अभिनेता प्रभास और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आगामी फिल्म स्पिरिट 29 अक्टूबर 2027 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एनिमल और कबीर सिंह जैसी फिल्में देने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। इस फिल्म में वांगा और डिमरी फिर से साथ काम कर रहे हैं। दोनों ने इससे पहले 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल में साथ काम किया था, जिसमें रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में थे।

वांगा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर स्पिरिट का पोस्टर साझा करते हुए इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा की। पोस्टर में प्रभास नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, स्पिरिट दिवाली पर 29 अक्टूबर 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्पिरिट का निर्माण भूषण कुमार की कंपनी टी-सीरीज और वांगा की कंपनी भद्रकाली पिक्चर्स ने किया है।



यह प्रभास और डिमरी की एक साथ पहली फिल्म है। स्पिरिट में प्रभास एक सख्त और आक्रामक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। खबरों के अनुसार, पहले इस फिल्म में दीपिका पादुकोण को लिया गया था, लेकिन बाद में कुछ मतभेदों के कारण वह फिल्म से अलग हो गईं। इन मतभेदों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। डिमरी के फिल्म में शामिल होने की घोषणा 2025 में की गई थी।

## अभिनेत्री कंगना रनौत ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का समर्थन किया

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का समर्थन करते हुए कहा कि राजनीतिक विचार अलग होने के बावजूद उनका मानना है कि टीआरपी के लिए किसी महिला की छवि खराब नहीं की जानी चाहिए। राठौर और रनौत के बीच अक्सर वैचारिक मतभेद सामने आते रहे हैं। राठौर अपने व्यंज्ञात्मक लोकगीतों के जरिए राजनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी करती हैं और अक्सर भाजपा को निशाना बनाती हैं। हाल ही में एक समाचार चैनल ने राठौर के लिए कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए एक खबर प्रसारित की थी। गायिका ने आरोप लगाया कि चैनल ने उन्हें यौनकर्मी के रूप में पेश करके उनकी छवि खराब करने की कोशिश की। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट किया और रनौत से पूछा कि क्या वह इस मामले पर कुछ कहना चाहेंगी।

राठौर ने पोस्ट में लिखा, कंगना रनौत जी, आपकी तरह मैं भी इस देश की बेटी हूं। हालांकि आपकी और मेरी विचारधारा में फर्क है, लेकिन यह फर्क हम दोनों के महिला



होने के साझा सच को नहीं बदल सकता। एक चैनल ने जान-बूझकर मेरे खिलाफ फर्जी खबर चलाई और मुझे वेश्या कहा। यह झूठी खबर पूरे देश ने देखी और मेरा सम्मान आहत हुआ। उन्होंने कहा, आपके परिवार में भी आपकी बहनें होंगीउ बच्चियां होंगीउ क्या आपको उनके लिए डर नहीं लगता? क्या आपको इस बदमाशी पर कुछ भी नहीं कहना है? रनौत ने इसके जवाब में एक पोस्ट में कहा कि टीआरपी के लिए किसी महिला की बदनामी करना बेहद घृणित है। उन्होंने कहा कि चैनल के प्रमुख को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com